माघ कृष्ण पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

हल्द्वानी
शुक्रवार, 2 फरवरी 2024
वर्ष 3, अंक 350, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

बजट 2024

लोकलुभावन घोषणाओं से दूर, सुधारों पर जोर

आस का बजट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अगले वित्त वर्ष के लिए सुधारों को आगे बढ़ाने वाला अंतरिम बजट पेश किया, जिसमें लोकलुभावन घोषणाओं से परहेज किया गया। उन्होंने वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए एक तरफ जहां आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए पूंजीगत व्यय 11 प्रतिशत बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव दिया है, वहीं चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को संशोधित कर इसे जीडीपी का 5.8 प्रतिशत कर दिया है। कुल 47.66 लाख करोड़ रुपये के व्यय का बजट पेश किया गया। इससे पहले सभापति जगदीप धनखड़ ने दोपहर बाद सदन की कार्यवाही शुरु करते हुए अंतरिम बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री का नाम पुकारा। इसके बाद सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया। उन्होंने राजकोषीय नीति 2024-25 को भी सदन के पटल पर रखा।

सरकार सुधार, प्रदर्शन और बदलाव के सिद्धांत पर अग्रसर: निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

सीतारमण ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर कोई राहत नहीं दी। हालांकि 25,000 रुपये तक के छोटी राशि के कर मांग को लेकर विवाद से आम लोगों को राहत देने का प्रस्ताव किया। एक घंटे से भी कम समय के अपने बजट भाषण में उन्होंने पिछले 10 साल में सरकार की उन उपलब्धियों को रखा, जिससे देश 'नाजुक अर्थव्यवस्था' की श्रेणी से बाहर निकल कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। बजट में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय 11.11 लाख करोड़ रखा गया। वहीं, चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा 5.9 प्रतिशत से घटाकर 5.8 प्रतिशत रहने का संशोधित अनुमान है। राजकोषीय घाटा अगले वित्त वर्ष में 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

वित्तमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले की हर चुनौती को आर्थिक प्रबंधन और बेहतर राजकाज के माध्यम से दूर किया गया जा चुका है। सीतारमण ने यह भी कहा कि सरकार अपने जुलाई के बजट में भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए विस्तृत रूपरेखा पेश करेगी। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में कहा, सुधार, प्रदर्शन और बदलाव के सिद्धांत के आधार पर सरकार अगली पीढ़ी के सुधारों को आगे बढ़ाएगी और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्यों तथा संबंधित पक्षों के साथ आम सहमति बनाएगी। चालू वित्त वर्ष के लिए कुल प्राप्तियां 30.03 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। यह बजट अनुमान से अधिक है। यह अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शाता है। सीतारमण ने कहा, 'हम राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। हमने राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य रखा है और इस पर आगे बढ़ रहे हैं।

11.11 लाख करोड़ रुपये रखा गया बजट में पूंजीगत व्यय

5.1% रहने का अनुमान है राजकोषीय घाटा अगले वित्त वर्ष में

4.5% पर राजकोषीय घाटे को लाने का रखा है लक्ष्य

गुरुवार को नई दिल्ली में अंतरिम बजट 2024 पेश करने से पहले वित्त मंत्रालय के बाहर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, राज्य मंत्री भागवत किशनराव कराड और पंकज चौधरी और अन्य अधिकारियों के साथ तस्वीरें खिंचवाते हुए। ● एजेंसी

ये बजट युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब

इस बजट में युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। बजट में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। अनुसंधान और नवाचार पर 1 लाख करोड़ का फंड बनाने की घोषणा की गई है, बजट में स्टार्टअप को मिलने वाले टैक्स छूट के विस्तार का भी एलान किया गया है। इसमें राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए पूंजीगत व्यय को 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ रुपये की ऐतिहासिक ऊंचाई दी गई है।

– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

आयकर स्लैब की दरों में नहीं किया बदलाव

नई दिल्ली। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट भाषण में कहा कि आयात शुल्क समेत प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसका मतलब है कि आयकर स्लैब की दरें पहले की तरह बनी रहेगी। दोनों कर व्यवस्था में कर राहत दी गई है। नई कर व्यवस्था के तहत आयकर कानून की धारा 87ए के तहत सात लाख रुपये तक की आय वाले व्यक्ति कर छूट के पात्र होंगे। वहीं पुरानी व्यवस्था के तहत कर का भुगतान करने वालों के लिए छूट की सीमा पांच लाख रुपये बनी हुई है।



फसल संबंधी गतिविधियों में निवेश को बढ़ावा देगी सरकार

सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए नए कदम उठा रही है और अब उसकी योजना फसल कटाई के बाद की गतिविधियों को बढ़ावा देने के वास्ते निजी तथा सार्वजनिक निवेश पर ध्यान केंद्रित करना है। किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास तेज किए जाएंगे और इसके तहत खाद्य प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

स्टार्टअप निवेश पर कर प्रोत्साहन को एक साल के लिए बढ़ाया

अंतरिम बजट में स्टार्टअप और सरकारी संपत्ति कोष अथवा पेंशन कोष द्वारा किए गए निवेश पर कर प्रोत्साहन को मार्च, 2025 तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि स्टार्टअप और सरकारी संपत्ति कोष अथवा पेंशन कोष द्वारा किए गए निवेश के लिए कुछ कर लाभ और साथ ही कुछ आईएफएससी (अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र) इकाइयों की कुछ आय पर कर छूट 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो रही है।

सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए टीकाकरण को बढ़ावा

सरकार सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 9 से 14 वर्ष के आयु वर्ग की लड़कियों के टीकाकरण को प्रोत्साहित करेगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में केंद्रीय अंतरिम बजट 2024-2025 पेश करते हुए यह घोषणा की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पिछले महीने कहा था कि वह देश में सर्वाइकल कैंसर के मामलों पर बारीकी से नजर रख रहा है और राज्यों तथा विभिन्न स्वास्थ्य विभागों के साथ नियमित संपर्क में है।

सरकार का फोकस... गरीब महिला, युवा और अन्नदाता पर

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार चार प्रमुख जातियों- गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता के विकास पर ध्यान केंद्रित करने पर विश्वास करती है। सीतारमण ने कहा कि उनकी आवश्यकताएं, उनकी आकांक्षाएं और उनका कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति तब होती है, जब इन चारों जातियों से जुड़े लोग प्रगति करते हैं। इन चारों जातियों के लोगों को अपने जीवन को बेहतर बनाने के प्रयास में सरकारी सहायता की आवश्यकता है और उन्हें सरकारी सहायता मिल भी रही हैं। उन्होंने कहा कि उनके सशक्तीकरण से और उनके कल्याण से देश आगे बढ़ेगा। वित्त मंत्री ने कहा हमारी सरकार के लिए सामाजिक न्याय एक प्रभावी और आवश्यक शासन पद्धति है। भ्रष्टाचार में कमी से पारदर्शिता आई है और सभी पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

इस बार रक्षा क्षेत्र के लिए सबसे अधिक बजट

2024-25 के अंतरिम केंद्रीय बजट में रक्षा खर्च में अन्य मंत्रालयों के मुकाबले सबसे अधिक वृद्धि की गई है। गुरुवार को संसद में पेश किए गए बजट में पिछले साल के 5.95 लाख करोड़ के मुकाबले 4.72 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए इसे 6.21 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। पीआईबी के मुताबिक, यह कुल केंद्रीय बजट का 13.04 प्रतिशत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट में रक्षा बजट का 1.72 लाख करोड़ रुपये सेना पर पूंजीगत खर्च के लिए अलग रखा गया है, जिसमें नए हथियार, विमान, युद्धपोत और अन्य सैन्य हार्डवेयर की खरीद शामिल है।

वंदे भारत की तरह बदले जाएंगे 40 हजार डिब्बे

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 40,000 सामान्य रेल डिब्बों को "वंदे भारत" मानकों के अनुरूप बदला जाएगा और तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने लोकसभा में 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे, जिसके परिणामस्वरूप अधिक यातायात वाले गलियारों में भीड़ कम होने से यात्री ट्रेनों के परिचालन में सुधार लाने में भी मदद मिलेगी और यात्री सुरक्षा एवं यात्रा की रफ्तार बढ़ेगी। वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा कि समर्पित मालभाड़ा गलियारों के साथ-साथ तीन आर्थिक गलियारा कार्यक्रमों से जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) की विकास दर बढ़ेगी तथा रसद व्यवस्था संबंधी लागत में भी कमी आएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे, जिनमें ऊर्जा, खनिज एवं सीमेंट गलियारा, पत्तन संपर्क गलियारा और अधिक यातायात वाले गलियारे शामिल हैं।

मिला तोहफा मध्यम वर्ग के लिए आएगी नई आवास योजना, पीएम ग्रामीण योजना के तहत अब तक दिए गए 3 करोड़ घर

अगले पांच साल में दो करोड़ नए घर देगी सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरिम बजट में अन्य क्षेत्रों की तरह आवासीय क्षेत्र को लेकर भी कई अहम ऐलान हुए हैं। बजट में वित्त मंत्री ने कहा कि मध्यम वर्ग के लोगों को किफायती घर मुहैया कराने के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी।

अंतरिम बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना के विस्तार की घोषणा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना जून 2015 में 'सभी के लिए आवास' के उद्देश्य से शुरू की गई थी। योजना की मौजूदा समय सीमा दिसंबर 2024 को पांच साल तक बढ़ाया गया है। पीएम ग्रामीण योजना के तहत 3 करोड़ घर दिए गए हैं वहीं अगले पांच वर्षों में इसमें 2 करोड़ नए आशियाने बनाए जाएंगे। निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि केंद्र सरकार मध्यम वर्ग को आवास देने के लिए एक योजना शुरू करेगी। सीतारमण ने चुनाव से पहले वित्त वर्ष 2024-25 अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में समावेशी विकास के हिस्से के रूप में हर एक को मकान, पानी, बिजली, रसोई गैस और बैंक खाता उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। सरकार किराये के घर अथवा झुग्गी-बस्ती या चाल और अनधिकृत कालोनियों में रहने वाले मध्यम वर्ग के पात्र लोगों को अपने मकान खरीदने या बनाने में सहायता करने के लिए योजना लाएगी।

वैश्विक महामारी में भी चलती रही योजना

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद इस योजना का कार्यान्वयन जारी रहा और सरकार तीन करोड़ मकानों का लक्ष्य प्राप्त करने के करीब है। उन्होंने कहा कि परिवारों की संख्या में वृद्धि होने से बढ़ी जरूरतों को पूरा करने के लिए अगले पांच वर्षों में दो करोड़ अतिरिक्त मकानों का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी होंगे आयुष्मान भारत के दायरे में



अंतरिम बजट में आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य देखभाल के दायरे में सभी आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लाने की घोषणा की। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक वित्तपोषित स्वास्थ्य बीमा योजना है, जो माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती के लिए प्रतिवर्ष प्रति परिवार पांच लाख रुपये का कवरेज प्रदान करती है। पिछले साल 27 दिसंबर तक इस योजना के दायरे में 12 करोड़ परिवारों के 55 करोड़ लोग थे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को पर्याप्त और समय पर वित्तपोषण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

लोकलुभावन घोषणाओं से परहेज

अंतरिम बजट: जीडीपी यानी गवर्नेंस डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस की झलक

बजट पेश करने के बाद संवाददाता सम्मेलन में राजकोषीय घाटे पर बोलीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह सिर्फ चुनावों से पहले पेश किया गया अंतरिम बजट है। उन्होंने कहा कि इस बजट में देश की जीडीपी (जीडीपी) यानी गवर्नेंस, डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस की जानकारी दी गई है। गवर्नेंस की बात करें तो यह बजट उन क्षेत्रों की ओर हमारा ध्यान खींचता है, जहां हमने विकास किया है।

हमने अर्थव्यवस्था को सही इरादों, सही नीतियों और सही निर्णयों के साथ प्रबंधित किया है। डी यानी डेवलपमेंट की बात करें तो लोग बेहतर ढंग से रह रहे हैं और बेहतर कमाई कर रहे हैं। भविष्य के लिए उनकी उच्च आकांक्षाएं है। वित्तमंत्री ने कि 'पी' यानी परफॉर्मेंस की बात करें तो लगातार तीन वर्षों में 7 प्रतिशत वृद्धि दर हासिल की गई है। हमारा देश जी-20 में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और देश के सभी हिस्से विकास में अपना योगदान दे रहे हैं।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया, "बजट घाटा या राजकोषीय घाटा 5.8 प्रतिशत है, जो 5.9 से कम है। इसी तरह 2024-25 के बजट के लिए हमने राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.1 प्रतिशत कर दिया है। वित्त मंत्री के अनुसार आंकड़े स्पष्ट रूप से संकेत दे रहे हैं कि हम 2021-22 में निर्धारित लक्ष्य जिसके तहत वित्त वर्ष 26 तक राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत या उससे भी कम किया जाना है, हासिल करने के रास्ते पर हैं।

नई दिल्ली। बजट पेश करने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में विस्तृत जानकारी देतीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण।

प्रमुख योजनाओं के लिए बजट

योजनाएं	बजट
मनरेगा	86,000
आयुष्मान भारत	7,500
पीएलआई	6,200
सौर ऊर्जा (ग्रिड)	8,500
राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन	600

(राशि करोड़ में)

मंत्रालयों के लिए बजट आवंटन

मंत्रालय	बजट
रक्षा	6.2
संचार	1.37
गृह	2.03
रेल	2.55
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग	2.78
ग्रामीण विकास	1.77
कृषि एवं किसान कल्याण	1.27

(राशि लाख करोड़ रुपये में)

सरकार गठन के बाद आम बजट में पेश होगा देश का रोड मैप

नई दिल्ली, ब्यूरो

▸▸ अंतरिम बजट पेश करने के बाद बोलीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण

अमृत विचार: संसद में अंतरिम बजट पेश करने के बाद वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है की देश का आम बजट लोक सभा चुनाव परिणाम के बाद पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा की आम बजट में भारत को विकसित बनाने के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्यों का रोड मैप प्रस्तुत किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव होने के कारण संसद के आखिरी सत्र में आम बजट पेश करने के बजाय अंतरिम बजट पेश किया गया और वित्तमंत्री का बजटीय भाषण समाप्त होते ही लोकसभा में अंतरिम बजट को ध्वनिमत से पारित भी कर दिया गया।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद जून-जुलाई तक नई सरकार का गठन हो जाएगा और उसके बाद आम बजट पेश किया जाएगा, जिसमें भारत को विकसित बनाने के सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

लोकसभा में अंतरिम बजट पास होने के बाद अब राज्यसभा में शुक्रवार को इस पर चर्चा होगी। माना जा रहा है कि शुक्रवार को ही राज्यसभा में भी अंतिम बजट पास हो जाएगा।

आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को गति प्रदान करेगा अंतरिम बजट: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार के अंतरिम बजट को विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को गति प्रदान करने वाला करार दिया है। योगी ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को भी धन्यवाद दिया। योगी ने अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में लोकसभा में प्रस्तुत अंतरिम बजट गांव, गरीब, किसान, नौजवान व महिलाओं समेत समाज के हर वर्ग के सपनों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से लखपति दीदी योजना के लक्ष्य को 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ किया गया है। साथ ही, आशा बहनों को भी आयुष्मान योजना के अंतर्गत लाने का निर्णय स्वागत योग्य है मुख्यमंत्री के मुताबिक, सभी के लिए आवास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार ने ग्रामीण इलाकों में 2 करोड़ नए घर बनाने का लक्ष्य तय किया है। यह योजना गरीबों के लिए पक्के घर की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी।

वहीं, तीन नए रेल कॉरिडोर बनाने का लक्ष्य और 40 हजार रेल डिब्बो को वंदे भारत में बदलने का निर्णय आने वाले वर्षों में औद्योगिकीकरण को गति प्रदान करेगा।

दो करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य बढ़ाकर तीन करोड़ किया गया

नई दिल्ली, एजेंसी। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि सरकार ने 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ करने का फैसला किया है। 'लखपति दीदी' योजना का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में महिलाओं को प्रशिक्षण देना है, ताकि वे प्रति वर्ष कम से कम एक लाख रुपये की स्थायी आय अर्जित कर सकें। संसद में अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए केंद्रीय वित्तमंत्री ने कहा कि नौ करोड़ महिलाओं वाले 83 लाख स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के साथ ग्रामीण सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'नौ करोड़ महिलाओं के साथ 83 लाख एसएचजी सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के साथ ग्रामीण सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदल रहे हैं। उनकी सफलता ने पहले ही लगभग एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनने में मदद की है। वे दूसरों के लिए प्रेरणा हैं।'

▸▸ वित्तमंत्री ने की घोषणा, योजना का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों में महिलाओं को जोड़ना

चीन सीमा पर आधारभूत ढांचा मजबूत करने पर जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ लद्दाख में न्योमा एयर फील्ड समेत कई परियोजनाओं पर ध्यान

अंतरिम बजट में चीन की सीमा से लगे क्षेत्रों में बुनियादी रक्षा ढांचे के लिए 6,500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 30 प्रतिशत और 2021-22 के मुकाबले 160 प्रतिशत अधिक है।

रक्षा बजट में लद्दाख में समुद्र तल से 13,700 फुट ऊंचाई पर न्योमा एयर फील्ड, अंडमान निकोबार द्वीप में स्थानीय पुल कनेक्टिविटी, हिमाचल प्रदेश में 4.1 किलोमीटर लंबी शिंकू ला टनल का निर्माण, अरुणाचल प्रदेश में नेचिफू टनल निर्माण समेत कई परियोजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। वित्त मंत्री ने यह भी घोषणा की कि रक्षा उद्देश्यों के लिए डीप-टेक टेक्नोलॉजी को मजबूत करने और क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' में तेजी लाने के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी।

रक्षा बजट में कुल राजस्व व्यय 4,39,300 करोड़ रुपये आंका गया है, जिसमें रक्षा पेंशन के लिए 1,41,205 करोड़ रुपये, रक्षा सेवाओं के लिए 2,82,772 करोड़ रुपये और रक्षा मंत्रालय (सिविल) के लिए 15,322 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। इस साल के रक्षा बजट का 27.67 प्रतिशत पूंजीगत खर्च, 14.82 प्रतिशत सेना की तैयारी के लिए, 30.68 प्रतिशत वेतन भत्तों और 22.72 प्रतिशत रक्षा पेंशन पर खर्च किया जाएगा।

बजट पर अपनी-अपनी राय

मोदी सरकार की उपलब्धियों पर रोशनी डालता है बजट भाषण : अमित शाह

केंद्रीय बजट 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को साकार करने की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। बजट भाषण भारत को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने की मोदी सरकार की यात्रा में पिछले 10 वर्ष में प्राप्त उपलब्धियों पर रोशनी डालता है। इन कार्यों की बुनियाद पर विकसित भारत की भव्य इमारत खड़ी की जा रही है। इस उत्कृष्ट यात्रा के माध्यम से देश का नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी का और गहरी सोच वाले बजट भाषण के लिए वित्त मंत्री निर्मली सीतारमण जी का हृदय से आभार।

अनुसंधान-विकास के लिए 1 लाख करोड़ की पूंजी बाजी पलटने वाली नीति : धर्मेंद्र प्रधान

निजी क्षेत्र के अनुसंधान एवं अभिनव प्रयासों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 1 लाख करोड़ अनुसंधान कोष पूंजी बाजी पलटने वाली नीति होगी। भारत का युवा अब उस स्तर पर पहुंच गया है, जहां उसके पास वैश्विक चुनौतियों एवं जरूरतों को पूरा करने के साथ भारत की आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति करने के लिए शक्ति और क्षमता है। यह कोष भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की जरूरतों को पूरा करने में काफी मदद करेगा।

अंतरिम बजट शब्दों का मायाजाल, गरीबों-मध्यम वर्ग के लिए कुछ नहीं : खरगे

मैंने बजट भाषण सुना। मैंने सोचा था कि वित्त मंत्री गरीब और मध्यम वर्ग के लिए नई योजनाएं लाएंगी। उनकी तकलीफों को कम करने के लिए कुछ घोषणाएं होंगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। हर साल की तरह मोदी सरकार का अंतरिम बजट केवल रंग-बिरंगे शब्दों का मायाजाल है। इसमें ठोस कुछ नहीं है, बड़े-बड़े और खोखले दावे करना इस सरकार की आदत है।

अंतरिम बजट में गरीबों के लिए कुछ नहीं : शत्रुघ्न सिन्हा

वित्तमंत्री द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट में युवाओं या गरीबों के लिए कुछ नहीं है। यह अंतरिम बजट इस सरकार का आखिरी बजट है। इसमें ढेर सारी बातें कही गई हैं। उन्होंने ऐसी योजनाएं घोषित की हैं, जो 2047, 2050 में पूरी होंगी। ये योजनाएं तो रहेंगी, लेकिन इनका क्रियान्वयन नई सरकार करेगी। इस बजट से ज्यादा उम्मीद नहीं है। फिर भी लोग बड़े ध्यान से देख रहे हैं कि कैसे सरकार मुख्य मुद्दों बेरोजगारी, गरीब, युवाओं और किसानों की आय दोगुनी करने के मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है।

केंद्रीय बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य : नीतीश

इस बजट में उच्च शिक्षा के लिए ऋण की राशि बढ़ाई गई है, जिससे युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत होगी। तीन नए रेलवे इकोनॉमिक कोरिडोर की शुरुआत होने से देश का आर्थिक विकास और तीव्र गति से हो सकेगा। इससे लॉजिस्टिक्स एफिशिएंसी में सुधार होगा और लागत में कमी आएगी। सरकार मध्यम वर्ग के लिए विशेष आवास योजना लाएगी, जिसके तहत किराए के घरों एवं झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों को आवास का लाभ मिल सकेगा। यह स्वागत योग्य कदम है।

बजट जमीनी वास्तविकता से दूर: मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से लोकसभा चुनाव से पूर्व संसद में पेश बजट जमीनी वास्तविकता से दूर चुनावी लुभावने वाला ज्यादा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि देश की जनता की अपार गरीबी, बेरोजगारी व बढ़ती हुई मंहगाई आदि से त्रस्त जीवन को नकारना अति-दु:खद व चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थ व्यवस्था व विकास संबंधी सरकारी दावों व वादों में जमीनी सच्चाई होती तो फिर यहां 80 करोड़ से अधिक लोगों को फ्री में राशन का मोहताज जीवन जीने को मजबूर नहीं होना पड़ता।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाने वाला बजट

महिला उद्यमियों को तीस करोड़ मुद्रा योजना ऋण दिए गए हैं। दस वर्षों में उच्चतर शिक्षा में महिलाओं का नामांकन 28 प्रतिशत बढ़ गया है। स्टेम पाठ्यक्रमों में तैंतालीस प्रतिशत नामांकन बालिकाओं और महिलाओं का है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। आशा बहनों को आयुष्मान के अंतर्गत कवर किया जाना। ये सभी प्रयास महिला सशक्तिकरण एवम आत्मनिर्भर आधी आबादी के लक्ष्य पूर्ति में सहायक सिद्ध होंगे। यह बजट विकसित भारत की दिशा में एक ठोस कदम है। **-स्मिता मिश्रा, असिस्टेंट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग, विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज, लखनऊ**

बजट में किसान

कृषि और किसानों के लिए 1.27 लाख करोड़ का आवंटन

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ तिलहनों के लिए आत्मनिर्भरता हासिल करने को शुरू होगा 'आत्मनिर्भर तिलहन अभियान'

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट के केंद्र में गरीब, युवा, महिला और अन्नदाता रहे। अन्य क्षेत्रों की तरह कृषि और किसानों के लिए भी इस बजट में कई घोषणाएं की गईं। बजट में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

लोकसभा चुनावों से पहले पेश हुए अंतरिम बजट में सरकार ने ग्रामीण विकास पर जोर दिया है। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में बताया कि किसान हमारे अन्नदाता हैं। पीएम-किसान सम्मान योजना के अंतर्गत हर वर्ष सीमांत और छोटे किसानों सहित 11.8 करोड़ किसानों को प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत 4 करोड़ किसानों को फसल बीमा प्रदान किया गया है। अनेक दूसरे कार्यक्रमों के अलावा इन उपायों से 'अन्नदाता' को देश और पूरी दुनिया के लिए अन्न पैदा करने में सहायता दी जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट ने 1361 मंडियों को एकीकृत कर दिया है और इसमें 3 लाख करोड़ रुपये मूल्य का कारोबार हो रहा है और 1.8 करोड़ किसानों को सेवाएं मिल रही हैं।

उन्होंने कहा कि कृषि-क्षेत्र समावेशी, संतुलित, उच्चतर संवृद्धि और उत्पादकता की ओर अग्रसर है। इन्हें कृषक-केंद्रित नीतियां लाकर, किसानों को उनके आय अर्जन में सहायता देकर, कीमत और बीमा के माध्यम से जोखिम कवरेज देकर, स्टार्ट-अप के माध्यम से प्रौद्योगिकी और नवाचारों को बढ़ावा देकर सुगम किया गया है।

कृषि क्षेत्र के लिए अहम घोषणाएं...

- सरकार फसल कटाई के बाद की गतिविधियों में निजी और सार्वजनिक निवेश को बढ़ावा देगी।
- सभी कृषि-जलवायु क्षेत्रों में नैनो-डीएपी के इस्तेमाल का विस्तार किया जाएगा।
- तिलहनों के लिए आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए ''आत्मनिर्भर तिलहन अभियान'' शुरू किया जाएगा।
- डेयरी विकास के लिए व्यापक कार्यक्रम बनाया जाएगा।
- जलीय कृषि उत्पादकता बढ़ाने, निर्यात दोगुना करने और अधिक रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के कार्यान्वयन को आगे बढ़ाया जाएगा।
- पांच एकीकृत एक्वा पार्क स्थापित किए जाएंगे।

राहत कम, उपलब्धियों का बखान ज्यादा

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

विश्लेषण

- किसानों के ज्वलंत मुद्दों के लिए भी कोई प्रावधान नहीं, वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे में कोई छूट नहीं मिली

अमृत विचार: वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट में चुनावी वर्ष की छाया दूर-दूर तक नजर नहीं आई। जनता को तमाम उम्मीदें थीं। करदाताओं, उद्यमियों, व्यापारियों एवं वरिष्ठ नागरिकों को कोई राहत नहीं मिली है। गरीबों, महिलाओं, युवा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई योजनाओं का ऐलान किया गया है। कुल मिलाकर अंतरिम बजट में आम नागरिकों को राहत काम और सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियां का गुणगान ज्यादा किया गया है।

वित्तमंत्री ने अंतरिम बजट में किसी खास नई घोषणा का ऐलान नहीं किया है। बजट भाषण में उन्होंने ज्वलंत मुद्दों की एक रूपरेखा को भी प्रस्तुत किया है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियां का जिक्र करते हुए उन्हें सभी योजनाओं को अगले वर्ष भी जारी रखने का ऐलान किया गया है। बजट में करोड़ों करदाताओं, आम नागरिकों एवं वरिष्ठ नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद थी, लेकिन वर्तमान आयकर ढांचे में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। इसी तरह किसानों के ज्वलंत मुद्दों के लिए भी कोई प्रावधान नहीं है। वित्तमंत्री ने किसानों को अन्नदाता बताकर एक तरह से सम्मानित किया है, बल्कि उनकी किसी भी मांग को पूरा नहीं किया गया है।

महिलाओं के लिए भी कोई नई योजना के बजाय पुरानी योजनाओं को ही आगे बढ़ा दिया गया है। जैसे लखपति दीदी के दायरे को 3 करोड़ तक कर दिया गया है। वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे से कोई छूट नहीं मिलेगी। साथ ही आम रेलवे यात्रियों को भी रेल किराए में किसी भी तरह की छूट नहीं मिलेगी।

पर्यटन को लगेंगे पंख अंतरिम बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं पर जोर

लक्षद्वीप समेत द्वीप समूहों की सूरत बदलेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कई परियोजनाओं का जिक्र किया। बजट भाषण में रेलवे से लेकर पर्यटन को बढ़ावा देने तक पर जोर दिया गया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि घेरलू पर्यटन के प्रति लोगों के बढ़ते उत्साह पर खरा उतरने के लिए लक्षद्वीप सहित हमारे द्वीप समूहों के विकास पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लक्षद्वीप और अन्य द्वीप समूहों में यातायात सेवाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। पर्यटन अवसंरचना, पत्तन संपर्क और सुख-सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कई परियोजनाओं की शुरुआत की जाएगी। इससे न केवल पर्यटन में बढ़ोतरी होगी, बल्कि स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलेगा।

निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि जी-20 बैठकों के दौरान दुनियाभर के लोगों ने भारत की विविधता को बेहद करीब से देखा है। हमारा देश पर्यटन के लिए एक बड़ा स्थान बनकर सामने उभरा है। साथ ही कहा कि मध्यम वर्ग भी अब पर्यटन के लिए जाने लगा है। वे अब नए-नए स्थानों के बारे में जानने की रूचि करता है। पर्यटन का दायरा बहुत बढ़ा है। पर्यटन को सुदृढ़ करने के लिए विकास पर जोर दिया जा रहा है।

सीतारमण ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत को पर्यटन का केंद्र बनाने के लिए ब्रांडिंग और मार्केटिंग की जाएगी। साथ ही पर्यटन केंद्रों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। सुविधाओं और सेवाओं की गुणवत्ता के आधार पर रेटिंग देने के लिए फ्रेमवर्क बनाया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि ऐसे कार्यकलापों का वित्तपोषण करने के लिए राज्यों को मैचिंग आधार पर ब्याज मुक्त दीर्घावधि ऋण दिया जाएगा।

घरेली द्वीप समूहों के विकास पर जोर

हाल ही में लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया था। प्रधानमंत्री का घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने की बात पड़ोसी द्वीप देश मालदीव को रास नहीं आई। मोदी के पोस्ट पर मालदीव के मंत्रियों ने आपत्तिजनक टिप्पणियां की थी, जिसके बाद भारत और मालदीव के संबंधों में खटास पैदा हुई थी। हालांकि मालदीव के मंत्रियों ने अपनी टिप्पणियों को सोशल मीडिया से पोस्ट हटा दिया था। अंतरिम बजट में लक्षद्वीप और द्वीप समूहों में पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है।

माघ कृष्ण पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

हल्द्वानी
शुक्रवार, 2 फरवरी 2024
वर्ष 3, अंक 350, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मंगल पर मिले सूक्ष्म जीवन के महत्वपूर्ण संकेत 16

कॉकटेल 2 में दिखेंगी सारा अली और अनन्या पांडे 15



मौसम का बदला मिजाज

गुरुवार 1 फरवरी को रुद्रप्रयाग में ताजा बर्फबारी के बाद केदारनाथ मंदिर परिसर बर्फ से ढक गया। इसके अलावा उत्तरकाशी में गंगोत्री-यमुनोत्री सहित हर्षिल घाटी, खरसाली, हरकीदून व रुद्रप्रयाग में पहाड़ियों पर भारी बर्फबारी हुई।

चोटियों पर बर्फबारी, पहाड़ी इलाकों में बिछी सफेद चादर

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : उत्तराखंड में मौसम ने करवट ली, प्रदेश के पर्वतीय जिलों में बारिश और हिमपात हुआ जबकि मैदान में बारिश हुई जिससे प्रदेश में एक बार फिर से शीतलहर बढ़ गई है। मौसम विभाग ने गुरुवार को राज्य के पिथौरागढ़, बागेश्वर, उत्तरकाशी, चमोली और रुद्रप्रयाग में 3 हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। तापमान में भी पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट की आशंका जताई थी। चेतावनी के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ और मौसम का मिजाज बदल गया। बुधवार की देर रात चोटियों पर हिमपात और बारिश शुरू हुई जो गुरुवार तक जारी रही।

- राज्य के मैदानी जिलों में बारिश पर्वतीय जिलों में बारिश के साथ हल्का हिमपात

राज्य में उत्तरकाशी में गंगोत्री-यमुनोत्री सहित हर्षिल घाटी, खरसाली, हरकीदून व रुद्रप्रयाग में केदारनाथ में चोटियों पर बर्फबारी हुई। चमोली में बद्रीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, गोरसो, औली में बर्फबारी हुई। कुमाऊं में पिथौरागढ़ के मुनस्यारी और बागेश्वर जिले के कपकोट में ऊंची चोटियों पर हिमपात हुआ। इससे पूर्व नवंबर में बारिश हुई थी, इसके बाद दिसंबर-जनवरी में बारिश नहीं हुई। फरवरी के पहले दिन ही बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, मौसम अभी भी करवट बदल सकता है। राज्य 3 हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और 2.5 हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी हल्के हिमपात के आसार हैं।

एक नजर

पूर्व राजनयिक संजय वर्मा यूपीएससी के सदस्य नियुक्त

नई दिल्ली। पूर्व राजनयिक संजय वर्मा को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के बयान के अनुसार 1990 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी वर्मा ने गुरुवार को यहां यूपीएससी सदस्य के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। यूपीएससी के अध्यक्ष मनोज सोनी ने उन्हें शपथ दिलाई। आयोग आईएएस, आईएफएस और आईपीएस सहित अन्य के वास्ते अधिकारियों का चयन करने के लिए सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करता है। यूपीएससी सदस्य को छह साल की अवधि के लिए या 65 वर्ष की आयु होने तक नियुक्त किया जाता है।

संजय सिंह ने सत्र में भाग लेने को मांगी अंतरिम जमानत

नई दिल्ली। कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह की उस अर्जी पर दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को ईडी को नोटिस जारी किया, जिसमें उन्होंने मौजूदा संसद सत्र में भाग लेने के लिए अंतरिम जमानत का अनुरोध किया है। विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने ईडी को 3 फरवरी तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

झारखंड के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव ने पदभार छोड़ा

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री पद से हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने के एक दिन बाद वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव का पदभार छोड़ दिया है। चौबे ने अन्य अतिरिक्त प्रभार भी छोड़ दिए हैं। चौबे ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री का प्रधान सचिव था। जब मुख्यमंत्री ने इस्तीफा दिया तो मुझे प्रधान सचिव पद छोड़ना पड़ा। मैंने अन्य सभी अतिरिक्त प्रभार भी छोड़ दिए हैं।

आज जारी होगा समीक्षा अधिकारी प्री परीक्षा प्रवेश पत्र

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) शुक्रवार को समीक्षा अधिकारी (आरओ) एवं सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) 2023 प्रारंभिक परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी करेगा। अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि आयोग की वेबसाइट से ही अभ्यर्थी प्रवेश पत्र डाउन लोड करेंगे। परीक्षा 11 फरवरी को प्रदेश के 40 शहरों में आयोजित होने जा रही है। परीक्षा दो पाली में होगी। आरओ एवं एआरओ के कुल 411 पदों के लिए 10 लाख 69 हजार 725 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। पहली बार इस परीक्षा में इतनी बड़ी संख्या में आवेदन आए हैं।

हेमंत सोरेन को एक दिन की न्यायिक हिरासत, रिमांड पर आज होगा फैसला

ईडी ने पीएमएलए अदालत से मांगी थी पूर्व मुख्यमंत्री की 10 दिन की रिमांड

रांची, एजेंसी

धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गुरुवार को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वकीलों ने यह जानकारी दी। ईडी ने सोरेन का 10 दिन का रिमांड मांगा था। अदालत ने अपना आदेश शुक्रवार के लिए सुरक्षित रख लिया। वकीलों ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सोरेन की ओर से पेश हुए महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत के बाहर बताया कि झामुमो नेता को आदेश पारित होने तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पूरा मामला गलत मंशा से प्रेरित है। यह सरकार गिराने की साजिश है। पूरी कार्यवाही में पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। उनकी गिरफ्तारी तब की गई जब उनका बयान दर्ज करने की कार्रवाई जारी थी, जो गैरकानूनी है। हेमंत सोरेन को बुधवार रात यहां धनशोधन मामले में सात घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। झामुमो नेता को यहां बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार ले जाया गया। जेल ले जाने के लिए जैसे ही पूर्व मुख्यमंत्री को अदालत के बाहर लाया गया, उनके समर्थकों ने हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे लगाए।

कोर्ट में पेशी के लिए जाते पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

गिरफ्तारी को शीर्ष कोर्ट में चुनौती, आज सुनवाई

नई दिल्ली। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन की धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर उच्चतम न्यायालय शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया। सोरेन ने पहले झारखंड उच्च न्यायालय में गिरफ्तारी को चुनौती दी और गुरुवर अपने वकीलों के माध्यम से उच्चतम न्यायालय का रुख किया। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ पूर्व मुख्यमंत्री की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हुई।

चंपई सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा गठबंधन के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया जिसपर राज्यपाल ने कहा कि वह जल्द विचार कर सूचित करेंगे। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को समय मिलने के बाद आज चंपई सोरेन के साथ चार अन्य विधायक राजभवन पहुंचे। राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। राजभवन से बाहर निकलकर सोरेन ने पत्रकारों से कहा कि राज्यपाल ने कहा कि जल्द विचार कर सूचित करेंगे। कहा कि हमारे पास पर्याप्त विधायकों का समर्थन प्राप्त है। 43 विधायकों का समर्थन हमने राज्यपाल को सौंपा है। यह संख्या शुक्रवार तक 47 हो जाएगी। विधायक प्रदीप यादव ने बताया कि राज्यपाल ने कहा कि मैं विधि-विशेषज्ञों से राय ले रहा हूं और जल्दी ही बुलावा भेजूंगा।

झामुमो विधायकों को भेजा जा सकता है राज्य से बाहर

रांची। झारखंड में जारी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेतृत्व वाले गठबंधन के विधायकों को भाजपा की ओर से लुभाए जाने के किसी भी प्रयास को नाकाम करने के लिए उन्हें हैदराबाद भेजा जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि हमारे विधायकों को हैदराबाद ले जाने के लिए 12 और 37 सीट वाले दो चार्टर्ड विमान बुक किए गए हैं। वहीं, एक विधायक ने कहा कि सरकार गठन के लिए राजभवन से आमंत्रण मिलने में देरी की सूरत में भाजपा की ओर से विधायकों को तोड़ा जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाए मुस्लिम पक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद समिति को वाराणसी की जिला अदालत के फैसले के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख करने का गुरुवार को निर्देश दिया। वाराणसी की जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दिया था। अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार से संपर्क किया और मामले में तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया। रजिस्ट्रार ने उन्हें बताया कि मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने उन्हें हाईकोर्ट जाने को कहा है।

अपनी अर्जियों में अधिवक्ता निजाम पाशा और फुजैल अहमद अय्यूबी ने कहा कि आदेश की आड़ में स्थानीय प्रशासन ने बेहद जल्दबाजी में उक्त स्थल में भारी पुलिसबल तैनात किया है और वह मस्जिद के दक्षिणी हिस्से में लगे जाल को काटने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि प्रशासन के पास रात के अंधेरे में इतनी जल्दबाजी में यह काम करने का कोई कारण है क्योंकि निचली अदालत की ओर से पारित आदेश में उन्हें पहले ही एक सप्ताह का वक्त दिया गया है ताकि जरूरी इंतजाम किए जा सकें।

ज्ञानवापी मामला

व्यास तहखाने में पूजा-अर्चना करते पुजारी।

- उच्चतम न्यायालय ने खारिज की अंजुमन इंतजामिया कमेटी की याचिका

खोला गया व्यास जी का तहखाना, हुई पूजा-अर्चना

वाराणसी। जिला अदालत द्वारा हिंदू समुदाय को ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा का अधिकार दिए जाने के चंद घंटों बाद बुधवार देर रात तहखाने को खोलकर उसमें पूजा की गई। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस पर तंज करते हुए इसे नियत प्रक्रिया से परे गतिविधि करार दिया है। काशी विश्वनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रोफेसर नागेंद्र पांडेय ने बताया कि रात करीब साढ़े 10 बजे 31 साल बाद व्यास जी का तहखाना पूजा-पाठ के लिए खोला गया और साफ-सफाई के बाद पूजा कराई गई। जिला प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक, बुधवार की देर रात मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम और पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन ज्ञानवापी परिसर पहुंचे। उनके साथ अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकालने वाले गणेश्वर द्रविड़ भी थे। कुछ लोगों का दावा है कि तहखाने में लक्ष्मी-गणेश की आरती की गई। हिन्दू पक्ष के एक वादी सोहनलाल आर्य ने बताया कि तहखाने के बैरिकेटिंग को हटा कर वहां लोहे का गेट लगा दिया गया है।

हाईकोर्ट पहुंची मस्जिद कमेटी, पूजा के आदेश को दी चुनौती

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी (वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करती है) ने वाराणसी जिला न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की है। वरिष्ठ अधिवक्ता सैयद फरमान अब्बास नकवी ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता की पीठ के समक्ष उक्त मामले की शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया। मालूम हो कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट द्वारा मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा की अनुमति देने के आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार करने के एक दिन बाद आया है।

4 फर्मों में पकड़ी 53 लाख जीएसटी चोरी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : राज्य कर विभाग की टीम ने काशीपुर, बाजपुर और दिनेशपुर में चार फर्मों में छापेमारी कर करीब 53 लाख की जीएसटी चोरी पकड़ी है। यह टैक्स चोरी दो करोड़ 90 लाख के टर्न ओवर में पकड़ी गई है। राज्य कर विभाग चारों फर्म स्वामियों को नोटिस भेज रहा है।

राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त राकेश शर्मा व संयुक्त आयुक्त रणवीर सिंह के निर्देशानुसार, स्पेशल इंवेस्टिगेशन ब्रांच (एसआईबी) प्रभारी रजनीश यशवस्थी के नेतृत्व में टीम ने बुधवार देर शाम काशीपुर की दो फर्मों और बाजपुर एवं दिनेशपुर में एक-एक फर्म में छापेमारी की थी। टीम ने जब दस्तावेजों की जांच की तो पता चला कि फर्म स्वामियों ने अधिकांश खरीद फर्जी बिलों से की है।

इन्हीं बिलों के आधार पर फर्म स्वामी लोहे के स्क्रैप की सप्लाई काशीपुर, बाजपुर और किच्छा आदि क्षेत्रों में लोहे की फैक्ट्रियों में कर रहे थे। सभी फर्मों का टर्नओवर करीब 2.90 करोड़ है।

एसआईबी प्रभारी ने बताया कि काशीपुर के एक फर्म स्वामी ने 5 लाख रुपये मौके पर ही जमा किए हैं। अभी तक सभी फर्मों में प्रथमदृष्टया 53 लाख की टैक्स चोरी सामने आई है।

अभी कागजातों की जांच की जा रही है टैक्स चोरी की यह राशि और बढ़ सकती है। टीम में एसी राहुल कांत आर्या, एसी पूजा पांडे, एसटीओ अनिल चौहान, नवीन कांडपाल, मुकेश पांडे आदि मौजूद रहे।

बाजपुर में एक फर्म में कार्रवाई के दौरान राज्य कर विभाग के अधिकारी।

- राज्य कर विभाग की टीम का काशीपुर, बाजपुर और दिनेशपुर में छापा
- जांच में खुलासा-फर्जी खरीद दिखाकर लोहा स्क्रैप की हो रही थी आपूर्ति

वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत में 14 रुपये की वृद्धि

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के गुरुवार को बजट भाषण से पहले तेल-विपणन कंपनियों ने व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमत में 14 रुपये बढ़ाने की घोषणा की। देश की तीन तेल विपणन कंपनियां इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) हर महीने के पहले दिन रसोई गैस की कीमतों में संशोधन करती हैं। तेल-विपणन कंपनियों ने गुरुवार को 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 14 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ा दिए। बढ़ी हुई कीमतें आज से ही प्रभावी होंगी। वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत 14 रुपये बढ़कर 1,769.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई है। इससे पहले कीमत प्रति सिलेंडर 1,755.5 रुपये थी। तेल कंपनियां हर महीने अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के हिसाब से संशोधन करती हैं।

- घरेलू एलपीजी मूल्य में नहीं हुआ कोई बदलाव

बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवासन के ठिकानों पर छापा

चेन्नई, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन की कंपनी 'इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड' के चेन्नई व दिल्ली स्थित कार्यालयों की तलाशी ली है। केंद्रीय एजेंसी ने यह कार्रवाई चेन्नई की अग्रणी सीमेंट निर्माता कंपनी द्वारा विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के कथित उल्लंघन की जांच के सिलसिले में की है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को कहा कि संघीय जांच एजेंसी ने पिछले दो दिनों में कंपनी के चेन्नई स्थित दो कार्यालयों और दिल्ली में एक कार्यालय परिसर की तलाशी ली।

उन्होंने बताया कि यह जांच इसकी सहयोगी कंपनी 'इंडिया सीमेंट्स कैपिटल लिमिटेड' (आईसीसीएल) से जुड़े मामलों और विदेश में लगभग 550 करोड़ रुपये के धन हस्तांतरण से संबंधित है। सूत्रों ने कहा कि कुछ कथित संदिग्ध एजेंट और निदेशकों की भूमिका भी ईडी की जांच के दायरे में है। आईसीसीएल विदेशी मुद्रा, धन हस्तांतरण और यात्रा बीमा जैसे क्षेत्रों में कार्य करती है। वहीं, कंपनी ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि वह संघीय जांच एजेंसी के साथ सहयोग कर रही है। इंडिया सीमेंट्स ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय के कुछ अधिकारियों ने 31 जनवरी और एक फरवरी के दौरान चेन्नई में हमारे कॉरपोरेट कार्यालय का दौरा किया और यह पता लगाने के लिए तलाशी ली कि क्या फेमा से संबंधित कोई अनियमितता है।

- ईडी ने उनकी कंपनी इंडिया सीमेंट्स के कार्यालयों में की छानबीन
- विदेश मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत एजेंसी ने की कार्रवाई

रामभक्तों के लिए 8 और शहरों से हवाई सेवाएं शुरू

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद रामनगरी में लगातार बढ़ रही भक्तों की संख्या के चलते एयरलाइंस कंपनियों ने अयोध्या के लिए अपनी उड़ानों की संख्या बढ़ा दी है।

इसी क्रम में गुरुवार को अयोध्या धाम के लिए एक फरवरी से स्पाइस जेट की आठ नई नियमित उड़ान शुरू की गई हैं। अब श्रद्धालुओं को पटना, दरभंगा, जयपुर, दिल्ली, चेन्नई, अहमदाबाद, मुम्बई और बंगलुरु के बीच सीधी विमान सेवा का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लखनऊ से आठ शहरों के लिए फ्लाइट सेवा शुरू की। केंद्रीय नागर विमानन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। अयोध्या में डीएम नीतीश कुमार ने स्पाइसजेट के पहले यात्री को बोर्डिंग पास सौंपा। अब महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से इंडिगो, स्पाइसजेट और एयरइंडिया एक्सप्रेस की 14 फ्लाइट विभिन्न शहरों के लिए उड़ान भरेंगी।

- स्पाइस जेट की सीधी विमान सेवा से अयोध्या में पर्यटन को पंख
- विभिन्न शहरों के लिए अयोध्या से उड़ान भरेंगी 14 फ्लाइट

2024 की जीत के बाद भारत बनेगा दुनिया का सिरमौर

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर शंखनाद कर दिया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रदेश की पांचों संसदीय सीटों के लिए चुनाव कार्यालयों का वर्चुअली उद्घाटन किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में जीत के बाद जनता की जरूरतों की पूर्ति के लिए काम किया, वर्ष 2019 की जीत के बाद जन आकांक्षाओं को पूर्ण किया। अब 2024 की जीत के बाद भारत को दुनिया का सिरमौर बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि विपक्ष के नकारात्मक एजेंडे को विफल करना है। कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य की सांस्कृतिक पहचान को ब्रांड एंबेसडर बनकर आगे बढ़ाने का काम भी किया है। प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम ने कहा कि यह कार्यक्रम चुनाव कार्यालयों की प्राण प्रतिष्ठा है। यहां एक मास्टर वोटर लिस्ट रखकर मतदाताओं का मार्गदर्शन किया जाए। इसके लिए कार्यालय संयोजक, संचालन समिति, जिला अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। कार्यकर्ताओं को 5 लाख से अधिक वोटों से जीत का लक्ष्य याद दिलाया। कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत एवं गणेश जोशी, विधायक मदन कौशिक एवं राम सिंह कैड़ा, आदित्य कोठारी आदि मौजूद रहे।

पार्टी के लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री धामी, भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र भट्ट।

- मुख्यमंत्री धामी, प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम व प्रदेशाध्यक्ष ने चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

तीन विभागों के भवन का सीएम ने किया लोकार्पण

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आईटी पार्क स्थित लेखा परीक्षा विभाग, रजिस्ट्रार चिट्स फर्म्स एवं सोसायटी तथा अर्थ एवं संख्या के 29.76 करोड़ रुपये से बने नवनिर्मित एकीकृत भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि भवन मिलने से विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दायित्व निर्वहन में कठिनाइयां नहीं आएंगी। सरलीकरण, समाधान, निस्तारण राज्य सरकार का मूल मंत्र है। तीन विभाग एक ही भवन में संचालित होने से लोगों को आसानी होगी। यहां अपर मुख्य सचिव आनन्द वर्द्धन, सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, एसएन पांडेय आदि मौजूद रहे।

शिष्या से दुष्कर्म मामले में चिन्मयानंद दोषमुक्त

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : शिष्या से दुष्कर्म करने के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने गुरुवार को अपना अंतिम फैसला सुनाते हुए मुमुक्षु आश्रम के अधिष्ठाता पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती को दोषमुक्त कर दिया है। 30 नवंबर, 2011 को चिन्मयानंद के खिलाफ उनकी शिष्या ने चौक कोतवाली में दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि उन्होंने कर्मचारियों की मदद से मुमुक्षु आश्रम शाहजहांपुर में उसे बंधक बनाया और कई बार दुष्कर्म किया था। उस वक्त यह प्रकरण सामाजिक और राजनीतिक गलियारों में काफी चर्चित रहा था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने विवेचना के उपरांत स्वामी चिन्मयानंद के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। जिसके बाद से मुकदमा विचाराधीन था। गुरुवार को एडीजे तृतीय एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश एहसान हुसैन ने निर्णय सुनाते हुए स्वामी चिन्मयानंद को सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।

- वर्ष 2011 में मुमुक्षु आश्रम में कई बार दुष्कर्म करने का था आरोप
- एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई के बाद गुरुवार को आया फैसला

हल्द्वानी में जमकर बरसे मेघ, नैनीताल में बर्फबारी

नैनीताल में सर्दियों की पहली बर्फबारी हुई, हिमालय दर्शन व नैना पीक में हल्का हिमपात, हल्द्वानी में भी रिमझिम बारिश से बढ़ी ठंड

संवाददाता, हल्द्वानी/नैनीताल

अमृत विचार : नैनीताल में जहां सर्दियों की पहली बर्फबारी हुई है तो वहीं हल्द्वानी सहित आसपास के इलाकों में जमकर बारिश हुई। रिमझिम बारिश से पहाड़ से लेकर मैदान तक भीग गया। साथ ही ठंड में भी बढ़ोत्तरी हुई है।

नैनीताल में गुरुवार सुबह से ही हल्की बारिश का दौर शुरू हो चुका था। नैनीताल में सर्दियों की पहली बारिश व नगर के ऊंचाई वाले क्षेत्र हिमालय दर्शन व नैना पीक में हल्की बर्फबारी भी हुई हालांकि ये गिरते ही गायब हो गयी। जिसके बाद ठंड में भी काफी बढ़ोतरी हो गयी है। मौसम के जानकारों का कहना है कि अब मौसम हिमपात के अनुकूल हो चुका है तो ऐसे में कभी भी नगर में फिर से बर्फबारी हो सकती है। मौसम केंद्र जीजीआईसी के अनुसार नगर में गुरुवार को अधिकतम 4 डिग्री तो न्यूनतम 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

हल्द्वानी में होती रही रिमझिम बारिशः शहर में बुधवार की शाम को ही मौसम में बदलाव होने लगा था। पश्चिमी विक्षोभ पूरी तरह से सक्रिय हो गया। गुरुवार के तड़के से ही रिमझिम बारिश शुरू हो गई। दोपहर तक रिमझिम बारिश होती रही। बारिश की वजह से ठंडी हवाओं का भी दौर शुरू हो गया। पहाड़ों में हुई बर्फबारी ने हवाओं को और भी ठंडा कर दिया। मौसम विज्ञानियों के अनुसार बारिश काफी राहत भरी रही है।

अल-नीनो के प्रभाव से अभी तक बारिश नहीं हो रही थी। इस वजह से असमान्य ठंड पड़ रही थी। अनुमान है कि शुक्रवार को बारिश नहीं होगी और हल्का कोहरा छा सकता है, लेकिन तीन से पांच फरवरी के दौरान फिर से बारिश होने की संभावना है। बारिश की वजह से अधिकतम तापमान में काफी गिरावट आई है।

हल्द्वानी में पारा 17.5 डिग्री तक दर्ज किया गया। जो विगत दिनों की अपेक्षा करीब 5 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री दर्ज किया गया।

नैनीताल के नैना पीक की पहाड़ी पर हुआ हिमपात। ● अमृत विचार



बारिश के बाद गौलापार में सुहावना हुआ मौसम। ● अमृत विचार

हल्द्वानी में बारिश के दौरान भीगते हुए जाते वाहन चालक। ● अमृत विचार

बारिश से बढ़ी ठंड, गेहूं की फसल को होगा फायदा

कालाढूंगी। झमाझम बारिश से बढ़ी ठंड से भले ही आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही हो, पर किसानों की फसलों को इससे फायदा मिलेगा। उनके चेहरों में खुशी झलक रही है। बारिश से किसानों के गेहूं की फसल को लाभ मिलेगा। चकलुवा, कालाढूंगी, बैलपड़ाव व कोटाबाग क्षेत्र गेहूं की फसल की पैदावार के लिए जाना जाता है। किसान आन सिंह, भीम कुमटीया, विरेन्द्र कुमार, राम सिंह बोरा, इन्द्र अटवाल, बिशन सिंह, हेम चंद्र, हरीश अटवाल, राजेन्द्र जलाल, धमेन्द्र जलाल, रामू अटवाल, पंकज नेगी, निर्मल कुमटीया ने बताया कि बारिश खेतों में कीटों का प्रभाव कम होने के साथ खाद का काम करती है।

गेहूं, मटर, जौ के लिए वरदान है यह बारिश

- अब तक किसानों के चेहरों पर छायी थी मायूसी
- बारिश होने से खिले किसानों के चेहरे

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। ठंड और कोहरे की मार व बारिश न होने से किसानों के चेहरे में मायूसी छाई थी जो बारिश होने के बाद दूर हुई है। यह बारिश किसानों की गेहूं की फसल के लिये बहुत अच्छी साबित होगी।

गेहूं की फसल लगाने के बाद बारिश न होने के कारण इसके उत्पादन पर असर पड़ रहा था। बारिश से किसानों को राहत मिली है। किसानों के अनुसार धीमी बारिश से गहराई तक पानी पहुंचता है और फसल का उत्पादन काफी अच्छा होता है।

गेहूं के साथ ही मटर, जौ आदि के लिये यह बारिश बहुत फायदेमंद होगी। बारिश न होने के कारण किसानों को फसल को कीड़ों से बचाने के लिये अधिक कीटनाशक का इस्तेमाल करना पड़ता है जिसका उनकी जेब पर भी असर पड़ता है। बारिश न होने के कारण गेहूं की फसल पीली पड़ रही थी। बारिश होने में और देरी होने पर फसल खराब होने के आसार थे। साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में पैदावार के लिए ये बारिश काफी लाभदायक है। कृषि विभाग के अनुसार जिले में असिंचित क्षेत्रों में इस बारिश से अब अच्छी फसल होने का अनुमान है।

दो वर्षों से हिमपात नहीं होना चिंताजनक

नैनीताल : मौसम के जानकारों का कहना है कि अभी तक हिमपात हो जाना चाहिए था लेकिन जलवायु परिवर्तन का खासा असर नैनीताल में भी दिखाई दे रहा है। जिसके चलते बर्फबारी में देरी हो रही है। कहा कि नैनीताल का अस्तित्व नैनीझील के भविष्य के लिए हिमपात बहुत जरूरी है। वही पर्यटन के नजर से भी हिमपात जरूरी है। क्योंकि दिसंबर से फरवरी तक नैनीताल में ठंड काफी होती है ऐसे में केवल बर्फबारी का आनंद लेने सैलानी पहुचंते थे। लेकिन बीते वर्ष भी बर्फवारी नही हुई थी जिसके चलते पर्यटन को भी नुकसान पहूंचा है। और अगर 15 फरवरी तक हिमपात नही होता है। यह नैनीताल के भविष्य के लिए चिंताजनक हो सकता है।

किसानों से बातचीत

बारिश नहीं अमृत बरसा है। बारिश गेहूं, टमाटर, चना, मसूर की फसल के लिये बहुत ही लाभदायक है। इस बारिश से फसल में लगने वाले कीड़े गायब हो जाएंगे।

–नीरज रैक्वाल, किसान

बारिश न होती तो फसल में बीमारी बढ़ जाती। देर आए दुरूस्त आए वाली कहावत सच हो रही है। बारिश होने से फसल खराब होने से बच गई। गेहूं, टमाटर, मसूर, चने की फसल के लिये बहुत अच्छी है। **–गुरुमीत सिंह, किसान**

बारिश से किसानों को बहुत राहत मिली है। बारिश न होने के कारण सभी किसान परेशान थे। सभी तरह की फसलों के लिये यह बारिश लाभदायक साबित होगी। सभी बाग–बगीचे धुल गए हैं और फसलों का उत्पादन भी ठीक होगा।

– नरेंद्र मेहरा, किसान

बारिश होने से फसल पर काफी अच्छा प्रभाव पड़ेगा। बारिश होने से गेहूं, जौ मटर राई जई तोरई सहित अन्य फसल का उत्पादन अच्छा होगा। बारिश होने से किसानों को लाभ मिला है।

–वीके यादव, मुख्य कृषि अधिकारी, नैनीताल

पल-पल की अपडेट कंट्रोल रूम में दें अफसर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्रशासन ने नैनीताल जनपद में भारी बारिश और बर्फबारी के मद्देनजर अलर्ट जारी किया है। आपदा की पल-पल की अपडेट कंट्रोल रूम में अपडेट कराने के निर्देश दिए गए हैं।

एडीएम फिंचाराम चौहान ने बताया कि मौसम विभाग ने नैनीताल जनपद में 1 फरवरी को आकाशीय बिजली चमकने और शीत दिवस का अलर्ट जारी किया है। जिले के पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश व बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में मध्यम बारिश हो रही है। ऐसे में शीत दिवस का प्रकोप दिख रहा है। वहीं भारी बारिश व ओलावृष्टि से नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में मार्ग बाधित होने, संपत्तियों के नुकसान आदि की घटनाएं हो सकती हैं। उन्होंने जिले के सभी अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। आपदा होने पर तत्काल राहत एवं बचाव के निर्देश दिए हैं।

एडीएम ने लोनिवि के सभी खंडों को हिमपात, भूस्खलन से संवेदनशील मार्गों पर जेसीबी व गैंग की तैनाती और 24×7 निगरानी के लिए कहा है। सभी जिला, परगना, ब्लॉक एवं संबंधित क्षेत्राधिकारी मुख्यालय पर बने रहेंगे। सभी के मोबाइल ऑन रहेंगे एवं प्रत्येक घंटे की आपदा सूचना तहसील एवं जिला स्तरीय आपदा कंट्रोल रूम को मुहैया कराएंगे।

नैनीताल में साल की पहली बर्फबारी से खिले पर्यटन कारोबारियों के चेहरे

नैनीताल। नैनीताल समेत आसपास के ऊंचाई वाले क्षेत्रों रामगढ़, मुक्तेश्वर में साल की पहली बर्फबारी हुई है। बर्फबारी से नैनीताल समेत आसपास के सभी पर्यटक स्थल बर्फ की सफेद चादर में ढक गए हैं। वहीं बर्फबारी की वजह से नैनीताल में तापमान शून्य से नीचे चला गया है। नैनीताल में लंबे समय के बाद हुई इस बर्फबारी से पर्यटकों में खुशी देखने को मिल रही है। बर्फबारी की खबर सुनने के बाद पर्यटक बर्फबारी का आनंद उठाने सरोवर नगरी नैनीताल पहुंच रहे हैं। नैनीताल के चाइना पीक ऊंचाई वाले इलाके में सैलानियों का तांता लगने लगा है।

सड़क पर गजराज : रिमझिम बारिश के बाद रामनगर के सीतावनी क्षेत्र में गुरुवार की दोपहर जंगल से निकलता गजराजों का झुंड। वाइल्ड लाइफ फ़ोटोग्राफर दीप रजवार ने यह फोटो भेजी है।

प्रदर्शन कर मार्ग के सुधारीकरण की मांग

भीमताल। ओखलकांडा ब्लाक के हल्द्वानी–पतलोट मार्ग पर करायल के पास ग्रामीणों ने लंबे समय से क्षेत्र की बदहाल सड़कों की सुध न लेने पर धरना प्रदर्शन किया। साथ ही सरकार से मार्ग की दशा सुधारने की मांग की। उन्होंने विधायक, सांसद और शासन–प्रशासन पर मांगों पर ध्यान नहीं देने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने बताया कि करायल–टाकुरा मार्ग के सुधारीकरण की मांग ग्रामीण कई दशकों से करते आ रहे हैं। इस दौरान क्षेत्र के कई ग्रामीण मौजूद थे।

स्कूल बस ड्राइवरों को हैंड बुक बांटी

भीमताल। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत भीमताल के ग्राफिक इरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल में परिवहन कर अधिकारी नन्दन प्रसाद आर्या ने स्कूल बस चालकों एवं सहायकों को "स्कूल बस ड्राइवर / सहायक हैण्ड बुक" का वितरण किया। इस दौरान सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी के साथ–साथ पंफलेट भी बांटे गए।

हवन व अनुष्ठान के साथ भंडारा हुआ

हनुमान मंदिर में पूजा अनुष्ठान करते समाजसेवी मोहित गोस्वामी।

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : बरेली रोड स्थित दवाई फार्म के सामने हनुमान, देवी मंदिर में माघ महीने में हवन अनुष्ठान के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

मंदिर में मुख्य यजमान मोहित गोस्वामी, उनकी धर्मपत्नी पूजा गोस्वामी ने कन्या पूजन किया। इस अवसर पर महंत पवन गिरी महाराज, तीरथ गिरी महाराज, माई आनंदी गिरी के अलावा हरीश नाथ गोस्वामी, चंपा गोस्वामी, हर सिंह मेहरा, भुवन भट्ट, बॉबी सिंह, देवेंद्र भंडारी, रमेश चंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे। पुरोहित दया किशन दुम्का ने समस्त धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए।

वृक्षों के बिना जीवन संभव नहीं : हर्बोला

आमडंडा खत्ते में आयोजित बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : कार्बेट टाइगर रिजर्व के बिजरानी रेंज द्वारा आमडंडा खत्ता के प्राथमिक विद्यालय में वनों की अग्नि से सुरक्षा विषयक एक गोष्ठी आयोजित की गई।

वन क्षेत्राधिकारी भानु प्रकाश हर्बोला ने कहा कि जीवन जीने के लिए पेड़ पौधों का होना जरूरी है। यदि इनको संरक्षित नहीं किया गया तो जीवन ही नहीं बचेगा। इस दौरान चिन्ता राम, अध्यक्ष आमडंडा खत्ता ईडीसी, नवीन चन्द्र पपनै, मानसी अरोरा, दीपक सिंह, मोहन चन्द्र उप्रेती आदि उपस्थित रहे।

अवैध रूप से पत्थर ले जा रही पिकप सीज

भीमताल। विकासखंड ओखलकांडा में पुलिस ने अवैध रूप से पत्थर ले जा रही पिकप को सीज किया है। चौकी प्रभारी रामगढ़ देवेन्द्र सिंह राणा, कांस्टेबल ललित दिगारी ने वाहन चालक महेद्र सिंह निवासी ग्राम लूगढ़, खनस्यूं से वाहन में भरे खनिज सम्पदा पत्थर परिवहन करने से संबंधित एवं वाहन के सम्बन्ध में कोई कागजात भी उपलब्ध नहीं करा सका। पुलिस ने वाहन को सीज कर दिया है।

एक नजर

11 फरवरी को होगा शपथ ग्रहण समारोह

हल्द्वानी : देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल हल्दूचौड़ इकाई का शपथ ग्रहण समारोह आगामी 11 फरवरी (रविवार) को 12 बजे से प्राथमिक विद्यालय रामलीला मैदान हल्दूचौड़ में होगा। समारोह में संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर समेत प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। हल्दूचौड़ इकाई के अध्यक्ष खीम सिंह बिष्ट के साथ हुई बैठक में इस पर सहमति बनी। इस दौरान जगमोहन चिलवाल, राजकुमार केसरवानी, आफताब हुसैन, मनोज खुल्बे, अजय कृष्ण गोयल, हर्ष जलाल, अतुल गुप्ता, भास्कर सुयाल आदि मौजूद रहे।

जमरानी परियोजना में गांवों में चिपकाए पोस्टर

हल्द्वानी : जमरानी बांध परियोजना में गुरुवार को प्रभावित गांवों में पोस्टर चिपकाए गए। ब्लॉक और तहसील के साथ ही गांवों के सार्वजनिक स्थलों पर विभाग की ओर से पोस्टर चिपकाए जाने हैं। विभाग ने गुरुवार को मुरकुड़िया, उड़वा, पनियाबोर और गंडाड़ में पोस्टर चस्पा कर दिये हैं जबकि पस्तोला गांव सहित ब्लॉक और तहसील में आज (शुक्रवार को) किये जाएंगे। वहीं, दूसरी तरफ प्रभावितों को विस्थापित किये जाने के लिये प्राग फार्म की जमीन विभाग को हस्तांतरित हो गई है। परियोजना में एडीएम स्तर से संबंधित सचिव को पत्र भेजा जाएगा जिसके बाद सचिव के हस्ताक्षर होने के बाद सूची का प्रकाशन होगा। जमरानी बांध संघर्ष समिति के अध्यक्ष नवीन पलड़िया ने कहा कि सूची के प्रकाशन में देरी हो रही। कहा कि सभी प्रभावितों को जल्द ही सूची के प्रकाशन का इंतजार है।

कार की टक्कर से सब्जी विक्रेता घायल

रामनगर : तेज गति से आ रही ऑल्टो कार ने सब्जी विक्रेता को टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे राजकीय संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि लगभग 50 वर्षीय शफीक अहमद भवानी गंज में अपना ठेला लगाकर सब्जी बेच रहे थे। तभी एक ऑल्टो तेज गति से आते हुए शफीक अहमद से टकरा गई। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया। मौके पर ही पुलिस ने कार चालक को मय कार के पकड़ लिया। घायल को उपचार के लिए भर्ती किया गया है। कार किसी काशीपुर निवासी की बताई जा रही है।

उपाध्यक्ष ने कहा-जिस तरह संस्कृत व अंग्रेजी पढ़ाई जा रही है, वैसे ही रामायण पढ़ाई जाए

अल्पसंख्यक आयोग मदरसों में रामायण पढ़ाने के पक्ष में

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के बाद अब अल्पसंख्यक आयोग ने भी मदरसों में रामायण पढ़ाने का समर्थन किया है।

अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब ने कहा कि जिस तरह से राज्य सरकार मदरसों में संस्कृत और अंग्रेजी विषय पढ़ा रही है। इस तरह मुस्लिम बच्चे संस्कृत और अंग्रेजी पढ़ रहे हैं। मदरसों में एनसीईआरटी भी लागू की गई है। ऐसे में यदि मदरसों में रामायण पढ़ाई जाती है तो किसी को भी आपत्ति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ज्ञान मिलता है। हिंदू-मुस्लिम धर्म के कई लोग हैं जो अन्य धर्मों के बारे में जानना, पढ़ना चाहते हैं। ऐसे में यदि मदरसों में रामायण पढ़ाई जाएगी तो बच्चों को ज्ञान मिलेगा। इसको लेकर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

कांग्रेस को सिर्फ राजनीति से मतलब

नवाब ने कहा कि कांग्रेस मदरसों में रामायण पढ़ाए जाने का विरोध कर रही है तो केवल राजनीति कर रहे हैं। आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा से मुस्लिम समुदाय को धोखा देने का काम किया है जिसका यह नतीजा है कि आज मुस्लिम समुदाय शिक्षा के क्षेत्र में काफी पीछे है।

सबसे पहले वक्फ बोर्ड के चेयरमैन शादाब शम्स ने की थी रामायण पढ़ाने की पैरवी

अयोध्या में रामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर बनने के बाद उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के चेयरमैन शादाब शम्स ने कहा था कि राज्य के मदरसों में रामायण पढ़ाई जाएगी। उनका यह बयान सुर्खियों में रहा था। उन्होंने कहा था कि श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं, उनके जीवन की हर घटना प्रेरणादायक है इसलिए अल्पसंख्यक समाज के लोगों को भी उनके बारे में जानना चाहिए। मदरसों में रामायण पढ़ाने के बयान के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपनी मिश्रित प्रतिक्रिया व्यक्त की थी।

मदरसा और मस्जिद हटाने के लिए तैनात होगी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मलिक का बगीचा में अवैध तरीके से बनाए गए मदरसा और मस्जिद पर कार्रवाई किए जाने की तैयारी चल रही है। इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए भारी पुलिस बल का इंतजाम किया जा रहा है।

पूर्व में नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम ने मलिक के बगीचे में अवैध मस्जिद और मदरसे को निरीक्षण किया था। जब भूमि स्वामी से जमीन के दस्तावेज मांगे गए तो वह इसे नहीं दिखा पाया। मंगलवार को नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने मदरसे को स्वंय ध्वस्त करने के लिए कब्जेदारों को नोटिस भेजा था। मामले को लेकर अल्पसंख्यक समुदाय ने अपना आक्रोश भी जताया था। नगर प्रशासन के सूत्रों से जानकारी मिली है कि उक्त मदरसे और मस्जिद पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पुलिस से फोर्स का इंतजाम करने के लिए कहा गया है। हालांकि इस मामले में कोई भी अधिकारी खुल कर बोलने को तैयार नहीं है।

सतर्कता

- मलिक का बगीचा में अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन ने शुरू की तैयारी

ओखलकांडा में भालू ने ग्रामीण को घायल किया

भीमताल: विकासखंड ओखलकांडा में भालू ने हमला कर एक ग्रामीण को गंभीर रूप से घायल कर दिया। सामाजिक कार्यकर्ता आन सिंह ने बताया कि देर शाम की घटना सुनकोट की है।

सुनकोट निवासी सुरेश सिंह बोरा पर भालू ने उस वक्त हमला कर दिया जब वह घर के पास खड़ा था। बताया कि परिजन तीन किमी पैदल सुरेश सिंह बोरा को लेकर मुख्य मार्ग तक लाए और वहां से हल्द्वानी को निजी वाहन में ले गए। क्षेत्र के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है।

जवाहर नगर की जैम फैक्ट्री पर चला बुलडोजर

नगर निगम ने तीन एकड़ जमीन पर अपना कब्जा लिया, अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी, निर्माण तोड़े

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम ने राजपुरा के जवाहर नगर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। भारी पुलिस बल के साथ पहुंची टीम ने यहां अवैध निर्माण को ढहा दिया। साथ ही तीन एकड़ जमीन पर कब्जा ले लिया।

नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में हल्द्वानी में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी है। सालों से अतिक्रमण करके कब्जाई गई जमीनों को नगर निगम वापस अपने कब्जे में ले रहा है। गुरुवार को अपरान्ह में संयुक्त टीम ने जवाहर नगर की जैम फैक्ट्री में कार्रवाई की। यहां बने निर्माणों पर बुलडोजर चला दिया गया। लोगों ने जमीन पर कब्जा करके अवैध भवन तक बना लिए थे।

बुलडोजर चलता देख पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने बताया कि बताया कि जैम फैक्ट्री के लिए पूर्व में तीन एकड़ भूमि को लीज पर दिया गया था।

लीज समाप्त होने के बाद भी जमीन को खाली नहीं किया गया था। जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया और यहां निर्माण भी शुरू कर दिए गए थे। उल्लेखनीय है कि यहां पर पहले जैम फैक्ट्री थी जो बंद हो गई थी।

भवन बनाकर रहने लगे : जैम फैक्ट्री की जमीन पर कब्जा करने के बाद यहां लोगों ने अंधाधुंध भवन बनाने शुरू कर दिए थे। गुरुवार को जब कार्रवाई की गई तो लोग अपने घरों का सामान निकालने लगे और गाड़ियों में डालकर ले गए।

जैम फैक्ट्री में दूसरे दिन कार्रवाई करते नगर निगम कर्मचारी, अतिक्रमण ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार



घर के पीछे के दरवाजे को किया सील।

> यह भूमि पहले लीज पर ली गई थी। बाद में लीज खत्म हो गई और जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया था। इसे अब खाली करवा दिया गया है। **-पंकज उपाध्याय**, नगर आयुक्त, हल्द्वानी

नाप में जमीन निकली कम

हल्द्वानी : अधिकारियों के अनुसार पूर्व में जितनी जमीन लीज पर दी गई थी। कब्जे में ली गई जमीन उतनी नहीं है। इसकी जांच की जाएगी कि बाकी जमीन पर कहां कब्जेदार हैं।

नजूल भूमि को किया जा रहा चिन्हित

हल्द्वानी : नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने कहा कि शहर में नजूल की जमीनों को चिन्हित किया जा रहा है जहां पर अतिक्रमण किया गया है। उन सभी जमीनों को खाली करवाया जाएगा। कहा कि जैम फैक्ट्री में जिस जमीन को खाली करवाया गया है वहां पर तुरंत ही नगर निगम के वाहनों को खड़ा करने का स्थान बना दिया गया है।

पांच दिन में सात एकड़ जमीन पर कब्जा

हल्द्वानी : नगर निगम ने रविवार से अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया था। मलिक और नजाकत के बगीचा के बाद राजपुरा में भी कार्रवाई की गई। पांच दिन में करीब सात एकड़ जमीन पर नगर निगम ने कब्जा कर लिया है।

एसटीएच में बाइक पार्किंग के ठेके को लेकर मारपीट

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: मेडिकल कॉलेज और उसके अधीन सुशीला तिवारी अस्पताल में बाइक पार्किंग के ठेके के लिए दबंगई का मामला सामने आया है। यहां अपने लोगों को टेंडर दिए जाने के मामले का खुलासा हुआ है। आरोप है कि टेंडर डालने आए दूसरे लोगों के साथ मारपीट तक हुई है।

एसटीएच बाइक पार्किंग का ठेका होना था। वहां अब तक सात टेंडर बिके थे। गुरुवार को ही टेंडर खुलना था और उसी दिन टेंडर डालने की अंतिम तिथि भी थी। गुरुवार को मेडिकल कॉलेज के प्रशासनिक भवन में टेंडर खोले जाने की शुरूआत हुई। टेंडर डालने वालो में शामिल मो. तसलीम, मो. सलीम, शहनवाज आदि का आरोप है कि सात में तीन टेंडर डाले गए और चार टेंडर डालने ही नहीं दिए गए। जब वह वहां टेंडर डालने गया तो वहां मौजूद पूर्व ठेकेदार ने दबंगई दिखाना शुरू कर दिया।

आरोप है निविदा फार्म को पूर्व ठेकेदार ने फाड़ दिया और धक्का मुक्की के साथ ही मारपीट भी की। वहां पूर्व ठेकेदार के समर्थन में 10 से 15 लड़के भी मौजूद थे। पीड़ित पक्ष ने इसकी शिकायत पुलिस और प्राचार्य अरुण जोशी से की है। प्राचार्य ने मामले की जांच की बात कही है। हालांकि गुरुवार को एसटीएच की बाइक का टेंडर नहीं हो पाया है। अब बुधवार को फिर से टेंडर खोला जाएगा।

दुस्साहस

- दबंगई दिखाकर टेंडर डलने ही नहीं दिए
- पूर्व ठेकेदार ने अन्य के टेंडर फार्म तक फाड़ दिए

> पार्किंग टेंडर को लेकर एक पक्ष ने आरोप लगाया कि उनको दूसरे पक्ष में टेंडर डालने का मौका नहीं दिया। शिकायत मिलने के बाद टेंडर के मामले को बुधवार तक बढ़ा दिया गया है। बुधवार को टेंडर दोबारा से खोले जाएंगे। **-डॉ. अरुण जोशी**, प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी

एम्स जा रहे वृद्ध की हादसे में मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बेटी के साथ इलाज के लिए कार से एम्स से जा रहा वृद्ध सड़क हादसे का शिकार हो गया। अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई और हादसे में वृद्ध की मौत हो गई। जबकि बेटी बुरी तरह घायल हो गई। लड़की को इलाज के लिए सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक मोहनी कालोनी कटघरिया मुखानी निवासी 65 वर्षीय मोहन सिंह बिष्ट हृदय रोग से ग्रसित हैं। एक फरवरी को उनकी 32 वर्षीय बेटी अदिति उन्हें कार संख्या यूके 04 वाई से इलाज के लिए एम्स ऋषिकेश ले जा रही थी। कार अदिति चला रही थी। बताया जाता है कि बाजपुर में टूटी फैक्ट्री के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। सूचना मिलने पर सुबह करीब 5 बजे पुलिस मौके पर पहुंची। कार में दोनों बुरी तरह घायल थे। आनन-फानन में पुलिस ने दोनों को कार से निकाल कर 108 के एंबुलेंस के जरिये सीएससी बाजपुर भेजा। जहां से दोनों हायर सेंटर हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। यहां उपचार के दौरान मोहन सिंह बिष्ट की मौत हो गई। जबकि बुरी तरह घायल अदिति का इलाज जारी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

दुखद

- बेटी के साथ जा रहे वृद्ध की कार बाजपुर में पेड़ से टकराई
- बेटी गंभीर रूप से घायल, इलाज के लिए लाया गया एसटीएच

युवक ने जहर खाकर जान दी

हल्द्वानी : गोरापड़ाव निवासी एक व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थिति में विषैला पदार्थ निगल लिया। परिजन उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल लेकर आए। जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार फत्ताबंगर निवासी भैरव लोशाली खेतीबाड़ी करते हैं। उन्होंने 31 जनवरी को कोई विषैला पदार्थ निगल लिया। इससे उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

83 वर्षीय वृद्धा ने किया नेत्रदान

हल्द्वानी: एसटीएच के आई बैंक अर्जुन नेत्र कोष के लिए गुरूवार को 83 वर्षीय इन्द्रा रानी अग्रवाल ने नेत्रदान किया। वह हल्द्वानी में अंबिका विहार, नैनीताल रोड निवासी हैं।

नेत्र रोग विभाग व प्रभारी अर्जुन नेत्र कोष डॉ. जीएस तितियाल ने बताया कि आई बैंक स्थापित के बाद अभी तक 23 लोगों ने नेत्रदान किया, जिसमें 44 कॉर्निया का प्रत्यारोपण कर 39 लोगों को नेत्र ज्योति मिली। डॉ. तितियाल ने बताया कि गुरूवार को भी एक वृद्धा ने आई बैंक में नेत्रदान किया है, पूर्व में उनके पति रमेश चन्द्र अग्रवाल ने भी नेत्रदान किया था। बताया कि नेत्रदान के लिए रजिस्ट्रेशन नेत्र विभाग के अर्जुन आई बैंक में किसी भी कार्यदिवस में आकर कर सकते हैं।

गैस गोदाम में घुसे चोर को वॉच मैन ने मारी गोली

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नानकमत्ता में गैस गोदाम में चोरी करने घुसे चोर ने पकड़े जाने पर लाठी से वॉच मैन पर हमला कर दिया। जबाव में वॉच मैन ने गोली चला दी और चोर बुरी तरह घायल हो गया। तीन दिन से उसका एसटीएच में इलाज चल रहा था। जहां गुरुवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

गड़ी पट्टी नानकमत्ता ऊधमसिंहनगर निवासी कुलदीप सिंह (38 वर्ष) 28 जनवरी की रात गोली लगने से घायल हो गया था। नानकमत्ता थाने के एसआई लक्ष्मण सिंह ने बताया कि कुलदीप पर तिरुपति भारत गैस ग्रामीण वितरण के गोदाम में घुसकर चोरी करने का आरोप था। इस मामले में गैस गोदाम के सुरक्षा गार्ड परशुराम की ओर से मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि कुलदीप गोदाम में घुसकर दो सिलेंडर चोरी करके ले जा रहा था। जब उसे रोका गया तो उसने गार्ड पर लाठी से हमला किया। खुद के बचाव में सुरक्षा गार्ड ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से फायर कर दिया। फायरिंग में घायल हुए कुलदीप को इलाज के लिए एसटीएच में भर्ती कराया गया था। गुरुवार को युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची मेडिकल पुलिस ने शव को मोर्चरी भेज दिया। डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

रामनगर में अस्पताल के बाहर खड़ा घायल। ● अमृत विचार

गोली लगने से बाल-बाल बचा युवक

रामनगर। एक युवक गुरुवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में सिर के पिछले हिस्से में गोली लगने से बाल-बाल बच गया। गोली उसके सिर को छूते हुए निकल गई। मोहल्ला बंबाघेर निवासी घायल युवक लक्की कश्यप ने बताया कि वह दोपहर अपने कुछ दोस्तों के साथ एमपी इंटर कॉलेज के क्रीड़ा मैदान में बैठा हुआ था। उसका आरोप है कि इसी बीच पीछे से दो अज्ञात लोगों ने उस पर तमंचे से फायर किया और फरार हो गए। घायल का कहना है कि वह जब तक पीछे मुड़ा तब तक दोनों मौके से भाग चुके थे।

चोरगलिया में बैठक करते खनन वाहन स्वामी। ● अमृत विचार

रेत का रेट कम करने से भड़के वाहन स्वामी

चोरगलिया। एलएससी स्टोन क्रशर ने चार दिन में रेता बजरी के रेट 4 रुपये घटा दिए हैं। इससे भड़के खनन व्यवसायियों में भारी आक्रोश है। नंधौर नदी में खनन से जुड़े वाहन स्वामियों ने इसको लेकर गुरुवार को एक बैठक बुलाई। वाहन स्वामियों का कहना था कि पूर्व में एसडीएम व डीएलएम ने हमें विश्वास में लेकर खनन कार्य शुरू करवाया था। अब चार दिन में चार रुपये रेट घटाकर हमारे सामने संकट पैदा कर दिया है। प्रधान नंदन बोरा का कहना था कि इस शोषण के खिलाफ आवाज उठानी होगी। इस दौरान अध्यक्ष सुरजीत कौर ने स्टोन क्रशर मालिक अभिषेक अग्रवाल को फोन किया। फोन पर अग्रवाल ने कहा कि इस समय माल का उठान नहीं हो पा रहा है क्योंकि माल मंडी में काफी मंदी चल रही है इसलिए हम रेट नहीं बढ़ा सकते। इसको लेकर अध्यक्ष और अभिषेक अग्रवाल में कहासुनी भी हुई। अग्रवाल ने कहा कि वह अभी बाहर गए हुए हैं रविवार को आकर खनन व्यवसायियों से वार्ता करेंगे। खनन व्यवसायी हेमू बजेठा ने कहा कि जब तक क्रशर मालिक नहीं आ जाते हमें पुराना रेट ही मिलना चाहिए। इस पर स्टोन क्रशर मालिक ने सहमति जता दी है।

बारिश में बिजली कटौती ने किया लोगों को परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: बिजली की कटौती ने एक बार फिर लोगों को परेशान किया। बारिश में बिजली की आपूर्ति न होने से लोगों को दिक्कतें हुईं। मुखानी फीडर और देवलचौड़ फीडर से आपूर्ति ठप होने से क्षेत्र के लोग ठंड के मौसम में बिजली के उपकरणों का इस्तेमाल नहीं कर पाए।

आम जनता के साथ ही दुकानदारों ने भी परेशानी झेली। बिजली से संबंधित उपकरणों का इस्तेमाल करने वाले दुकानदारों का काम बाधित रहा। बिजली के आने-जाने का सिलसिला दिनभर चलता रहा जिस कारण ठंड भरे दिन में लोगों को राहत नहीं मिली। यूपीसीएल ग्रामीण के ईई डीडी पांगती ने बताया कि पहली बारिश के कारण कई लाइनों में दिक्कत आई। उन्होंने बताया कि बारिश में नमी के कारण कई पोलों के इंसुलेटर में दरार आ जाती है जिस कारण लाइन में फॉल्ट आ जाता है और आपूर्ति बाधित हो जाती है। पांगती ने बताया कि सभी पोलों व लाइनों को दुरूस्त किया जाएगा।

वहीं, दूसरी तरफ कठघरिया उपसंस्थान में 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर को बदलकर 11 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जाना था लेकिन गुरुवार को बारिश होने के कारण यह काम नहीं हो पाया। डीडी पांगती ने बताया कि आज (शुक्रवार को) मौसम साफ रहने पर इसे बदला जाएगा जिस कारण फतेहपुर, दमुवाढूंगा, बचीनगर, बसानी और बिठौरिया फीडर से सुबह 9 से शाम 6 बजे तक शटडाउन रहेगा।

दो ट्यूबवेल खराब होने से बना हुआ है जलसंकट

हल्द्वानी : दो ट्यूबवेल खराब होने से पानी का संकट बना हुआ है। कठघरिया के घूनी नं. 1 और कॉलटैक्स के पास स्थित ट्यूबवेल खराब होने से पानी का संकट बना हुआ है। दोनों ट्यूबवेल के खराब होने से 15 हजार से अधिक की आबादी प्रभावित रही। जल संस्थान के ईई रविशंकर लौशाली ने बताया कि दोनों को ट्यूबवेल को ठीक किया जा रहा है। वही, शीशमहल फिल्टर प्लांट के इंचार्ज नीरज तिवारी ने बताया कि बिजली कटौती के कारण ट्यूबवेल की पंपिंग में दिक्कत आ रही है जिस कारण पानी की आपूर्ति बाधित हो रही है।

केंद्र ने मांगे सर्वोत्तम पर्यटन प्रतियोगिता के लिए आवेदन

हल्द्वानी : पर्यटन विकास परिषद एवं केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के निर्देशानुसार सर्वोत्तम पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता एवं सर्वोत्तम ग्रामीण होम स्टे प्रतियोगिता-2024 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित मांगे गए हैं। इसकी अंतिम तिथि 15 फरवरी 2024 है।

जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि केंद्र के निर्देशानुसार होम स्टे स्वामी, ग्राम प्रधान व एनजीओ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए www.rural.tourim.gov.in पर किया जा सकता है। इसमें हेरिटेज, एग्री टूरिज्म, क्राफ्ट, टूरिज्म ग्रीन विलेज, वाइब्रेंट विलेज, एक्सेसिबल टूरिज्म, क्लीनेस्ट विलेज आदि श्रेणियां निर्धारित की गईं हैं जिनमें आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए पर्यटन विभाग के दफ्तर में आवेदन कर सकते हैं।

एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल प्रभारी को किया निलंबित

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कुछ ही दिन पहले लामाचौड़ चौकी को लाइन हाजिर करने वाले एसएसपी का चाबुक फिर चल गया है। इस बार एसएसपी ने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल की प्रभारी समेत तीन पुलिस कर्मियों को निलंबित किया है। निलंबित होने वालों में भीमताल थाने के थानाध्यक्ष की चालक भी शामिल है। इन पर ड्यूटी में लापरवाही और अनियमितता बरतने पर कार्रवाई की गई है।

बता दें कि लामाचौड़ चौकी के प्रभारी समेत चौकी के अन्य पुलिस कर्मियों को एसएसपी ने चौकी के भीतर जुआ खेलने पर लाइन हाजिर किया था। अब एंटी ह्यूटन ट्रैफिक सेल की प्रभारी एसआई दीपा जोशी एंटी पर गाज गिरी है। कांस्टेबल मोहन सिंह इसी यूनिट के सदस्य थे। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के अनुसार प्रभारी व सिपाही के विरुद्ध अनियमित्ता व ड्यूटी में लापरवाही समेत कई अन्य शिकायतें मिल रही थी। शिकायतों की जांच कराई गई। जिसमें आरोप सही पाए गए।

दोनों पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं भीमताल थाने के वाहन चालक हिमांशु जोशी ड्यूटी में लापरवाही बरत रहे थे। उनकी रिपोर्ट थानाध्यक्ष ने एसएसपी को भेजी थी। गुरुवार को एसएसपी ने चालक हिमांशु को भी निलंबित कर दिया है।

कार्रवाई

- ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर एसएसपी ने की कार्रवाई
- दो सिपाही भी नपे, भीमताल थानाध्यक्ष का चालक शामिल

ग्राम प्रधानों ने की पंचायतों का कार्यकाल दो साल बढ़ाने की मांग

ग्राम प्रधान संगठन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा, कोविड-19 महामारी का हवाला देते हुए दो साल बढ़ाने को कहा, एक राज्य एक चुनाव की भी बात कही

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ग्राम प्रधान संगठन ने त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल दो साल बढ़ाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

गुरुवार को ग्राम प्रधान संगठन ने एसडीएम परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंपकर कहा कि प्रदेश में वर्ष 2019 में त्रिस्तरीय पंचायत के चुनाव हुए थे। पंचायत गठन के तुरंत बाद अगले दो वर्षों तक कोविड-19 महामारी का प्रकोप रहा। इसमें इन पंचायतों के प्रतिनिधियों ने गांवों को इस महामारी से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह की। हालांकि इन दो वर्षों में मुख्य कार्य पूरी तरह ठप रहे। पंचायतों की एक भी बैठक नहीं हुई। पंचायत एक्ट के अनुसार यदि बैठकें नहीं हुई हैं तो उक्त समय को पंचायत कार्यकाल में नहीं जोड़ा जा सकता है। इसलिए एक्ट के अनुसार भी कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। वहीं, गठन के बाद से अभी तक राज्य के सभी जिलों में एक बार भी पंचायत चुनाव एक साथ संपन्न नहीं हुए हैं। यदि कार्यकाल बढ़ाया जाता है तो हरिद्वार के चुनाव भी राज्य के अन्य जिलों के साथ संपन्न होंगे। इस तरह एक राज्य एक चुनाव अवधारणा को भी मदद मिलेगी। इस दौरान रुकमणि नेगी, विनीता नौला, चित्रा बिष्ट, हीरा सिंह बिष्ट, हरक सिंह बिष्ट, भूपाल सिंह वोरा, उमा रैक्वाल, रमा मेहता, निशा कुल्याल, कुसुम वोहरा, हरेंद्र असगोला, तनुजा पांडे, ममता, सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।

हल्द्वानी में एसडीएम परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंपते ग्राम प्रधान संगठन के सदस्य। ● अमृत विचार

बीडीसी सदस्यों ने भी सौंपा ज्ञापन

ब्लॉक प्रमुख रूपा देवी के नेतृत्व में बीडीसी सदस्यों ने एसडीएम परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने भी त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल दो साल बढ़ाने की मांग की। इस दौरान बीडीसी सदस्य कमला आर्या, कल्पना सामंत, धर्मेंद्र सिंह रैक्वाल, गौरव मेहरा आदि मौजूद रहे।

कोटाबाग और भीमताल में भी उठी मांग

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार: कोटाबाग ब्लॉक के त्रिस्तरीय पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने पंचायतों का कार्यकाल दो वर्ष बढ़ाने व एक राज्य एक चुनाव की मांग की।

गुरुवार को ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल व ग्राम प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष हीरा बल्लभ बधानी के नेतृत्व में दर्जनों ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य ने तहसील परिसर में पहुंचकर एसडीएम रेखा कोहली को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कनिष्ठ प्रमुख कुलदीप तडियाल, ज्येष्ठ प्रमुख शशि डंगवाल, मदन बधानी, जोगेन्द्र प्रसाद, अनिल चम्याल, चन्द्र प्रकाश बुढलाकोटी, तारा चंद्र, मीना सैनी, आरती टम्टा, तुलसी देवी, सर्वजीत कौर, पूजा देवी आदि मौजूद थे।

भीमताल : ग्राम प्रधान संगठन की अध्यक्ष हेमा आर्य ने खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को कार्यकाल 2 वर्ष बढ़ाए जाने के लिए सामूहिक रूप से ज्ञापन भेजा है। इस दौरान प्रधान हेमा आर्य, राधा कुल्याल, प्रेम मेहरा, प्रदीप कुमार, संजय कुमार, पूरन भट्ट, नवीन पलड़िया, कमला आर्य, दिनेश आर्य, डीके शर्मा, पवन बेलवाल, विनोद आदि रहे।

एसडीएम रेखा कोहली को ज्ञापन सौंपते ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल व अन्य।

भीमताल में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजते प्रधान संगठन के पदाधिकारी।

सार-संक्षेप

पूर्वा कार्की को मिली 13,500 डॉलर की छात्रवृत्ति

हल्द्वानी : आर्डन प्रोग्रेसिव स्कूल, लामाचौड़ में कक्षा 12वीं की छात्रा पूर्वा कार्की ने उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति प्राप्त की है। पूर्वा को संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थित एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए 13,500 डॉलर की छात्रवृत्ति मिली। पूर्वा की इस उपलब्धि पर पूरे विद्यालय परिवार ने ख़ुशी जताई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इनरव्हील क्लब के कार्यक्रम में प्रतिभाग करतीं पदाधिकारी व सदस्य।

समाज के उत्थान व क्लब को आगे बढ़ाने पर दिया जोर

हल्द्वानी : इनर व्हील क्लब ऑफ हल्द्वानी ने नैनीताल रोड स्थित एक होटल में गुरुवार को अपने सहयोगी क्लब इनर व्हील राइजिंग के साथ डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन संध्या गुप्ता का स्वागत किया। चेयरपर्सन संध्या गुप्ता ने कार्यकारिणी और आमसभा की बैठक ली। कार्यक्रम में इनरव्हील क्लब ऑफ हल्द्वानी ने एक जरूरतमंद व्यक्ति को व्हील चेयर दी और डॉटर क्लब ने कल्याणम् स्कूल को एक हारमोनियम और तबला दान किया। संध्या गुप्ता ने क्लब के सदस्यों को समाज के उत्थान के लिए काम करने के साथ ही क्लब को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। इस मौके पर अध्यक्ष इंदु पांडे, राइजिंग अध्यक्ष मीतू मित्तल, चार्टर अध्यक्ष लिली सिंह, संतोष शारदा, मीना वार्ष्णेय, रश्मि, रीता, निवेदिता, अमिता पांडे मौजूद रहे।

बैठक के उपरांत मौजूद गोरखा समिति के लोग। ● अमृत विचार

भाषा के विकास को एकजुट रहने का संकल्प

रामनगर : गोरखा विकास समिति की बैठक में गोरखा संस्कृति व भाषा को बढ़ावा दिए जाने का संकल्प लिया गया। ग्राम हल्दुवा, रामनगर में खुली बैठक में वक्ताओं ने कहा कि संगठन को मजबूत किया जाना जरूरी है। जब संगठन मजबूत होगा तभी गोरखा समाज की समस्याओं के निदान के लिए सरकार व जनप्रतिनिधियों से बात की जाएगी। बैठक के दौरान ब्लॉक स्तर पर शाखा समिति का गठन किया गया। इसमें ब्लॉक अध्यक्ष पद नरेंद्र बहादुर, ब्लॉक सचिव पद पर कविता बोहरा, ब्लॉक कोषाध्यक्ष पद पर बबिता देवी का सर्वसम्मति से चयन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य अध्यक्ष बालम सिंह व संचालन मुख्य सचिव मनोज थापा ने किया। मीडिया प्रभारी दिनेश चंद्र ने बताया कि गोरखा समाज के विकास के लिए सभी मौजूद सदस्यों ने एकजुट होकर संकल्प लिया।

व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में टम्टा ने निभाई अहम भूमिका

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार: खैरना चौकी परिसर में हुए कार्यक्रम में एएसआई गिरीश चंद्र टम्टा को सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई। वक्ताओं ने कहा की एएसआई ने अपनी बेहतर कार्यप्रणाली से क्षेत्र में व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने को गंभीरता से कार्य किया। कहा की एएसआई का कार्यकाल हमेशा याद रखा जाएगा। चौकी परिसर में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता चौकी प्रभारी दिलीप कुमार ने की। इस दौरान राजेंद्र सती, प्रयाग जोशी, जगदीश धामी, भावना बिष्ट, गोविंद नेगी, दिलीप सिंह बोहरा, गजेंद्र सिंह, प्रताप सिंह मौजूद रहे।

चीफ फार्मासिस्ट को दी भावभीनी विदाई

गरमपानी : चीफ फार्मासिस्ट के पद पर तैनात मदन मोहन कैड़ा को अस्पताल सभागार में हुए कार्यक्रम में सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई। व्यापारियों, पंचायत प्रतिनिधियों व क्षेत्रवासियों ने उनके कार्यकाल की सराहना की। सीएचसी सभागार में चीफ फार्मासिस्ट मदन मोहन कैड़ा के सेवानिवृत्त पर हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा प्रभारी डा. सतीश पंत ने की। चिकित्सा प्रभारी डा. सतीश पंत ने कहा की चीफ फार्मासिस्ट मदन मोहन कैड़ा का कार्यकाल हमेशा यादगार रहेगा।

भगवान राम के जयकारों के साथ रामकथा का पारायण

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे से सटे गडस्यारी गांव स्थित भगवती मंदिर में हवन पूर्णाहुति व महाआरती के बाद लगे भंडारे के साथ श्रीराम कथा का पारायण हो गया। भंडारे में आसपास के गांवों से आस्था का सैलाब उमड़ा। कथा व्यास पंडित शिवदत्त पाठक ने श्रद्धालुओं से भगवान राम के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। बताया की असत्य पर सत्य की जीत हमेशा होती है।

हाइवे से सटे गडस्यारी गांव स्थित भगवती मंदिर में सुबह धर्माचार्यों ने यजमानों से धार्मिक अनुष्ठान पूरे करवाए। विधी विधान से पूजा अर्चना के साथ रामकथा शुरु हुई कथा सुनने को आसपास के काकड़ीघाट, सूरी, बेड़गांव, सड़का, हरडे, सुनियाकोट, जौरासी, सुयालबाड़ी सुयालखेत समेत तमाम गांवों से सैकड़ों लोग भगवती मंदिर पहुंचे।

कथा व्यास पंडित शिवदत्त पाठक ने पुरुषोत्तम भगवान राम की लीलाओं का वर्णन किया। कहा की भगवान राम ने अहंकारी रावण का वध कर असत्य पर जीत की गाथा लिखी। कथा व्यास ने श्रद्धालुओं से भगवान राम के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। बताया की ईश्वर कण कण में विराजमान हैं। बाद में हवन पुर्णाहुति व महाआरती के बाद विशाल भंडारा लगा। सैकड़ों राम भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। प्रभु राम के जयकारों से समूचा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। भजन मंडली ने शानदार भजनों की प्रस्तुति दे श्रद्धालुओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान नारायण सिंह, महेंद्र सिंह बिष्ट, शेखर चंद्र तिवारी, धर्म सिंह कनवाल, राजेंद्र सिंह कनवाल आदि व्यवस्था बनाने में जुटे रहे।

आस्था

- पूर्णाहुति व महाआरती के बाद लगा भंडारा
- कथा श्रवण को आसपास के गांवों से उमड़ रहे लोग

वीरांगनाओं का सम्मान, शहीदों को अर्पित किए श्रद्धा सुमन

उत्साह

- गौरव सेनानी कल्याण समिति जंगी सिक्स संगठन ने मनाया छह कुमाऊं का स्थापना दिवस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : छह कुमाऊं का 84वां स्थापना दिवस गौरव सेनानी कल्याण समिति जंगी सिक्स संगठन ने धूमधाम से मनाया। संगठन के सदस्यों ने वीरांगनाओं का सम्मान किया और शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और देश भक्ति गीतों पर गौरव सेनानी जमकर झूमे।

जगदंबानगर स्थित एक वैंक्वट हॉल में आयोजित हुए कार्यक्रम में 90 वर्षीय पूर्व कैप्टन कृपाल सिंह रावत बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। कैप्टन रावत छह कुमाऊं की शुरूआती पलटन में तैनात रहे थे। मुख्य अतिथि कैप्टन के साथ संगठन अध्यक्ष पूर्व सूबेदार मेजर राजेंद्र सिंह मेहरा, सचिव कैप्टन विजय कुमार जोशी, संरक्षक कैप्टन पुष्कर सिंह डसीला ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि और जिला पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारी कैप्टन पुष्कर सिंह भंडारी ने केक काटा। जिसके बाद छह कुमाऊं के चार शहीद जवानों की वीरांगनाओं को सम्मानित किया। छह कुमाऊं के वर्तमान कमांडर ऑफिसर कर्नल रवि पवार और सूबेदार मेजर किशन सिंह बिष्ट के बधाई संदेश पढ़ा गया। कार्यक्रम के अंत में छोलिया नृत्य और देशभक्ति गीतों पर पूर्व सैनिक जमकर ठुमके।

छोलिया नृत्य के दौरान झूमते पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

डीएसए में नई कार्यकारणी के लिए मतदान आज

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : जिला क्रीड़ा संघ नैनीताल की नई कार्यकारिणी को लेकर शुक्रवार को डीएसए सभागार में चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। चुनाव को लेकर डीएसए प्रबंधन ने तैयारी कर ली है। मुख्य चुनाव अधिकारी नगर पालिका प्रशासक केएन गोस्वामी ने बताया कि खेलों से जुड़ी रजिस्टर्ड संस्थाओं, स्कूलों के प्रतिनिधि चुनाव प्रक्रिया में प्रतिभाग करेंगे। चुनाव से पूर्व डीएसए की बैठक का आयोजन किया जाएगा। चुनाव में 46 संस्थाओं के 92 मतदाता मतदान करेंगे।

उधर, बैठक के हंगामेदार रहने के आसार हैं क्योंकि डीएसए से जुड़ी खेल संस्थाओं के कई सदस्यों ने समिति पर नियम विरुद्ध तरीके से कई खेल संस्थाओं को चुनाव प्रक्रिया में सम्मिलित करने का आरोप लगाया है। गुरुवार को ऐसी टीम के कई लोगों ने नगर पालिका के प्रशासक व एसडीएम केएन गोस्वामी से मुलाकात कर अपना विरोध दर्ज कराया।

कौशलम कार्यक्रम में छात्राओं से किया संवाद

हल्द्वानी : विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवश्यक है कि उनको भविष्य के लिए जरूरी दक्षताओं के साथ ही उनके पाठ्यक्रम में सीखने के नए-नए तरीकों को शामिल किया जाए। इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों में बीते सालों से कौशलम कार्यक्रम चलाया जा रहा है जो कि विद्यार्थियों में उद्यमशील मानसिकता और 21वीं सदी के कौशल विकसित करने के उद्देश्य से बनाया गया है। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बनभूलपुरा में गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्या सविता श्रीवास्तव, सन्दर्भदाता डाइट डॉ. मनोज चौधरी, नोडल अधिकारी पंकज ने निरीक्षण किया।

हल्दूचौड़ में डॉक्टरों समेत स्टाफ की तैनाती

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दूचौड़ में चिकित्साधिकारी, वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ सहित सात पदों पर नियुक्ति की गई है। सीएचसी हल्दूचौड़ में लंबे समय से स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की मांग की जा रही थी। हाईकोर्ट ने भी पूर्व में स्टाफ की नियुक्ति को लेकर आदेश दिया था।

आखिरकार सीएचसी हल्दूचौड़ में डॉक्टर सहित अन्य स्टाफ की तैनाती को लेकर आदेश जारी कर दिया गया है। सीएचसी हल्दूचौड़ में वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधीर कुमार कन्याल अपनी सेवाएं देंगे। डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह और डॉ. अम्मार युसुफ की चिकित्साधिकारी पद पर सीएचसी में तैनाती की गई है। फार्मासिस्ट पद पर हेमवती नंदन आर्या और मदन गिरी को तैनाती दी गई है। साथ ही लैब टैक्नीशियन का पदभार रीता गोस्वामी को दिया गया है। बीती दिसंबर में हाईकोर्ट ने हल्दूचौड़ में डेढ़ साल पहले निर्मित सीएचसी हल्दूचौड़ में चिकित्सा स्टाफ की नियुक्ति न होने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की थी।

डेढ़ साल पहले पूरा हो गया था निर्माण

सीएचसी हल्दूचौड़ का निर्माण डेढ़ साल पहले पूरा हो गया था लेकिन यहां स्वीकृत पदों पर तैनाती नहीं होने की वजह से सीएचसी सफेद हाथी साबित हो रहा था। आमजन ने भी इसके लिए काफी आंदोलन किया था। उल्लेखनीय है कि इस सीएचसी से लालकुआं, हल्दूचौड़ आदि क्षेत्र की जनता को काफी लाभ होगा।

हालात ताइक्वांडो की प्रैक्टिस कर रहे खिलाड़ियों को बचाव उपकरण तक नहीं दिए गए

प्रैक्टिस के लिए सामान तक नहीं, कैसे लाएंगे मेडल

ललित पांडे, हल्द्वानी

अमृत विचार: खिलाड़ियों से यह उम्मीद की जाती है कि वे ज्यादा से ज्यादा मेडल लाएं लेकिन सुविधाओं के नाम पर उन्हें कुछ नहीं दिया जाता। ताइक्वांडो की प्रैक्टिस कर रहे खिलाड़ियों को नाममात्र की सुविधाएं तक नहीं मिल रही हैं।

गौलापार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में ताइक्वांडो की प्रैक्टिस कर रहे खिलाड़ी बताते हैं कि विभाग की ओर से उन्हें हॉल व एक मैट दी गई है, इसके अलावा और कोई सुविधा नहीं है। उन्होंने बताया कि ताइक्वांडो में चोट लगने की आशंका रहती हैं, इसलिए खिलाड़ियों को बचाव उपकरणों के साथ खेलने होता है लेकिन विभाग की ओर से उन्हें एक भी उपकरण नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि यहां सभी बच्चे सीनियर खिलाड़ियों के उपकरणों से काम चलाते हैं लेकिन वे भी अब पुराने व कट-फट गए हैं।

> विभाग की ओर से ताइक्वांडो खिलाड़ियों को सारा सामान दिया जा रहा है। गौलापार स्टेडियम में खिलाड़ी एक साल से प्रैक्टिस कर रहे हैं।
> – **जानकी कार्की**, जिला क्रीड़ा अधिकारी

इधर, स्टेडियम में हर रोज 15-20 खिलाड़ी प्रैक्टिस के लिए आते हैं लेकिन उपकरण नहीं होने से उन्हें खेलने में परेशानियां आती हैं। खिलाड़ियों ने बताया कि ताइक्वांडो में चेस्ट गार्ड, हेड गार्ड, फुट गार्ड, आर्म गार्ड, हैंड ग्लव्स, फैन पैड, ईरानी पैड आदि उपकरण इस्तेमाल होते हैं लेकिन विभाग के पास इनमें से कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां एक ह्यूमन डमी तक नहीं है, जो ट्रेनिंग के लिए आवश्यक है।

दो महीने के लिए हटाए जाएंगे अस्थायी कोच, खिलाड़ी करेंगे बिना कोच के प्रैक्टिस

हल्द्वानी : फरवरी से अप्रैल तक अलग-अलग खेलों के कोच को हटा दिया जाएगा, जिससे इस दौरान खिलाड़ियों को बिना कोच के ही प्रैक्टिस व प्रतियोगिताओं में भाग लेना होगा। जिले के 30 में से 27 कोच की आगामी 15 फरवरी से 15 अप्रैल के बीच सेवा समाप्त कर दी जाएगी। अस्थाई तौर पर नियुक्ति इन कोच को हर साल करीब दो महीनों के लिए हटा दिया जाता है। इस दौरान इन्हें कोई मेहनताना नहीं मिलता व खिलाड़ियों को प्रैक्टिस कराने की भी कोई बाध्यता नहीं होती है। नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर एक कोच ने कहा कि हर साल हमें दो महीने बेरोजगार रहना पड़ता है। उन्होंने बताया कि शासनादेश (जीओ) में यह कंडीशन मेंशन होती है, इसलिए हमारी नियुक्ति के समय ही हमें इसकी सूचना दे दी जाती है। इधर, दो महीने तक कोच के न रहने का नुकसान खिलाड़ियों को उठाना पड़ता है। खिलाड़ियों ने बताया कि कोच की स्थाई नियुक्ति नहीं होने से उन्हें दो महीने परेशानियां आती हैं। उन्होंने कहा कि प्रैक्टिस में निरंतरता नहीं होने से उनका खेल प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि एक दिन की प्रैक्टिस न होने से उनके स्टेमना, टाइमिंग आदि में गिरावट आ जाती है। बैडमिंटन के एक खिलाड़ी ने कहा कि वह चाहते हैं कि रविवार को भी स्टेडियम खुले, ताकि उनकी प्रैक्टिस मिस न हो लेकिन जब कोच दो महीने के लिए उपलब्ध नहीं होंगे तो निश्चित तौर पर उनका खेल प्रभावित होगा। एक कोच ने कहा कि वह नियमित प्रैक्टिस नहीं करेंगे तो उनका भी खेल असंतुलित हो जाता है। अन्य शहर से आकर स्टेडियम में प्रैक्टिस कर रहे एक खिलाड़ी ने बताया कि दो महीने तक कोच के न होने पर वह भी अपने घर चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश होगी कि घर पर प्रैक्टिस करते रहें लेकिन कोच की देखरेख में कमियां पता चलती हैं व उन्हें समय पर सुधारा जा सकता है। बिना कोच के अंधरे में तीर चलाने जैसा है। खिलाड़ियों ने बताया कि खेलों में अक्सर कोई न कोई प्रतियोगिता चलती रहती हैं, इसलिए खिलाड़ियों के लिए स्थाई कोच होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसी साल अक्टूबर-नवंबर में नेशनल गेम होने हैं, उसके लिए जिले व राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों का चयन होगा लेकिन 15 अप्रैल तक कोच के न होने से खिलाड़ियों को दिक्कतें आएंगी।

||श्री:||
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
10 Years Anniversary
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस
स्ट्रिक्चर यूरेथरा/ किडनी रोग
नेत्र रोग
सफेद दाग
स्पाइनल समस्याएँ
बालों की समस्या
पाचन समस्याएँ
पोस्ट कोविड समस्याएँ
सर्दी खाँसी-दमा
सोरायसिस
थाइरायड समस्या
माइग्रेन/ मानसिक रोग
स्पोर्ट्स इंजरी
इन्फर्टिलिटी
बच्चों के रोग
गॉल ब्लैडर स्टोन
सौंदर्य समस्याएँ
स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण
गर्भ संस्कार
लीच थैरेपी
नेत्र तर्पण
उत्तर बस्ती
शिरोधारा
स्वर्ण प्राशन
पत्र पोट्टलि
अग्निकर्म
Google TOP RATED
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, विवेकानन्द हॉस्पिटल के सामने, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation svpayurvedaclinic.com

इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर लेकिन करदाताओं को राहत नहीं

आम बजट : केंद्र सरकार के अंतरिम बजट को लेकर सीए और आयकर अधिवक्ताओं ने सभी मुद्दों पर रखे अपने विचार

हल्द्वानी, अमृत विचार : आम बजट-2024 को लेकर पेशेवरों सीए और आयकर अधिवक्ताओं ने मिलीजुली राय प्रतिक्रिया दी है। उनका दावा है कि अंतरिम बजट से इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा। बैंकों को राहत मिलेगी और राजकोष का घाटा भी कम करने पर लक्ष्य है लेकिन आयकरदाताओं को निराशा हाथ लगी है। खासकर नौकरीशुदा लोगों को उम्मीदें थीं कि टैक्स स्लैब में बढ़ोत्तरी होगी लेकिन यह नहीं हुआ। स्टैंडर्ड डिडक्शन से कुछ तो राहत मिलेगी। पुराना आयकर माफी से भी करदाताओं को राहत मिलेगी। व्यापारियों के लिए भी 3 करोड़ तक के लिए टैक्स ऑडिट नहीं होने से उन्हें भी रिझाने का प्रयास किया गया है। बजट को लेकर जब सीए और आयकर अधिवक्ताओं से बातचीत की गई तो सभी मुद्दों पर बात की। पेश है सीए और आयकर अधिवक्ताओं से बातचीत के कुछ अंश :

आम बजट को मोबाइल पर देखते लोग। ● अमृत विचार

विशेषज्ञों की प्रतिक्रिया

आम बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर है लेकिन करदाताओं को बड़ी राहत नहीं है। इस बार के बजट में राजकोषीय घाटे को 26% से नीचे लाने की बात है हालांकि यह बजट अन्तरिम है। इस बजट में सरकार की आगे की नीतियों की झलक देखी जा सकती है।
-सरोज आनंद जोशी, सीए

इस बार के बजट में टैक्स रेट में कोई भी बदलाव नहीं है। नए स्लैब में स्टैंडर्ड डिडक्शन 50 हजार रुपये मिलेगी जो पिछले सालों में नहीं मिलती थी। व्यापारी वर्ग को 3 करोड़ तक के लिए टैक्स ऑडिट करने की जरूरत नहीं होगी बजट में कैश ट्रांजेक्शन 5% से अधिक नहीं हो। **-रोहित कांडपाल**, सीए

अंतरित बजट बहुत संतुलित है, इंफ्रास्ट्रक्चर पर पूरा जोर है। इस बजट से बैंक को ज्यादा फायदा होता दिख रहा है क्योंकि फिस्कल डेफीसिट 5.1% रहने से बैंक पर ज्यादा जोर नहीं पकड़ेगा। वित्तीय वर्ष 2009-10 तक की अवधि के लिए 25,000 तक और वित्तीय वर्ष 2010-11 से 2014-15 के लिए 10,000 रुपये तक की बकाया प्रत्यक्ष कर मांगों को वापस लिया जाएगा।
-अमन साह, सीए

बीते 10 वर्षों में प्रत्यक्ष कर का कलेक्शन दोगुना हो गया है। रिटर्न फाइल करने वालों की संख्या 2.4 गुना तक बढ़ गई है। करदाताओं की रकम का इस्तेमाल विकास और जन कल्याण के लिए किया जा रहा है पिछले 5 सालों में टैक्स पेयर सर्विसेज को बेहतर बनाने पर फोकस किया गया है।
-सुमित गुप्ता, आयकर अधिवक्ता

आम बजट सभी सेक्टरों में संतुलन बनाने का प्रयास है। आयकर स्लैब में कोई बदलाव नहीं होने से आयकरदाताओं में निराशा हुई है। पुरानी आयकर मांग माफी का वादा केंद्रीय वित्त मंत्री ने किया है, यह काफी सराहनीय कदम है।
-मजहर अली, आयकर अधिवक्ता

बहुत अधिक बदलाव नहीं करते हुए 7 लाख तक की कमाई को टैक्स फ्री कर दिया गया है। आउट स्टैंडिंग डायरेक्ट टैक्स डिमांड को वापस लेना सराहनीय कदम है। पुरानी डिमांड अवशेष है, उन्हें वापस लिया जाएगा। इससे छोटे व मध्यम करदाताओं को लाभ मिलेगा।
-संजय पांडेय, आयकर अधिवक्ता

राजनैतिक प्रतिक्रियाएं

संसद में पेश किए गए अंतरिम बजट कमजोर वर्ग, महिला, युवा और किसानों पर केंद्रित है। मध्यम वर्ग के घर खरीदने, एक करोड़ परिवारों को प्रति माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली और बुनियादी ढांचे का विस्तार होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार होगी। **-बंशीधर भगत**, कालाढूंगी विधायक

केंद्रीय बजट बेहद निराशाजनक हैं। इस बजट में किसान, युवा, आमजन, महंगाई, बेरोजगारी से निबटने की कोई व्यवस्था नहीं हैं। दो करोड़ युवाओं को हरवर्ष रोजगार, किसानों की आय दोगुना करने के वादे भी झूठे साबित हुए हैं। केंद्र ने अग्निवीर बनाकर पहाड़ के युवाओं के साथ धोखा किया है। **-सुमित हृदयेश**, हल्द्वानी विधायक

आम बजट में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कोई चर्चा नहीं की। उत्तराखंड के हाथ एक बार फिर खाली रह गए। ग्रीन बोनस पर कोई चर्चा नहीं की। जोशीमठ आपदा पैकेज भी नदारद हैं। पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए कॉरपोरेट टैक्स छूट दी गई है। यह जनविरोधी बजट भाजपा का विदाई बजट साबित होगा।
- यशपाल आर्य, नेता प्रतिपक्ष उत्तराखंड

टैक्स स्लैब में बदलाव तथा कर्मचारी हितों की घोषणा नहीं होने से कर्मचारी वर्ग में निराशा हुई है।
-असलम अली, जिलाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद नैनीताल

हेल्थ सेक्टर में खर्च 79 करोड़ से बढ़ाकर 90 हजार करोड़ करने से स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतरी आएगी। आयुष्मान का बजट बढ़ाना भी अच्छा कदम है। **-डॉ. अमित शर्मा**, रामनगर

लोकसभा में रखा गया बजट नौकरी पेशा वर्ग के लिए निराशाजनक है। कर्मचारी शिक्षकों को आशा थी कि टैक्स स्लैब में कोई बदलाव किया जाएगा पर बजट से सैलरी क्लास को मायूसी हाथ लगी है। इसी प्रकार पुरानी पेंशन पर भी बजट भाषण में कुछ नहीं कहा गया। **-नवेंदु मठपाल**, कर्मचारी शिक्षक संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष

सूर्योदय योजना से बिजली की समस्या हो जाएगी हल

रामनगर, अमृत विचार : केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रिया देखने को मिली। किसी ने इसे विकसित भारत के बजट की संज्ञा दी तो किसी ने इसे निराशा जनक बजट बताया है।

देश में सूर्योदय योजना के तहत 1 करोड़ घरों पर सोलर लगाए जाएंगे, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को भी बिजली मिल सकेगी। यह बजट विकसित भारत का बजट है। यह देश के निर्माण का बजट है।
-शलभ मित्तल, युवा व्यवसायी रामनगर

केंद्र सरकार का अंतरिम बजट युवा पीढ़ी के साथ-साथ महिलाओं के उत्थान में लाभकारी साबित होगा। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में यह बजट एक मील का पत्थर साबित होगा। **-विकास अग्रवाल**, युवा व्यवसायी रामनगर

बजट आशा के अनुरूप रहा। सरकार ने पहले ही नया कर स्लैब तैयार कर रखा है जिसके तहत 7 लाख तक आय का कर माफ है। आयकर रिटर्न आसानी से भरा जा सकता है और रिफंड भी जल्दी आ रहे हैं। वैसे भी देश में आयकर दाताओं की संख्या बहुत कम है इसलिए इस बजट में किसी परिवर्तन की उम्मीद नहीं थी।
-पूरन चन्द्र पांडे, अध्यक्ष टैक्स बार एसोसिशन रामनगर

आयकरदाताओं के लिए कोई टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया व न ही कोई छूट बढ़ाई गई। इनकम टैक्स भरने की प्रक्रिया आसान की गयी, रिफंड जारी करने में तेजी आई है यही बातें की गईं और अपनी उपलब्धियां गिनाईं गईं। इस बजट से मध्यम वर्ग के करदाताओं को काफी उम्मीदें थीं।
-गौरव गोला, एडवोकेट

व्यापारियों को और भी राहत की थी आस

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: अंतरिम बजट से व्यापारी ज्यादा खुश नहीं है। खासतौर से छोटे व्यापारियों ने ऑनलाइन शॉपिंग बाजार से हो रहे नुकसान की बात कही। परचून से लेकर जूता कारोबारी तक ऑनलाइन शॉपिंग से परेशान हैं।

उनका कहना है कि पिछले कुछ सालों में ऑनलाइन शॉपिंग की वजह से देखते ही देखते बिक्री आधी हो गई है। दुकानदारों को अपने दुकानों के स्टाफ तक कम करने पड़े हैं। वहीं बड़े व्यापारियों ने इस बजट को चुनावी बजट बता दिया है। व्यापारियों ने फ्री राशन को भी गलत बताया है। उनका मानना है कि इससे श्रमिक कर्महीन हो रहा है। साथ ही रोजगार के अवसर कम होने का असर भी व्यापार पर पड़ रहा है।

छोटे व्यापारियों को राहत देने की जरूरत है। ऑनलाइन शॉपिंग से छोटे व्यापारी को काफी नुकसान हो रहा है। इस ओर भी सरकार को ध्यान देना चाहिए। **-हेम कांडपाल**, परचून दुकानदार

अंतरिम बजट में सौर ऊर्जा की योजना काफी अच्छी है। व्यापारी वर्ग को अभी भी काफी उम्मीदें हैं। अगर जीडीपी में रफ्तार बरकरार रही तो हर किसी को लाभ होगा। **-जगत सिंह पंवार**, मेडिकल स्टोर स्वामी

आईटी सेक्टर में अभी भी काफी काम किया जा सकता है। इसको लेकर एक बड़ी योजना की जरूरत है। पांच साल का विशेष कार्यक्रम बनाया जाना चाहिए। **-कमलेश कांडपाल**, कम्प्यूटर और सॉफ्टवेयर विक्रेता

NOTICE

IFFDC Ltd, an initiative of IFFCO, is require for B.Com/ M.Com with more than 2 years experience in book-keeping and accounting for its Bhimtal (Uttarakhand) office on contract basis thru third party. Mail complete CV at iffdchr@gmail.com within 15 days. Salary will commensurate with experience.

Indian Farm Forestry Development Co-Operative Ltd.

बजट से रसोई में भड़की आग, गृहणी हुईं आग बबूला

हल्द्वानी : जाहिर है कि वित्त मंत्री ने देश हित को ध्यान में रखते हुए अंतरिम बजट पेश किया है, लेकिन इस बजट से गृहणी खुश नहीं हैं। गृहणियों में नाराजगी इसलिए है कि अंतरिम बजट में वित्त मंत्री ने रसोई का ध्यान नहीं रखा। न सिर्फ रसोईं का बल्कि दवाओं के बेलगाम दाम और बच्चों की भारी-भरकम फीस को लेकर भी मध्यमवर्गीय परिवार की महिलाओं में नाराजगी है। शहर की ऐसी ही कुछ महिलाओं ने बजट पर अपनी बेबाक राय रखी।

मोदी सरकार पहले से ही महिलाओं के लिए काफी कुछ किया है और अब बजट में भी महिलाओं के साथ बच्चियों के लिए खास योजनाएं हैं। हमें मोदी सरकार से बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन इस बजट में महिलाओं के सिर्फ एक तबके का ध्यान दिया गया है। आवश्यकता था कि बजट में महंगाई पर लगाम लगाने का प्रयास किया जाता है। ताकि एक महिला को गृहस्थी चलाने में आसानी होती। **- प्रियंका बोहरा**, कुसुमखेड़ा

अंतरिम बजट और बेहतर हो सकता था। मोदी सरकार का यह बजट सराहनीय है, लेकिन घरेलू महिला के लिए इस बजट में क्या है कुछ समझ नहीं आया। जबकि एक घर का बजट एक महिला की जिम्मेदारी होती है। घर की रसोई से लेकर पूरे महीने का खर्च तय तनख्वाह में चलाना हमेशा मुश्किल होता है। घरेलू महिला को भी बजट में प्राथमिकता दी जानी चाहिए थी। **-बीना भट्ट, हरिपुर जमनसिंह**

बजट पर महिलाओं की राय

बजट में वित्त मंत्री ने महिलाओं के लिए कई योजनाओं का एलान किया है। महिलाओं को आर्थिक तौर पर सशक्त बनाने के लिए 83 लाख स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 9 करोड़ महिलाओं में से 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। एक करोड़ महिलाओं को पहले ही लखपति दीदी बनाया जा चुका है। महिलाओं के लिए यह बजट खास है। **-मोनिका भट्ट तिवारी**, कॉलटैक्स काठगोदाम

अच्छी बात है कि बजट में सभी आंगनवाड़ी कर्मियों और आशा कार्यकर्ताओं को आयुष्मान भारत योजना में शामिल किया जा रहा है। इससे आंगनबाड़ी में काम करने वाली महिलाओं को तो लाभ होगा, लेकिन उन बच्चों का माताओं का क्या होगा, जिनके बच्चों का जिम्मा आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं पर है। दवाइयां और रसोई की ओर भी ध्यान दिया जाना चाहिए थे।
- पुष्पा भंडारी, गौला बैराज काठगोदाम

वित्तमंत्री ने जो बजट पास किया है, उसमें महिलाओं को अनदेखा किया गया है। नवजवानों का हित भी ध्यान में नहीं रखा गया। दावा गरीबों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का है, लेकिन हमारे आस-पास जितने गरीब रहते हैं वो आज भी पहले जैसा ही जीवन जी रहे हैं। हम भी मध्य वर्ग से आते हैं और हमारी आर्थिकी भी जस की तस है। फिर कैसे समझा जाए कि बजट अच्छा है।
-समरीन खान, एडवोकेट इंद्रानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी सशक्तिकरण के लिए लखपति दीदी योजना के तहत नारी सम्मान में सराहनीय योगदान है। गरीब और जरूरतमंद इस योजना से आर्थिक तौर पर मजबूत होंगे। भारतीय नौ सेनाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना। भारत सरकार और वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण ने सन्तोषजनक बजट पेश किया है।
-डा.रेनू शरण

यह बजट समावेशी और संतुलित है। ग्रहणी के तौर पर खाद्य पदार्थों, डीजल पेट्रोल और रोजमर्रा में उपयोग होने वाले सामानों पर यदि थोड़ी सी रियायत मिल जाती तो शायद बजट की परिभाषा को सार्थक करती, फिर भी देश हित और भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखते यह बजट उत्साहजनक और सकारात्मककहाजासकताहै।
- पुष्पा भंडारी, आरटीओ रोड कुसमखेड़ा

छोटा व्यापारी नोटबंदी के समय से ही परेशान चल रहा है। जूता कारोबार में ऑनलाइन शॉपिंग की सेंधमारी से काफी असर पड़ा है। स्टाफ तक की छंटनी करनी पड़ी है।
-खालिद, जूता कारोबारी

नई सरकार भविष्य में बनाई जानी है, ऐसे में वित्त मंत्री ने बजट को आकर्षक बनाने से परहेज किया है। वर्ष 2024-25 के लिए जिस बजट की उम्मीद जनता ने की थी, उसमें निराशा ही हाथ लगी है। **-डॉ. प्रमोद कुमार गोल्डी**, व्यापारी

पति ने पत्नी को पीटकर घर से निकाला, मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

आरोप
- **बहन के घर जा रही पीड़िता से बच्चे छीन ले जाने का आरोप**
- **पति और ससुरालियों के खिलाफ दी थी तहरीर**

अमृत विचार : एक महिला ने अपने पति और ससुरालियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुखानी पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बैलजुड़ी काशीपुर निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसका निकाह वर्ष 2016 में पतियापाडा बाईपास चांदपुर बिजनौर उत्तर प्रदेश निवासी मो. इकबाल से हुआ था। उसके तीन बच्चे हैं और सबसे छोटा बच्चा तीन महीने का है। नवंबर 2023 में पति ने ससुरालियों व पति ने उसके साथ मारपीट की और घर से निकाल दिया। वह मायके पहुंची और यहां से उपचार कराने एसटीएच आई थी। मुखानी में बस से उतर कर वह बहन के साथ जा रही थी। तभी बीच पति आ गया और दो बच्चों को अपने साथ ले गया। उससे मारपीट की और धमकी दी। मुखानी थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक ने बताया कि घटना मुखानी की है। कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मरम्मत तो दूर कंसल्टेंसी कंपनी के लिए बजट का इंतजार

गरमपानी : सामरिक व पर्यटन दृष्टि से महत्वपूर्ण रानीखेत खैरना स्टेट हाइवे पिछले चार वर्ष पूर्व आई आपदा की मार से आज तक बेजार है। हालत यह है की लोनिवि विभाग को मरम्मत तो दूर डिजाइनिंग के लिए कंसल्टेंसी कंपनी के लिए महज 9.44 लाख रुपये तक बजट नहीं मिल पा रहा। महत्वपूर्ण स्टेट हाइवे की अनदेखी का खामियाजा आवाजाही करने वाले यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। जान जोखिम में डाल आवाजाही करना मजबूरी बन चुका है। अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे से कुमाऊं रेजिमेंटल सेंटर रानीखेत समेत तमाम महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाला रानीखेत खैरना स्टेट हाइवे अल्मोड़ा व नैनीताल जनपद की सीमा पर ही बदहाल हालत में है।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद (A Govt. Of India Undertaking) **ALLAHABAD**

जोनल आफिस : 1, गांधी रोड, देहरादून, फोन नं. : 2713957,2713976 **शाखा : हल्द्वानी मुख्य**

परिशिष्ट-IV-A-(अधिनियम 8(6) के प्रावधान देखें)

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। सामान्य रूप से जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका प्रतीकात्मक कब्जा इंडियन बैंक के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। मुख्य शाखा, हलद्वानी (सुरक्षित ऋणदाता) के द्वारा ''जैसा है जहां है'', ''जैसा है जो है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर रु. 1,37,82,578/- (एक करोड़ सैंतीस लाख बयासी हजार पांच सौ अठहत्तर रूपये मात्र) दिनांक 28.01.2024 तक एंव बकाया ब्याज एवं अन्य खर्चे दिनांक 29.01.204 से, इंडियन बैंक, हल्द्वानी मुख्य शाखा, सुरक्षित ऋणदाता को देय हैं, की वसूली हेतू दिनांक 07.03.2024 को बेचा जाएगा।

कर्जदार, बंधककर्ता एवं जमानती का नाम व पता	1. मैसर्स एआर पीवीसी पाईप उद्योग (कर्जदार), पता -ग्राम रतनपुर, पोस्ट चकलुआ, तहसील कालाढूंगी, जिला नैनीताल। 2. श्रीमती सलोनी कपूर पत्नी अजय कुमार (कर्जदार), मकान नं. 12/23, भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी, जिला नैनीताल - 263139 3. श्रीमती सुषमा पाठक पत्नी स्व. श्री राजेन्द्र प्रसाद पाठक (कर्जदार एवं जमानती), मकान नं. सीए-72, जज फार्म, मुखानी, हल्द्वानी, जिला नैनीताल-263139 4. श्री अशोक कुमार चौधरी पुत्र श्री लक्ष्मी दत्त चौधरी (कर्जदार एवं जमानती एवं बंधककर्ता) गली नं. 3, आदर्श नगर, मुखानी, हल्द्वानी, जिला नैनीताल-263139 5. श्री चन्द्र मोहन ढोंडियाल पुत्र श्री धाराबल्लभ ढोंडियाल (कर्जदार एवं जमानती), मकान नं. 126, आवलाकोट, कोटाबाग, कालाढूंगी, जिला नैनीताल-263139 6. श्री संजय टंडन पुत्र श्री राजेन्द्र नाथ टंडन (कर्जदार एवं जमानती एवं बंधककर्ता), सिविल लाईन्स, रामनाथ कॉलोनी के पास, बदायूं, जिला बदायूं, उत्तर प्रदेश।

ई-नीलामी मोड के माध्यम से बिक्री के लिए लाई जाने वाली संपत्ति का विशिष्ट विवरण सामने दिया गया है :-

सम्पत्ति संख्या-01 का विस्तृत विवरण	बंधक अचल सम्पत्ति (भूमि एवं भवन) के सभी भाग व हिस्से जो कि खेत नं. 130 मिन, ग्राम रतनपुर तहसील कालाढूंगी, जिला नैनीताल में स्थित है। क्षेत्रफल 6800 वर्ग फीट (631.97 वर्ग मीटर) सम्पत्ति उप निबन्धक-प्रथम, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखण्ड के कार्यालय में इलेक्ट्रोस्टेट बही नं. 1, खण्ड 1438, पेज 47-60, क्रमांक 239, दिनांक 16.01.2012 को श्री अशोक कुमार चौधरी पुत्र स्व. श्री लक्ष्मी दत्त चौधरी एवं श्रीमती सुषमा पाठक पत्नी स्व. श्री राजेन्द्र पसाद पाठक एवं श्री आशू पाठक पुत्र स्व. श्री राजेन्द्र प्रसाद पाठक के नाम पर दर्ज है। सीमाऐं - पूरब में विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम में नारायण सिंह की भूमि, उत्तर में सड़क, दक्षिण में जगत सिंह की भूमि।
सम्पत्ति पर भार, यदि कोई हो	इंडियन बैंक, हल्द्वानी मुख्य शाखा
आरक्षित मूल्य	रू. 18.28 लाख (रूपये अठारह लाख अठाईस हजार मात्र)
बयाना राशि	रू. 1.83 लाख (रूपये एक लाख तिरासी हजार मात्र)
संविदा वृद्धि राशि	रू. 10,000/-
ई-नीलामी की तिथि एवं समय एवं ई-नीलामी सेवा प्रदाता : https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi	07.03.2024 को प्रात: 10.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक
सम्पत्ति आई0डी0 नं.	IDIBARPVC1
सम्पत्ति संख्या-02 का विस्तृत विवरण	बंधक अचल सम्पत्ति (प्लॉट) के सभी भाग व हिस्से जो कि मौहल्ला नेकपुर, सिविल लाईन्स, इन्द्रा चौक के पास, परगना एवं तहसील सदर, जिला बदायूं में स्थित है। क्षेत्रफल 213.54 वर्ग मीटर। सम्पत्ति उप निबन्धक बदायूं के कार्यालय में बही नं. 1, जिल्द 6250, पेज 1 से 24, क्रमांक 12201 दिनांक 03.11.2010 को श्री संजय टंडन के नाम पर दर्ज है। सीमाऐं - पूरब में राजेश द्विवेदी का प्लॉट एव 10 फीट चौड़ी रोड, पश्चिम में राम प्रकाश शर्मा का प्लॉट, उत्तर में आर.एन. टंडन का प्लॉट, दक्षिण में आर.एन. टंडन का घर।
सम्पत्ति पर भार, यदि कोई हो	इंडियन बैंक, हल्द्वानी मुख्य शाखा
आरक्षित मूल्य	रू. 53.82 लाख (रूपये तिरेप्पन लाख बयासी हजार मात्र)
बयाना राशि	रू. 5.38 लाख (रूपये पांच लाख अड़तीस हजार मात्र)
संविदा वृद्धि राशि	रू. 10,000/-
ई-नीलामी की तिथि एवं समय एवं ई-नीलामी सेवा प्रदाता : https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi	07.03.2024 को प्रात: 10.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक
सम्पत्ति आई0डी0 नं.	IDIBARPVC2

संविदाकारों को ऑनलाइन संविदा में भाग लेने के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता एमएसटीसी लिमिटेड की वेबसाइट (www.mstcecommerce.com/auction/home/ibapi) देखने का परामर्श दिया जाता है। तकनीकी सहायता के लिए कृपया एमएसटीसी के हेल्पडेस्क नं. 033-23400020/23400021/23400022 तथा सेवा प्रदाता के हेल्प डेस्क में उपलब्ध अन्य हेल्पलाइन नम्बरों पर सम्पर्क करें। एमएसटीसी लिमिटेड के साथ पंजीकरण की स्थिति के लिए कृपया ibapiop@mstcecommerce.com पर संपर्क करें, और ईएमडी के लिए स्थिति के लिए कृपया ibapiop@mstcecommerce.com पर संपर्क करें। संपत्ति के विवरण और संपत्ति की तस्वीर और नीलामी के नियमों और शर्तों के लिए और इस पोर्टल से संबंधित स्पष्टीकरण के लिए कृपया https://ibapi.in पर देखें। कृपया हेल्प लाइन नंबर '18001025026' और '011-41106131' पर संपर्क करें। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे https://ibapi.in और www.mstcecommerce.com वाली वेबसाइट पर संपत्ति खोजते समय ऊपर उल्लिखित संपत्ति आईडी नंबर का उपयोग करें।

दिनांक : 02.02.2024 स्थान : हल्द्वानी, जिला नैनीताल **प्राधिकृत अधिकारी**

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
ROHIL KHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL RMCH BAREILLY Excellence towards profession
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में)

मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें * | मुफ्त भर्ती एवं पलंग * | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा * | मुफ्त टीकाकरण *
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन * | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा *

विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग

रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें

ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र | भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे * | जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक

हड्डी रोग विभाग एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।

स्त्री रोग विभाग स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।

शल्य रोग (सर्जरी) विभाग अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।

बाल रोग विभाग बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।

छाती एवं क्षय रोग विभाग छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।

मेडिसिन विभाग अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।

रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें

इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्यता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)

इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड

केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*

हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

एक नजर

कार में रखे कैमरे व कीमती सामान चोरी

बाजपुर। ग्राम मुड़िया कलां निवासी विवेक कुमार पुत्र माधोराम ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि 31 जनवरी की सायं करीब साढ़े चार बजे उसके पास दो अंजान नंबरों से फोन आया तथा काशीपुर में फोटोग्राफी का काम करवाने की बात कही जिसमें सात हजार रुपये में फोटोग्राफी की बात तय हुई, चूंकि उसके पास दूसरी जगह काम था जिसके चलते उसने अपने साथी फोटोग्राफर ग्राम चकरपुर निवासी राजेंद्र पुत्र चिरंजीलाल को आरोपित के साथ कार में भेज दिया। आरोप है कि नेशनल हाइवे-74 पर परमानंदपुर के पास एक ढावे पर कार रोक कर कुछ सामान लेकर आने की बात कहते हुए राजेंद्र को नीचे उतार दिया और जब तक वह कुछ समझ पाता आरोपी कार में रखे कई लाख रुपये की कीमत के कैमरे इत्यादि सामान लेकर वाहन समेत फरार हो गए। तहरीर में एक युवक पर शक जाहिर कर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज आदि का निरीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

चोरी का आरोपी सामान के साथ गिरफ्तार

बाजपुर। मोहल्ला केशवनगर वार्ड नंबर-6 निवासी भूपेंद्र कौर बेदी पत्नी कश्मीर सिंह बेदी ने कोतवाली में तहरीर देकर गुरुद्वारा साहिब के लंगर हाल से अपना पर्स चोरी जाने व उसमें रखी हजारों की नकदी, मोबाइल, जेबरात, आधार, पेन कार्ड, एटीएम कार्ड व कई जरूरी कागजात चोरी होने की बात कही। वहीं उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देशों पर गठित पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरों का सघन अवलोकन करने के उपरांत आरोपित की पहचान भोना कालोनी गिल फार्म निवासी राजू कश्यप पुत्र बाबूराम कश्यप के रूप में हुई। गुरुवार को पुलिस ने केशोवाला-बन्नाखेड़ा रोड से आरोपित को गिरफ्तार करते हुए चोरी हुआ मोबाइल, 900 रुपये नकदी व पर्स आदि सामान बरामद कर लिया है। मुकदमे में धारा 411 आईपीसी की बढ़ोतरी कर गिरफ्तार आरोपित को कोर्ट में पेश किया गया।

पीएम ग्रामीण आवास योजना का दायरा बढ़ेगा

जिले में अब तक 6883 लाभार्थियों को मिल चुका योजना का लाभ, अंतरिम बजट में संख्या बढ़ाने का लक्ष्य

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

अमृत विचार: वित्त मंत्री सीतारमण ने लोकसभा में अंतरिम बजट पेश किया है। इसके तहत पीएम ग्रामीण आवास योजना का लाभार्थियों का अगले पांच वर्ष में लक्ष्य तीन करोड़ तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे जनपद में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को इसका अधिक से अधिक लाभ मिलेगा।

केंद्र सरकार ने वर्ष 2016-17 में पीएम ग्रामीण आवास योजना की शुरुआत की थी। इसमें आवास बनाने के लिए आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को एक लाख 30 हजार रुपये की धनराशि दी जाती है। इसमें पहले चरण में 6 हजार, दूसरे चरण में 40 हजार और तीसरे चरण में 30 हजार रुपये की धनराशि दी जाती है। ऊधमसिंह नगर में वर्ष 2016 से 2018 तक 3400 लाभार्थियों को आवास उपलब्ध करा दिये गये हैं। इसी तरह वर्ष 2020-21 और 2022-23 में कुल 3483 लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराये गये हैं। वर्तमान में 2734 लाभार्थियों को प्रथम किश्त उपलब्ध करायी गयी है। जबकि लाभार्थियों द्वारा कार्य कराया जा रहा है। जल्द ही लाभार्थियों को दूसरी और तीसरी किश्त भी उपलब्ध करायी जाएगी। वहीं अंतरिम बजट में अगले पांच साल में योजना का लाभ लेने वालों का दायरा बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे आने वाले दिनों में जिले में लाभार्थियों की संख्या में इजाफा होगा।

> जिले में अब तक पीएम ग्रामीण आवास योजना के तहत 6883 लाभार्थियों को योजना का लाभ दे चुके हैं, जबकि 2734 लाभार्थियों को योजना के तहत पहली किश्त दी गयी है। आने वाले दिनों ने इसका और दायरा बढ़ने की उम्मीद है।
> -**हिमांशु जोशी**, परियोजना निदेशक

अंतरिम बजट किसानों के साथ धोखा

नाराजगी

▸▸ **किसान बोले-एमएसपी से मिलेगा किसानों को लाभ, नैनो डीएवी के प्रयोग से नहीं**

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: वित्त मंत्री सीतारमण ने लोकसभा में अंतरिम बजट पेश किया है। इसमें किसानों के नैनो डीएपी का प्रयोग करने, पशुओं के लिए नई योजना लाने, पीएम मत्स्य संपदा योजना का विस्तार करने के साथ अन्य योजना चलाने पर जोर दिया गया है। ताकि किसानों की आय बढ़ सके। हालांकि इस बजट से जनपद के किसानों नाखुश हैं। उनका कहना है कि बजट में किसानों की आय बढ़ाने के नाम पर झुनझुना थमाया गया है।

नैनो डीएपी से बढ़ेगा आर्थिक बोझ

> अंतरिम बजट में किसानों के लाभ की कोई बात नहीं कही गयी है। नैनो डीएपी का प्रयोग करने की बात कही गयी है। यह प्रति बोतल 650 रुपये की है। इसका छिड़काव मात्र एक एकड़ में ही किया जा सकता है, जबकि दानेदार डीएपी 1350 रुपये में 50 किग्रा. मिलता है इससे 25 एकड़ में छिड़काव किया जा सकता है। नैनो डीएपी का प्रयोग करने से किसानों और अधिक आर्थिक नुकसान होगा। अगर किसानों को एमएसपी बढ़ाई जाए तो इससे किसानों को लाभ होगा।
> -विक्रम जीत सिंह विर्क, किसान

> नैनो यूरिया व डीएपी में सब्सिडी देनी चाहिए। क्योंकि नैनो के स्प्रे में खर्च काफी आता है। जबकि दानेदार खाद डालने में कम लागत आती है। यूरिया और डीएपी बैग में सरकार को सब्सिडी देने में खर्च भी बहुत आता है। यदि नैनों उर्वरक में सब्सिडी दी जाए तो किसानों को काफी राहत मिलेगी। सरकार को प्रति बैग यूरिया व डीएपी खाद में दी जाने वाली सब्सिडी से भी छुटकारा मिलेगा।
> -**विजेंद्र यादव**, किसान

> अंतरिम बजट में किसानों की आय दोगुनी करने, प्रति एकड़ आय बढ़ाने की कोई बात नहीं की गयी है। जबकि व्यापारियों को लाभ पहुंचाने के लिए पेस्टिसाइड का प्रयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। यह बजट किसानों के साथ धोखा है। इससे किसानों को कोई लाभ मिलने वाला नहीं है।
> -**गुरुसेवक सिंह**, प्रदेश अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी

> मोदी कार्यकाल का आखिरी बजट युवा, गरीब महिला ,किसान को समर्पित है। देश को विकसित भारत बनाने की यात्रा में यह निर्णायक बजट है। जिसमें समावेशी सर्वस्पर्शी और चौथे स्तंभ, युवा गरीब,महिला किसान को ध्यान में रखकर पेश किया गया है। निश्चित रूप से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला बजट है। इसमें पीएम मोदी ने आवास योजना के तहत दो करोड़ अतिरिक्त मकान बनाने का लक्ष्य बेहद सरहानीय है। तीन करोड़ लखपति दीदी योजना, एक लाख करोड़ रोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेगा।
> -**शिव अरोरा**, विधायक, रुद्रपुर

> मोदी मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया बजट गतिशील एवं विकासपरख बजट है। आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने वाले इस समावेशी विकास के बजट में नए भारत की पहचान विकसित होगी। इस बजट में जहां इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, कृषि क्षेत्र, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, पर्यटन, उद्योग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित होंगे। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 2047 को विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर करेगी।
> -**अजय भट्ट**, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री

उत्तराखंड के हाथ एक बार फिर खाली रह गए

बाजपुर। वित्त मंत्री से उम्मीद थी कि वह इस बजट के माध्यम से देश को बतातीं कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार कितने लोगों को रोजगार दे पाई है? स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया का क्या हुआ? वह कितना सफल हुआ? क्या सरकार पुरानी पेंशन बहाली की ओर कोई कदम उठाएगी? यह गंभीर सवाल बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने किए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के हाथ एक बार फिर खाली रह गए। ग्रीन बोनस पर कोई चर्चा नहीं हुई, जोशीमठ आपदा पैकेज नदारद है और दुख की बात है कि वित्तमंत्री महिला होकर भी महिलाओं की व्यथा को नहीं समझ पाईं हैं! आर्य ने कहा कि मंहगाई को लेकर कोई राहत नहीं, किसानों के लिए भी इस बजट में कुछ नहीं, युवाओं के रोजगार के लिए भी कुछ नहीं हैं। वित्त मंत्री ने कहा है कि महंगाई जायदा नहीं बढ़ी, आमदनी बढ़ी है, जोकि अत्यंत निंदनीय है। पूंजीपति मित्रों का लाखों करोड़ों रुपये माफ करने और 'कारपोरेट टैक्स' में लगातार छूट देने वाली मोदी सरकार देश के आम लोगों की जेब काटने और झूठे जुमले सुनाने के अलावा कुछ भी नहीं करती है। भाजपा सरकार ने जनविरोधी बजटों का एक दशक पूरा करने का रिकार्ड बनाया है। यह भाजपा का जनविरोधी बजट विदाई बजट साबित होगा।

काशीपुर में अंतरिम बजट पर रही मिलीजुली प्रतिक्रिया

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: केंद्र सरकार के अंतरिम बजट को लेकर किसानों समेत अन्य लोगों की मिलीजुली प्रतिक्रिया रही। किसी ने बजट को बेहतर बताया तो किसी ने बजट में कई खामियां होने की बात कही, लेकिन अधिकतर लोगों ने बजट की सराहना की।

> उत्तराखंड के विकास के लिये पर्यटन, कृषि एवं उद्योग आवश्यक अंग है। वर्तमान बजट में इन सभी क्षेत्रों में वित्त मंत्री ने एक गति दी है। पर्यटन के बढ़ावे के लिए प्रदेश सरकार को ब्याज मुक्त ऋण के साथ 11.11 लाख करोड़ रुपये आधारभूत सुविधा के लिये आरक्षित रखे हैं, जिससे नई सड़कें, रेलवे लाइन, एयर कनेक्टिविटी एवं होटल खुलेंगे। सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने के लिये अपने अपने घरों में सोलर यूनिट लगाने पर *00 यूनिट फ्री बिजली देते हुए आसान शर्तों व दरों पर ऋण देने की घोषणा से हमारे काशीपुर को सोलर सिटी बनाने के लक्ष्यों को गति मिलेगी।
> -**राजीव घई, चेयरमैन**, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स, उत्तराखंड

> रेलवे के नये सेक्टर खोलने की घोषणा से नई ट्रेनों से क्षेत्र के जुड़ने की आशा बंधी है। अतिरिक्त घरों के निर्माण किये जाने व आधारभूत सुविधाओं को गति देने से पर्यटन, कृषि, व्यापार, उद्योग में इस बजट में दी गई सुविधाओं से उत्तराखंड के विकास को एक गति मिलेगी। इस बजट ने हर क्षेत्र के विकास को गति दी है।
> -**राजीव सेतिया**, जिला महामंत्री, प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

> कुसुम योजना के तहत किसानों को सिंचाई के लिए सोलर पंप सेट बजट के अभाव में लंबी वेटिंग लिस्ट में होने के कारण आम किसान इस योजना से लाभांवित नहीं हो पा रहा है, इसलिए इस मद में बजट बढ़ाने की आवश्यकता है। किसानों के लिए बजट सामान्य है। डेयरी के विकास एवं तिलहन की फसल को प्रोत्साहन करने के लिए थोड़ा बजट बढ़ाया है।
> -**अरुण कुमार**, प्रदेश अध्यक्ष, किसान विकास क्लब, उत्तराखंड

> किसान, महिलाओं व युवाओं को बजट में विशेष लाभ, किसानों को फसल योजना का लाभ, यात्रियों की सुरक्षा के लिए 40 हजार सामान्य रेलवे बोगियों को वंदे भारत ट्रेन के अनुसार बदल जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नए घर बनेंगे। इस बजट ने देश के आम नागरिक को सहारा दिया है। बजट को जितना सराहा जाए उतना कम है।
> -**शैलेंद्र कुमार मिश्रा**, वरिष्ठ अधिवक्ता

> केंद्र सरकार द्वारा अंतरिम बजट 2024 में किसानों की एमएसपी पर खामोशी दर्शाती है कि सरकार किसानों के प्रति क्या सोच रखती है? बजट में गरीबों, पिछड़े और वंचितों वर्ग पर कोई भी चर्चा नहीं है। वर्तमान हालात में रक्षा बजट केवल 6.2 लाख करोड़ रुपए बहुत कम है।
> - **अलका पाल**, सदस्य प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति

> केंद्र सरकार द्वारा पारित अंतरिम बजट देश की अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेगा और उसके दीर्घकालिक परिणाम सामने आएंगे। बजट में देश के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है और महंगाई रोकने और आम आदमी को राहत देने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। बजट पूरी तरह से रचनात्मक है, जिससे राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को बेहतर ताकत मिलेगी।
> - **दीपक बाली**, भाजपा नेता

दो बाइकों की भिड़ंत में छह लोग घायल

किच्छा। नगर के हल्द्वानी मार्ग पर देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में दो बाइक पर सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना में घायल सभी लोगों को किच्छा के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया। चिकित्सकों ने दो युवकों को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। देर शाम हल्द्वानी मार्ग स्थित बेनी मजार के निकट बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। घटना के समय दोनों बाइक पर तीन-तीन युवक सवार थे। बाइकों की भिड़ंत के बाद बाइक सवार सभी 6 लोग घायल हो गए। घटना में घायल बेदी मोहल्ला, किच्छा, निवासी राहुल, बबलू, गोविंद एवं लालकुआं निवासी प्रिंस सिंह, दीपक यादव एवं खुरपिया गेट, किच्छा निवासी मोहित को इलाज के लिए निजी वाहनों से किच्छा के सरदार बल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में दीपक यादव एवं प्रिंस सिंह को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जबकि अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

उत्पादन तकनीक को प्रमुखता देने की संस्तुति

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर/पंतनगर

कार्यक्रम के दौरान उपस्थिति अतिथि। ● अमृत विचार

अमृत विचार: जीबी पंत विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग की ओर से माडलिंग मिलेट्स एग्रोनोमी फार क्वालिटी फूड न्यूट्रीशन विषय पर 21 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हो गया है। इसका उद्घाटन कार्यवाहक कुलपति एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. शिवेंद्र कुमार कश्यप ने दीप जलाकर किया।

गुरुवार को प्रशिक्षण के दौरान कार्यवाहक कुलपति एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. कश्यप भारत की पुरातन एवं महत्वपूर्ण श्री अन्नम् संस्कृति को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उन्नत करने के लिए श्री अन्नम् फसलों की उन्नत ब्रीडिंग, सस्य, फसल सुरक्षा इत्यादि के अनुसार उन्नत उत्पादन तकनीकियों को प्रमुख स्थान देने की संस्तुति की। निदेशक सेंटर ऑफ एडवांस्ड फैकल्टी ट्रेनिंग एवं विभागाध्यक्ष सस्य विज्ञान विभाग डॉ. एमएस पाल ने श्री अन्नम् के महत्व को बताते हुए उसके क्षेत्रफल एवं उत्पादकता वृद्धि के लिए भारत सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। यह कार्यक्रम इंडियन कॉउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च के कृषि शिक्षा प्रभाग के क्षमता निर्माण के तहत वित्त पोषित है। प्रशिक्षण उद्घाटन कार्यक्रम के तहत सात विभिन्न राज्यों से 13 प्रतिभागियों के अतिरिक्त निदेशक संचार डॉ.जेपी जायसवाल, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य और विभाग के स्नातकोत्तर विद्यार्थी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. वीनिता राठौर एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक डॉ.डीके शुक्ला ने किया।

चचेरे देवर ने शारीरिक संबंध बनाकर घर से निकाला

बाजपुर। पति की मौत के बाद चचेरे देवर ने शादी के झांसे में लेकर शारीरिक संबंध बनाने और शादी करने की बात कहने पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाते हुए पीड़िता के पिता ने तहरीर दी है जिसमें पुलिस द्वारा देवर सहित अनेक लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मोहल्ला टांडा बंजारा सुल्तानपुर पट्टी निवासी सतपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि करीब तीन वर्ष पहले पुत्री शिवानी की शादी मोहल्ले के ही मनजीत सिंह के साथ हुई थी। शादी के दो वर्ष बाद मनजीत सिंह की मृत्यु हो गई थी। पति की मृत्यु के बाद पुत्री ससुराल में रहने लगी। आरोप है कि चचेरे देवर अमित ने शादी का झांसा देकर करीब 6 माह तक उसका शारीरिक शोषण किया। बाद में अमित व उसके परिवार वालों ने शादी से इंकार कर दिया। विवाद के चलते पुत्री ने एक मामला दर्ज करवा दिया था। बात नहीं मानने पर मायके में आकर मारपीट की गई जिसमें निशा पत्नी अजीत, गीता पत्नी सतपाल, शीला पत्नी सुमेरी, पंकज पुत्र सतपाल, मोहिनी देवी पत्नी सुमित, अंकित कुमार आदि के चोटें आईं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

केशलता अस्पताल

फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप

प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है

दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक

स्थान : केशलता अस्पताल , डेलापीर - बरेली

हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ

डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली

FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!

डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ

डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट

विशेष सुविधाएं

- निःशुल्क परामर्श
- बी.एम.डी जॉच निःशुल्क
- खून की जांचों पर भारी छूट
- एक्स-रे पर भारी छूट
- सभी दवाइयों पर भारी छूट
- आयुष्मान कार्ड धारकों का निःशुल्क ऑपरेशन
- कैंप में रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट

निःशुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

चेक बाउंस के आरोपी को तीन माह की सजा

काशीपुर। चेक बाउंस के मामले में एसीजे तृतीय की अदालत ने आरोपी को तीन माह के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर 5.03 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। बीज और कीटनाशक दवा विक्रेता बेनैट मसीह ने अपने अधिवक्ता रहमत अली खान एडवोकेट के माध्यम से परिवाद प्रस्तुत किया था कि मिलक रामपुर निवासी बिशंबर दयाल पुत्र झम्मनलाल ने उसकी फर्म से 5.03 लाख रुपये का बीज और कीटनाशक दवाएं खरीदी थी, 31 मई 2021 को बिशम्बर ने उसे 5,03,029 रुपये का एक चेक दिया था। उसने यह चेक अपने आईसीआईसीआई के खाते में लगाया। भुगतान के अभाव में यह चेक बाउंस हो गया। आरोपी ने नोटिस का भी कोई जवाब नहीं दिया। परिवाद का संज्ञान लेते हुए अदालत ने आरोपी बिशंबर को तलब किया। अदालत ने आरोपी को 138 एनआई एक्ट का दोषी पाया। अदालत ने आरोपी पर चेक में वर्णित राशि के अलावा 10 हजार रुपये का जुर्माना डाला है। अदालत ने आरोपी को तीन माह के कारावास की सजा सुनाई है।

बाइक की भिड़ंत में मारपीट, पांच चोटिल

बाजपुर। दो बाइकों के बीच हुई मामूली टक्कर के बाद दो पक्षों में कहासुनी हो गई। बात बढ़ने पर हाथापाई होने लगी और जमकर मारपीट हुई जिसमें एक पक्ष के पिता-पुत्र समेत दोनों पक्षों के पांच लोगों के चोटें आई हैं। ग्राम महेशपुरा निवासी मदन लाल पुत्र कृष्णपाल अपने भतीजे मयंक पुत्र सतपाल के साथ बाइक पर गुरुवार की सायं शादी का सामान लेने बाजपुर आ रहा था। आरोप है कि दोराहा-बाजपुर के मध्य मुख्यमार्ग पर दूसरे बाइक सवार से मामूली टक्कर हो गई। इसके लिए एक-दूसरे को दोषी ठहराते हुए वह गाली-गलौज करने लगे और देखते ही देखते हाथापाई शुरू हो गई। कुछ राहगीरों ने उनमें बीच-बचाव करवा दिया। आरोप है कि एक पक्ष ने फोन करके अपने साथियों को बुला लिया और मारपीट कर मदन लाल, भतीजे मयंक व पिता कृष्णपाल को घायल कर दिया है। वहीं पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। इधर दूसरे पक्ष के ग्राम बहादुरगंज निवासी भगवत पुत्र मथुरा प्रसाद ने भी तहरीर दी है।

2.48 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

खटीमा। कोतवाली पुलिस की चीता ने रेंज ऑफिस के निकट तहसील के खाली परिसर में बैठे एक युवक को सिगरेट पीते देखा। जब उन्होंने उसे आवाज लगाई तो वह वहां से भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड़ लिया और उसके कब्जे से 2.48 ग्राम स्मैक बरामद की। पूछताछ में उसने स्वयं को शाहरुख अंसारी निवासी वार्ड संख्या छह, कबाड़ी मार्केट गोटिया बताया। मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि.
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण)
79 हीरा नगर, निकट उत्थान मंच, हल्द्वानी (नैनीताल)
ई-मेल : erddh@yahoo.co.in फोन नं.- (05946) 292040 फैक्स नं.- (05946) 298318

पत्रांक : 462/वि.वि.ख.(ग्रा.)ह. दिनांक : 01-02-2024

विद्युत बाधित सूचना

विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के समस्त सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि इस खण्ड के विद्युत वितरण उपखण्ड, कमलुवागांजा के अन्तर्गत 33/11 के०वी० उपसंस्थान, कठघरिया में पावर परिवर्तक की क्षमता वृद्धि के कार्य हेतु विद्युत शटडाउन प्रस्तावित किया गया है। उपरोक्त कार्य के दौरान निम्न विवरणानुसार विद्युत आपूर्ति पूर्णतः एवं आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

क्र. सं.	आपूर्ति बन्द रहने का दिनांक/समय	33/11 के.वी. विद्युत उपसंस्थान का नाम	बाधित 11 के.वी. फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	दिनांक 02.02.2024 प्रातः 09:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक	कठघरिया	फतेहपुर, दमुवाढूंगा, ट्यूबवैल-प्रथम, ट्यूबवैल-द्वितीय, बच्चीनगर, ब्लॉक, बसानी, बिठौरिया	11 के.वी. फतेहपुर, दमुवाढूंगा, ट्यूबवैल-प्रथम, ट्यूबवैल-द्वितीय, बच्चीनगर, ब्लॉक, बसानी, बिठौरिया फीडर से सम्बन्धित समस्त क्षेत्र।

अतः विद्युत सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये समस्त जनता से अनुरोध है कि वे उपरोक्त कार्य के दौरान कार्यस्थल पर आवागमन ना करते हुये अपनी सामाग्री की सुरक्षा करें साथ ही अपने नन्हे मुन्ने बच्चों एवं पालतु पशु को कार्य स्थल पर ना जाने दें। उक्त कार्य की जटिलता को देखते हुये आप सभी को अवगत कराना है कि उपरोक्त दिवस की समयावधि में थोड़ा बहुत परिवर्तन हो सकता है, जिस हेतु विद्युत विभाग को सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

Customer Care Toll Free No. 1912
"Pay Electricity bill Online 24 X 7 from www.upcl.org"
"विद्युत बिलो के 24 X 7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ"
"विद्युत बिलों का भुगतान समय पर करें"
"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"
"बिजली बचाने हेतु एल०ई०डी० बल्ब का प्रयोग करें"

(डी०डी० पांगती)
अधिशासी अभियन्ता

एक नजर

कार सवार दो नाबालिगों पर टक्कर मारने का आरोप

काशीपुर। एक महिला ने कार सवार दो नाबालिग लड़कों पर सड़क किनारे बाइक पर खड़े उसके पति को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया है। ग्राम रम्पुरा निवासी बब्बू कौर पत्नी जसवन्त सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 31 जनवरी को उसके पति जसवंत सिंह सड़क पर साइड में बाइक लेकर खड़े थे। इस दौरान कार में सवार दो नाबालिगों ने लापरवाही से कार चलाकर उसके पति की बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में उसके पति का कूल्हा व दोनों पैर टूट गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

घर से दुकान पर काम करने निकली युवती हुई लापता

काशीपुर। घर से दुकान पर काम करने निकली युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। मोहल्ला अल्ली खां निवासी मो. यामीन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 32 वर्षीय बहन अफरोज जहां रोजाना की भांति 30 जनवरी की सुबह लगभग 11 बजे घर से दुकान पर काम करने गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। कहा कि हर संभव जगह तलाशने पर भी उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

शराब के साथ गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कच्ची शराब बरामद की है। कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान ढकिया गुलाबो स्थित निजी स्कूल के पास से ढकिया गुलाबो निवासी बिट्टू सिंह पुत्र बुद्दा राम को गिरफ्तार किया, उसके पास से पुलिस ने 28 पाउच कच्ची शराब के बरामद किये हैं। पुलिस ने आरोपी का आबकारी एक्ट में चालान किया है।

स्मैक के साथ बाइक सवार दो तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने बाइक सवार दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से पुलिस ने 23 .59 ग्राम स्मैक बरामद की है। थाना कुंडा पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुरादाबाद रोड स्थित ढेला पुल के पास से बाइक पर सवार ईदगाह रोड जसपुर निवासी नदीम अहमद पुत्र शरीफ अहमद के कब्जे से 12 .32 ग्राम तथा उसके साथी मोहल्ला चौहान पट्टी जसपुर निवासी साहने आलम पुत्र सईद अहमद के कब्जे से 11 .27 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों का एनडीपीएस एक्ट में चालान कर कोर्ट में पेश किया, वहीं पुलिस ने स्मैक तस्करी में प्रयुक्त बाइक को भी सीज कर दिया। पुलिस टीम में एसआई मनोहर चन्द, कांस्टेबल मनोज बोरा व त्रिलोक सिंह शामिल रहे।

यूआईआरडी में हुई राजस्व उप निरीक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला, जिलाधिकारी ने किया कार्यशाला का शुभारंभ

उपनिरीक्षक कार्य प्रक्रियाओं को सरल बनाएं : डीएम

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : यूआईआरडी में संचालित राजस्व उप निरीक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने दीप जलाकर किया। इस दौरान उन्होंने नवनियुक्त राजस्व निरीक्षकों को कायदे कानून का पाठ पढ़ाते हुए महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

उन्होंने मार्ग दर्शन करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में बताए जा रहे सभी नियमों, कानूनों तथा जानकारियों को पूर्णतः आत्मसात किया जाना चाहिए, ताकि धरातल स्तर पर कार्य करते वक्त किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ा।

प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते डीएम उदयराज सिंह व मौजूद राजस्व उपनिरीक्षक। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि उपनिरीक्षकों का कार्य प्रक्रियाओं को सरल व सुलभ बनाना ही उद्देश्य होना चाहिए। प्रक्रियाओं को उलझाना नहीं चाहिए, क्योंकि उन का दायित्व जनता की जमीन के संरक्षक हैं। कलम से ही व्यक्ति की हैसियत का मूल्यांकन किया जा सकता है। कहा कि प्रशिक्षण में सिखाए गए व्यावहारिक बातों को प्रमुखता से आत्मसात करें। आचरण, व्यवहार तथा कार्यशैली से बड़े स्तर पर अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा बनाएं। इस मौके पर एडीएम अशोक कुमार जोशी, एसडीएम मनीष बिष्ट, ओसी डॉ अमृता शर्मा सहित आदि मौजूद रहे।

कार और 10 लाख नहीं देने पर हत्या का प्रयास

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचारः विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज में महंगी कार व 10 लाख रुपये नहीं लाने पर उसके साथ मारपीट व उसकी हत्या का प्रयास किये जाने का आरोप लगाया है।

कोतवाली क्षेत्र निवासी सीमा ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2007 में उसका विवाह काशीपुर निवासी संजय उर्फ संजू के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति व ससुराली दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर 11 सितंबर 2023 को इन सभी लोगों ने उसके साथ मारपीट की। जब उसने पुलिस में इनके खिलाफ तहरीर दी, तो ससुरालियों ने समझौता कर लिया। उसके बाद 28 सितंबर को ससुरालियों ने उसे मारने का प्रयास किया, 31 अक्टूबर को उसने इसकी शिकायत महिला हेल्पलाइन में की तो फिर से ससुरालियों ने समझौता कर लिया। इसके बाद भी इन लोगों का व्यवहार नहीं बदला। पीड़िता ने आरोप लगाया कि 29 नवंबर 2023 की शाम करीब 6 बजे पति संजय व ससुरालियों ने दहेज की मांग कर उसे सरियों से मारा पीटा तथा हत्या का प्रयास किया। इस दौरान बमुश्किल उसने वहां से भागकर अपनी जान बचायी। आरोप लगाया कि ससुराल वाले उसे अब भी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

योजनाओं को धरातल पर उतारने में आशाओं की अहम भूमिका

सम्मेलन में 14 आशाओं को मिला पुरस्कार, विधायक और कुमाऊं निदेशक ने किया शुभारंभ, पुरस्कार व सम्मान पाकर झूम उठी आशाएं

कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता,रुद्रपुर

अमृत विचारः रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में आशाओं की अहम भूमिका है, जिसकी बदौलत ही पात्रों को योजनाओं का लाभ मिल पाता है। यहीं कारण है कि आशाओं को प्रदेश सरकार की आधारशिला माना जाता है। ऐसे में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशाओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित करना अच्छा निर्णय है।

गुरुवार को विधायक शिव अरोरा शहर के एक रिसोर्ट में हुए आशा बहनों के सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जिस का शुभारंभ विधायक, कुमाऊं निदेशक तारा आर्या और सीएमओ डॉ मनोज शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया। इस दौरान जहां जिले एवं ब्लाक स्तर की 14 आशाओं को उत्कृष्ट कार्य करने और वहीं नौ स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रोत्साहन राशि सहित प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत भी किया गया। जिसे देखकर वहां मौजूद आशाएं खुशी से झूम उठी। इस दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि आशाएं आमजन और स्वास्थ्य विभाग के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी है। जो सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाती है। कहा कि धामी सरकार स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। कुमाऊं निदेशक डॉ तारा आर्श ने बताया कि आशाएं, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन एवं कई विभागीय योजनाओं को बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। द्विवार्षिक सम्मेलन होता है। 2004 और 2005 केंद्र मंत्रालय ने अ च्छी भागीदारी की।

यहीं कारण है कि दुर्गम इलाकों में आशाओं ने अपना दायित्व बेहतर ढंग से निभाया। वर्तमान में हर मोड़ पर आशाओं की आवश्यकता पड़ती है। आशाओं को सम्मान देने के बाद नई ऊर्जा का संचार होगा। इस मौके पर एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, सीएमओ डॉ मनोज शर्मा, एसीएमओ हरेंद्र मलिक, डॉ डीपी सिंह, एसीएमओ डां एसपी सिंह, रेनू शर्मा, अतुल जोशी, डॉ राजेश आर्या, सुशील यादव, बिट्टू चौहान आदि मौजूद रहे।

आशा सम्मेलन में मंचासीन अतिथि एवं स्वास्थ्य अधिकारी। ● अमृत विचार

आशा सम्मेलन में उपस्थित मौजूद आशाएं व अन्य। ● अमृत विचार

इन 14 आशाओं को मिली प्रोत्साहन राशि

रूद्रपुर। आशा सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिला स्तर पर बेहतर कार्य करने पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के अलावा 14 आशाओं को प्रोत्साहन राशि के चेक के अलावा प्रशस्ति पत्र दिया गया। इसमें प्रथम पुरस्कार रुद्रपुर जिला अस्पताल की आशा संजीता मंडल को पांच हजार और सीएचसी सितारगंज की पूर्णिमा सरकार को मिला। इसके अलावा जिला अस्पताल की आशा फैसिलिटेटर शिखा, सीएचसी सितारगंज की मंजू फर्त्याल, बाजपुर की बृजबाला, नारायण नगर की पूजा रानी को भी प्रथम पुरस्कार के रूप में पांच हजार का चेक व प्रशस्ति पत्र दिया गया। वहीं नारायण नगर की ललिता, बाजपुर की लखविंदर कौर, जसपुर की रं जीत कौर, गदरपुर की प्रीति गुप्ता को दूसरा और काशीपुर की सरोज, जसपुर की गुरमीत कौर, किच्छा की लक्ष्मी गौड़ को तीसरा पुरस्कार मिला।

जिला समन्वयक, डीईओ, ब्लॉक कम्युनिटी हुए सम्मानित

रूद्रपुर। आशा सम्मेलन में जहां आशाओं को पुरस्कार वितरित किया गया। वहीं अधिकारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए भी जिला समन्वयक, डीईओ और ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर को भी पुरस्कृत किया गया। जिसमें जिला समन्वयक निधि शर्मा, डीईओ गुलशन कुमार, ब्लॉक समन्वयक गीता रानी, मयंक नैनवाल, लक्ष्मी कोठारी, सीमा रानी, बृजबाला शर्मा, सचिन सक्सेना, रवि कुमार शामिल रहे।

> आशाएं धरातल पर कार्य करने वाली एक सजग प्रहरी है। जिस प्रकार का जवान अपने इलाके में दिन रात मेहनत कर समाज को सुरक्षा प्रदान करता है। उसी प्रकार आशा कार्यकत्रियां भी सरकार की योजनाओं को उस दूरस्थ इलाकों में पहुंचती है और छात्रों को चिह्नित कर लाभान्वित करती है। आपसी सामंजस्य बना ने, सामाजिक कुरीतियों को मिटाने और पारिवारिक प्रकरणो में भी आशाओं की अहम भूमिका देखने को मिली है। ऐसे में आशाओं को सम्मानित करना सराहनीय कदम है।
> **-चंद्रशेखर घोडके**, एसपी क्राइम

> आशाओं को प्रोत्साहित करने और योजनाओं को बेहतरीन तरीके से धरातल पर उतारने के लिए ही प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार निर्धारित किया गया है। पुरस्कार राशि देकर प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य आशाओं को सम्मान देना है। सम्मान पत्र देकर आशाओं को प्रोत्साहित किया गया है। ताकि प्रत्येक आशा प्रेरणा लेकर बेहतर कार्य करें। समय समय पर आ शाओं का सम्मान दिया जाता रहेगा।
> **-डॉ मनोज शर्मा, सीएमओ ऊधमसिंह नगर**

700 ग्राम अफीम के साथ एक को दबोचा

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

शिकंजा

- **बगवाड़ा चौकी पुलिस ने किया गिरफ्तार, एनडीपीएस का मुकदमा हुआ दर्ज**

अमृत विचार : बगवाड़ा चौकी पुलिस ने चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में अफीम की तस्करी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दारोगा दीपक जोशी पुलिस टीम के साथ 31 दिसंबर को बगवाड़ा चौकी इलाके स्थित करतारपुर रोड पर लोकसभा चुनाव को लेकर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे कि अचानक बगवाड़ा मंडी गेट के पास एक वाहन पर संदिग्ध व्यक्ति घूमता हुआ देखा गया। जब रोकने का प्रयास किया तो आरोपी भागने की कोशिश करने लगे। जिस पर पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जगदीश प्रजापति निवासी ग्राम मजगांवा आंवला बिशारतगंज बरेली यूपी बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 700 ग्राम अफीम बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह सीमावर्ती इलाकों से अफीम की खेप लेकर युवाओं को महंगे दामों पर मुहैया कराता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

घर में घुसकर महिला पर जानलेवा हमला

बाजपुर। ग्राम गोबरा निवासी मलकीत सिंह पुत्र हरवंश सिंह ने कोतवाली में तहरीर देते हुए घर में घुसकर पत्नी गुरप्रीत कौर के साथ मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है जिसमें पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित के अनुसार गांव के ही जसवीर सिंह उर्फ जस्सू, दर्शन सिंह, मेजर सिंह व विक्रम सिंह विक्की सिंह रंजिशन उसके घर में घुस गए और बिना किसी बात के गाली-गलौज कर लाठी-डंडों से पत्नी गुरप्रीत कौर पर हमला कर दिया जिसमें वह घायल हो गई तथा उसकी हालत गंभीर बनी हुई है, जोकि सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी में भर्ती है। पुलिस ने तहरीर में नामजद चारों लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शुगर मिल के ठेका कर्मचारियों का मिल गेट पर प्रदर्शन

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचारः किच्छा शुगर मिल प्राइवेट लिमिटेड में ठेका कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर चीनी मिल गेट पर धरना प्रदर्शन किया। ठेका कर्मचारियों ने जल्द मांग पूरी न होने की दशा में आंदोलन की चेतावनी दी है। श्रमिक नेता शंकर कुमार के नेतृत्व में दर्जनों कर्मचारियों ने चीनी मिल गेट पर नारेबाजी करते हुए जोरदार धरना प्रदर्शन किया।

श्रमिक नेता शंकर कुमार ने कहा कि एक ही ग्रेड के श्रमिकों को ठेकेदार द्वारा अलग-अलग वेतन दिया जा रहा है तथा वेतन वृद्धि न करने के साथ ही पिछले माह का वेतन अभी तक नहीं दिया जा रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा कर्मचारियों को पीएफ कटौती की भी जानकारी नहीं दी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि चीनी मिल में तैनात ठेकेदार द्वारा खुलेआम श्रमिकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने मिल प्रबंधन से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि मध्य प्रदेश एवं उत्तर पूर्वी प्रदेश निवासी ठेकेदार द्वारा मनमानी कर समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा तथा निर्धारित वेतनमान में कटौती कर आधा अधूरा वेतन भुगतान किया जा रहा है। साथ ही पीएफ तथा अन्य फंड कटौतियों का भी कोई विवरण श्रमिकों को नहीं दिया जा रहा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो उनके द्वारा अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा। मौके पर अवधेश सिंह, अंगद यादव, शिवदत्त जोशी, नंदकिशोर, रवि यादव, बबलू सिंह, आसिफ अहमद, वीर हसन, रामू राय आदि मौजूद रहे।

किच्छा चीनी मिल में हंगामा करते ठेका कर्मचारी। ● अमृत विचार

ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी

श्रमिकों द्वारा धरना प्रदर्शन किए जाने के बाद चीनी मिल के अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। अधिशासी निदेशक मर्तोलिया ने बताया कि श्रमिकों द्वारा आज ही उन्हें भुगतान संबंधी एवं ठेकेदार द्वारा अनियमिताएं बरतने की शिकायत की गई है जिसके अनुपालन में ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए श्रमिकों का पूर्ण विवरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर पर ठेका प्रथा की जाती है तथा वहीं से मिल में कर्मचारियों की व्यवस्था करने हेतु ठेकेदार के साथ एग्रीमेंट किया जाता है।

आयोजन बीस गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर तहसील परिसर में चल रहा आंदोलन

सत्याग्रह आंदोलन स्थल पर महिलाओं ने की पंचायत

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचारः बीस गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर तहसील परिसर में चल रहे भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन को 6 माह पूरे हो चुके हैं जिसके चलते गुरुवार को आंदोलन स्थल पर पीड़ित परिवार की महिलाओं ने महिला पंचायत का आयोजन किया।

पंचायत में सुनीता टम्टा बाजवा, गुरप्रीत कौर, राजविंदर कौर, किरण आदि महिला वक्ताओं ने सरकार के ढुलमुल रवैये पर जमकर भड़ास निकाली। कहा कि उनके परिवार के लोग 6 माह से तहसील परिसर में बैठे हैं और सरकार आश्वासन के अनुरूप समाधान की ओर नहीं बढ़ रही है, जबकि मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए आश्वासन पर बाजपुर की महिला शक्ति ने मुख्यमंत्री के प्रतीक कटआउट को राखियां बांधकर धन्यवाद प्रेषित किया था, इसके बावजूद भी बाजपुर के हजारों परिवार आज तक न्याय की बाट जो रहे हैं। तरह-तरह से भूमिधरी अधिकार देने के विषय पर टालमटोल की जा रही है जिससे अब पीड़ित परिवारों का धैर्य जवाब दे रहा है। महिला पंचायत में 20 फरवरी को शहर में महिला मार्च का निर्णय लिया गया है।

इस मौके पर रूपिंदर कौर, किरणदीप शाकर, गुरदीप कौर, जसविंदर कौर, सविंदर कौर, रेखा सिंह, शालिनी, मनजीत कौर, हीरा देवी, लक्ष्मी देवी, मीना बर्सिलिया, सरोजिनी, कविता, फूलवती, समरजीत, रश्मिंदर कौर, किंदरजीत कौर, नवजोत कौर, अमरजीत कौर आदि महिलाएं मौजूद रही।

बाजपुर में तहसील परिसर में आंदोलन स्थल पर प्रदर्शन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

ये लोग बैठे क्रमिक अनशन पर

बाजपुर। तहसील परिसर में चल रहे भूमि बचाओ आंदोलन में गुरुवार को महेंद्र सिंह चौहान, अमरनाथ शर्मा, निशांन सिंह, हरदेव सिंह व देवेश प्रताप सिंह क्रमिक अनशन पर बैठे जिन्हें भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा व भारतीय किसान यूनियन प्रदेश अध्यक्ष करम सिंह पड्डा ने माल्यार्पण कर बैठाया। इस मौके पर सत्याग्रह के अगुवा रजनीत सिंह सोनू, बल्ली सिंह चीमा, सिकंदर सिंह, सुरेश गोयल, करमजीत शाकर, रणजीत सिंह, जसमीत सिंह भुल्लर, मनिंदर सिंह खैरा, राजकिशोर सिंह, मुरारी लाल, गुरविंदर सिद्धू आदि मौजूद रहे।

महिला पर खोए चेक के दुरुपयोग का आरोप

काशीपुर। एक महिला ने दूसरी महिला पर खोये चेक का दुरुपयोग कर उसके खिलाफ कोर्ट में मुकदमा दाखिल करने का आरोप लगाकर कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया है। थाना आईटीआई के कचनाल गुसाई निवासी उषा गुप्ता ने कोर्ट को दिये प्रार्थना में कहा कि उसका एक चेक कहीं खो गया था, जिसकी सूचना उसने पुलिस के साथ ही बैंक में चेक की पेमेंट स्टाप करा दी थी। कहा कि 31 मार्च 2023 को उसे नोटिस से ज्ञात हुआ कि कचनाल गाजी सूत मिल रोड निवासी नीलम देवी ने चेक का दुरुपयोग कर उसे बैंक में लगा दिया, जिस पर बैंक ने स्टाप पेमेंट के कारण नीलम देवी को चेक वापस कर दिया। नीलम देवी ने पांच लाख की अवैध वसूली के इरादे से झूठे तथ्यों के आधार पर न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया।

बीमा कंपनी आश्रित को देगी 12.59 लाख रुपये

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचारः द्वितीय एडीजे/एमएसीटी की अदालत ने बीमा कंपनी को 12.59 लाख रुपये की राशि का प्रतिकर छह फीसद ब्याज की दर से अदा करने के आदेश दिए हैं।

ग्राम मानपुर निवासी गुरदीप कौर और उसके पति गुरनाम सिंह ने अपने अधिवक्ता अफसर अली खान व मुजीब अहमद एड. के माध्यम से एमएसीटी कोर्ट में याचिका प्रस्तुत कर कहा था कि दो जून 2021 को सुबह करीब साढ़े सात बजे उनका पुत्र सन्नी पाल सिंह अपनी बहन के साथ मोटरसाइकिल से जसपुर जा रहा था। कुंडा गांव के पास ट्रक चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाकर उसके पुत्र सन्नी को टक्कर मार दी। हादसे में सन्नी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की रिपोर्ट थाना कुंडा में हुई। सन्नी पट्टी कला, स्वार, रामपुर में एक स्टोन क्रशर में नौकरी करता था। परिवाद पर सुनवाई कर द्वितीय एडीजे/एमएसीटी रितेश कुमार श्रीवास्तव ने बीमा कंपनी को 12 लाख 59 हजार 629 रुपये की प्रतिकर की राशि छह प्रतिशत ब्याज की दर से एक माह के भीतर जमा कराने के आदेश दिए हैं। कंपनी को प्रतिकर की राशि ट्रक स्वामी जयपुर निवासी भंवर लाल जाट और चालक राजेंद्र कुमार जाट से वसूलने का अधिकार होगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

संसारयति कृत्यानि सर्वत्र विचिकित्सते।
चिरं करोति क्षिप्रार्थे स मूढो भरतर्षभ॥

जो व्यक्ति अनावश्यक कर्म करता है, सभी को संदेह की दृष्टि से देखता है, आवश्यक और शीघ्र करने वाले कार्यों को विलंब से करता है, वह मूर्ख कहलाता है।

संपादकीय

समावेशी विकास की राह

नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी बजट गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में पेश किया। वित्तमंत्री ने संकेत दिया कि सरकार चुनाव में वापसी को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है। उन्होंने कहा मोदी सरकार अपने उपलब्धियों के आधार पर जुलाई में पूर्ण बजट पेश करने के लिए वापस आएगी और उसे चुनाव में जाने के लिए अंतिम समय में रियायतों की घोषणा की जरूरत नहीं है। वास्तव में बजट में किसी भी लोकलुभावन कदम की घोषणा नहीं की गई जैसा कि चुनाव पूर्व बजट में उम्मीद की जाती है। अंतरिम बजट से साफ हो गया है कि आर्थिक विकास के विभिन्न आयामों से जुड़ी पूर्व की नीतियां जारी रखी जाएंगी। वित्तमंत्री का लगभग दो तिहाई भाषण सरकार की 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित था। बजट में राजनीतिक रूप से सबसे दिलचस्प घोषणाओं में से एक प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के हिस्से के रूप में एक करोड़ घरों को छत पर सौर ऊर्जा उत्पादन प्रदान करने का कार्यक्रम था। यह विभिन्न राज्यों में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त बिजली की कई गारंटी के जवाब के रूप में आया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार चार प्रमुख वर्गों गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता के विकास पर ध्यान केंद्रित करने पर विश्वास करती है। उनकी आवश्यकताएं, उनकी आकांक्षाएं और उनका कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनके सशक्तिकरण और कल्याण से देश आगे बढ़ेगा। उधर विपक्ष ने अंतरिम बजट को निराशाजनक बताया है। विपक्षी दलों के मुताबिक महंगाई रोकने के लिए बजट में कुछ नहीं किया गया है। इसमें बेरोजगारों, महिलाओं के लिए भी कुछ नहीं कहा गया है। एक तरफ कहा जा रहा है कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाया गया है, दूसरी तरफ कहा जा रहा है कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है।

अंतरिम बजट में सरकार ने टैक्स स्लैब को पहले की तरह ही रखा है। हालांकि वित्तमंत्री ने लोगों को बड़ी राहत देते हुए वित्तीय वर्ष 2009-10 तक की अवधि के लिए 25 हजार और वित्तीय वर्ष 2010-11 से 2014-15 तक की अवधि के दस हजार रुपये तक के प्रत्यक्ष कर डिमांड को वापस ले लिया है। इससे लगभग एक करोड़ करदाताओं को लाभ मिलने की उम्मीद है। दो करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य बढ़ा कर तीन करोड़ किया गया है। कहा जा सकता है कि अंतरिम बजट भारत को जन-केंद्रित, समावेशी विकास प्रदान करने में मदद करेगा।

सुदृढ़ अर्थव्यवस्था को सशक्त एमएसएमई आवश्यक

ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

उद्यमियों को विलंबित भुगतान होने के कारण दो प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पहली समस्या है, विलंबित भुगतान की जिसकी वजह से वे आने वाले आदेश के लिए कच्चा माल नहीं खरीद पाते। दूसरे उसकी वजह से उनकी साख पर प्रभाव पड़ता है और बैंकों से कर्ज लेना और भी मुश्किल हो जाता है।

सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम यानी एमएसएमई भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। औद्योगिक उत्पादन का तीस प्रतिशत एमएसएमई क्षेत्र से आता है एवं 48 प्रतिशत निर्यात में इनका योगदान है। रोजगार की दृष्टि से देखें तो कृषि के बाद कम पूंजी लागत पर सर्वाधिक रोजगार का सृजन करके देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में यह क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका भी अदा करता है। इन उद्योगों से लगभग 11 करोड़ लोगों को रोजगार प्राप्त होता है। वस्तुतः कोविड ने इस क्षेत्र को बुरी तरह से प्रभावित किया है। इस क्षेत्र को मजबूत बनाकर ही बड़े उद्योगों को मजबूत बनाया जा सकता है, मगर सबसे बड़ी समस्या यह है कि उद्योग के पास संसाधनों का आभाव है।

एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों के पास न तो ज्यादा वित्तीय पूंजी होती है और न ही बड़े उद्यमियों कि तरह इन्हें व्यवसाय की कोई अच्छी समझ होती है। ज्यादातर सूक्ष्म और लघु उद्योग ग्रामीण इलाकों या कस्बों में लगे हैं, इसलिए इन्हें संरचनात्मक सुविधाओं जैसे बिजली, सड़क पानी आदि की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों का विकास बाजार तक पहुंच, उत्पादों की गुणवत्ता, समय पर ऋण की उपलब्धता और प्रौद्योगिकी के उन्नयन आदि कारकों पर निर्भर करता है।

जीएसटी लागू होने के शुरुआती दौर में छोटे उद्यमों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ा जिससे कच्चे माल की आपूर्ति वाला पक्ष प्रभावित हुआ है। कोई भी उद्यम अगर अपने आप को आज के दौर की उन्नत तकनीक में नहीं ढालता तो वह औद्योगिक प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाता है, लेकिन इन तकनीकों के महंगे होने के कारण छोटे उद्योग इनका उपयोग नहीं कर पाते जिसका असर उनके उत्पादन पर पड़ता है और जिसके फलस्वरूप इनके उत्पाद की गुणवत्ता गिरती है तथा इनकी आपूर्ति श्रंखला भी प्रभावित होती है।

उद्यमियों को विलंबित भुगतान होने के कारण दो प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पहली समस्या है, विलंबित भुगतान की जिसकी वजह से वे आने वाले आदेश के लिए कच्चा माल नहीं खरीद पाते। दूसरे उसकी वजह से उनकी साख पर प्रभाव पड़ता है और बैंकों से कर्ज लेना और भी मुश्किल हो जाता है। एक समस्या यह भी देखी गई है कि इस क्षेत्र के 40 प्रतिशत से अधिक उद्यमियों के पास वित्त के औपचारिक स्रोतों तक पहुंच नहीं है, यानी वे बैंकिंग क्षेत्र से कर्ज ही नहीं ले पाते। लॉकडाउन के दौरान और उसके बाद कच्चे माल की कीमतों में भारी इजाफा हुआ। विशेषकर धातुओं में इसके कारण लागत बढ़ गई। छोटे उद्यमियों के सामने एक समस्या यह भी आती है कि कच्चे माल की अनुपलब्धता के कारण वे समय पर माल की आपूर्ति नहीं कर पाते और इस वजह से सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां उन्हें काली सूची में डाल देती हैं।

सरकार और एमएसएमई मंत्रालय द्वारा इन चुनौतियों को कम करने तथा भारतीय एमएसएमई क्षेत्र के क्षमता निर्माण के लिए 'कौशल विकास प्रौद्योगिकी उन्नयन विपणन सहायता' और एमएसएमई को ऋण तक पहुंच के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू किया गया है। सरकार की ओर से एक अच्छी पहल यह भी की गई है कि केंद्र सरकार के मंत्रालय उसके विभाग या सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा जो भी खरीद की जाएगी उसका 25 प्रतिशत एमएसएमई उद्योगों से ही खरीदा जाए। व्यवसाय में आसानी हो इसके लिए 'उद्यम पंजीकरण' नाम से पोर्टल शुरू किया गया है जिसमें अपने उद्यम को बहुत आसानी से पंजीकृत कराया जा सकता है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में एमएसएमई उद्यमों को स्थापित करके सरकार रोजगार के अवसर पैदा करना चाहती है। इसके लिए 'क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी' सरकार की तरफ से दी जाएगी। पारंपरिक उद्योगों के उन्नयन व पुनर्निर्माण के लिए कोष की योजना के तहत कारीगरों और पारंपरिक उद्योगों को समूहों में व्यवस्थित करके उन्हें व्यापार में प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा सूक्ष्म और लघु उद्योगों के लिए 'क्रेडिट गारंटी योजना' ऋण के आसान प्रवाह की सुविधा के लिए चलाई गई है। इसके तहत छोटे उद्यमियों को गारंटी मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है और बैंकों को कोई भी नुकसान न हो इसके लिए सरकार गारंटी देती है। छोटे उद्यमियों की उत्पादकता प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ-साथ क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 'सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम' चलाया जा रहा है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के सहयोग से कच्चा माल सहायता योजना भी शुरू की है। इसके तहत संकटग्रस्त एमएसएमई को कच्चे माल की खरीद के लिए वित्तीय ऋण प्रदान किया जाता है। उत्पादकता में सुधार के साथ-साथ एमएसएमई मंत्रालय ने सामान्य सुविधा केंद्र की स्थापना की है। इस केंद्र के तहत इन उद्यमों की प्रमुख समस्याओं को कम करके प्रौद्योगिकी बाजार तक पहुंच, कौशल और गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। अर्थव्यवस्था को और मजबूती देने और उसकी रफ़्तार बढ़ने के लिए सशक्त और आत्मनिर्भर एमएसएमई का होना बहुत आवश्यक है। अनेक सरकारी सुविधाओं और योजनाओं के बावजूद अभी यह क्षेत्र चुनौतियों का सामना कर रहा है जिसके समाधान के लिए समुचित प्रयास सुनिश्चित किए जाने चाहिए। किसी भी उद्यम को शुरू करने के लिए कुछ बुनियादी जरूरतों का होना बहुत जरूरी है।

> इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा सूक्ष्म और लघु उद्योगों के लिए 'क्रेडिट गारंटी योजना' ऋण के आसान प्रवाह की सुविधा के लिए चलाई गई है। इसके तहत छोटे उद्यमियों को गारंटी मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है और बैंकों को कोई भी नुकसान न हो इसके लिए सरकार गारंटी देती है। छोटे उद्यमियों की उत्पादकता प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ-साथ क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 'सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम' चलाया जा रहा है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के सहयोग से कच्चा माल सहायता योजना भी शुरू की है।

इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था अच्छी और सुदृढ़ होनी चाहिए, तभी कोई उद्यमी निडर होकर भली प्रकार अपना व्यवसाय कर सकता है। अराजक तत्वों व भ्रष्टाचार के कारण उद्योग धंधे फल-फूल नहीं पाते हैं। अच्छे उत्पादन के लिए बिजली की आपूर्ति भी बहुत जरूरी है। उद्योगों के विकास के लिए अच्छी सड़कें और परिवहन व्यवस्था सही होना भी जरूरी है। एमएसएमई क्षेत्र में मुख्य समस्या कुशल श्रमिकों की आती है। सरकार को कौशल विकास कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक प्रशिक्षण केंद्रो की स्थापना करनी चाहिए ताकि विभिन्न कार्यों के जानकार और कुशल कारीगर अधिक संख्या में उपलब्ध हो सकें। कच्चे माल की कालाबाजारी रुकनी चाहिए ताकि कारोबारियों को नुकसान न हो। छोटे उद्यमियों के सामने एक प्रमुख समस्या विलंबित भुगतान की आती है। सरकार की खरीददारी काफी बड़ी मात्रा में है और जब तक सरकारी संस्थाओं से बेचे गए सामान का भुगतान नहीं होता, तब तक पूरी आपूर्ति श्रंखला धीमी हो जाती है। इसलिए इस पर ध्यान देने की जरूरत है। निर्यात के क्षेत्र में एमएसएमई क्षेत्र बहुत बड़ी भूमिका अदा कर सकता है। इसके लिए अधिक पूंजी और आधारभूत ढांचे की जरूरत है जिसमें सरकार को पूरा सहयोग देना चाहिए। सरकार को एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाने और बढ़ावा देने के लिए आर्थिक पैकेज भी देना चाहिए। साथ ही रोजगार सृजन पर अधिक ध्यान देने और नई राष्ट्रीय रोजगार नीति तैयार करने की आवश्यकता है। अब विनिर्माण में आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रौद्योगिकी केंद्रों की स्थापना होनी चाहिए। सूक्ष्म उद्योगों के लिए कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए भी समुचित प्रयास किए जाने चाहिए।

प्रसंगवश

सामाजिक न्याय के पुरोधा

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने पर सभी समाजवादी दल, कम्युनिस्ट, राजद, जेडीयू और भाजपा उनकी राजनीतिक विरासत साधने में कहां पीछे है? कर्पूरी ठाकुर के सामाजिक व राजनीतिक संघर्ष के साथी जगदेव प्रसाद कुशवाहा थे। कुशवाहा का जन्म 2 फरवरी 1922 को बिहार में जहानाबाद के समीप कुर्था प्रखंड के कुरहरी गांव में हुआ। जब भी वंचितों के हक की बात होगी, तब वह बात बाबू जगदेव प्रसाद के बिना पूरी नहीं होगी और बिहार में तो कतई नहीं होगी। लेकिन जगदेव बाबू बहुत कठिन व्यक्तित्व हैं, समाजवादी सोच की लीडरशिप तो उनकी राजनीतिक विरासत पर दावा ठोंक सकती है पर भाजपा नहीं, उनकी जो लड़ाई थी शोषितों के लिए शोषकों के खिलाफ थी। राजनीति में जगदेव बाबू की दिलचस्पी पटना में अध्ययन के दौरान बढ़ी। जब वे समाजवादी चन्द्र देव के संपर्क में आए और सोशलिस्ट पार्टी से जुड़ गए। पार्टी का मुख्यपत्र 'जनता' का संपादन किया। 1955 में अंग्रेजी साप्ताहिक पत्र 'सिटीजन' का भी संपादन किया। प्रकाशक से मनमुटाव होने पर पटना लौट आए, पर सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। समाजवादी विचारधारा का देशीकरण करके बिहार के घर-घर पहुंचाया। 1967 में कुर्था से विधानसभा पहुंचे, पहली संविद व गैर कांग्रेसी सरकार उनके व कर्पूरी ठाकुर के प्रयासों से बनीं जिसमें महामाया प्रसाद सिन्हा मुख्यमंत्री बने। पार्टी की नीतियों व विचार धारा पर लोहिया जी से अनबन हुई, उनके नारे एकदम जनवादी होते थे। यह कहकर संशोपा छोड़ दी कि 'कमाए धोती वाला, खाए टोपी वाला'। जगदेव प्रसाद ने 25 अगस्त 1967 को शोषित दल बनाई फिर राम स्वरूप वर्मा के अर्जक संघ से जुड़े। 1968 में रामस्वरूप वर्मा की पार्टी समाज दल का विलय हुआ और पार्टी को शोषित समाज दल नाम दिया गया। दार्शनिक व क्रांतिकारी संगम से पार्टी में नया संचार हुआ। गजब के भाषण कर्ता व नारे गढ़ने में निपुण, जहानाबाद की सभा मे उन्होंने एक नारा दिया, दस का शासन नब्बे पर नहीं चलेगा। लगता है उनकी लड़ाई आगे बढ़ रही है। बिहार जाति जनगणना कर 75 प्रतिशत आरक्षण वाला राज्य बन गया है, जिसमें गरीब सवर्ण भी हैं। क्या कर्पूरी ठाकुर की तरह उनको भी सम्मान मिलेगा।

समान नागरिक संहिता का उत्तराखंड से आगाज

अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार

अब उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता की शुरुआत होने जा रही है। उत्तराखंड की भाजपा शासित धामी सरकार यूसीसी पर बनी कमेटी की रिपोर्ट पर विधेयक लाने जा रही है।

किसी भी राष्ट्र की समग्र मजबूती के लिए उसके सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार, समान नियम होने चाहिए। जब तक जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में 370, 35 ए नहीं हटी थी तब तक भारत के अन्य प्रदेशों में मिलने वाले नागरिक अधिकार जम्मू कश्मीर भूभाग के लोगों को नहीं मिलते थे। जैसे ही 370, 35 ए जम्मू कश्मीर और लद्दाख भूभाग से हटा, वहां के लोगों को भारतीय संविधान प्रदत्त संवैधानिक अधिकारों के मिलने की शुरुआत हो गई। समान नागरिक संहिता के साथ भी कुछ मिथ्या नैरेटिव विपक्षी दलों द्वारा बनाया जाता रहा है कि यह धार्मिक गतिविधियों में हस्तक्षेप है, जबकि न्यायालय कई बार इसके लिए सरकार को निर्देशित कर चुका है।

1981 में उच्चतम न्यायालय में दायर शाहबानो वाद का फैसला कांग्रेसी प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय में आया था। इस फैसले में न्यायालय का कहना था कि 'इस वाद में हालांकि संवैधानिक महत्व का कोई प्रश्न नहीं जुड़ा है, किंतु सामान्य नागरिक एवं आपराधिक कानून के तहत कुछ प्रश्न ऐसे पैदा होते हैं जिनका समाज के उस बड़े वर्ग पर जो परंपरागत रूप से अन्यायपूर्ण व्यवहार से पीड़ित हैं, दूरगामी महत्व होता है। महिलाएं भी एक ऐसा ही वर्ग हैं।' इसी फैसले में आगे खंडपीठ का कहना था कि 'हमारे संविधान का अनुच्छेद 44 मृत प्रायः हो गया है। यह प्रावधान कहता है कि राज्य (स्टेट) भारत के समूचे क्षेत्र के नागरिकों के हेतु एक समान नागरिक संहिता बनाने को प्रोत्साहन देगा'। इतना ही नहीं 1995 में सरला मुदगल वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव को निर्देशित किया था कि वह अनु. 44 पर एक बार नए दृष्टिकोण से विचार करें। उच्चतम न्यायालय ने समान नागरिक संहिता को देश की एकता और अखंडता के लिए आवश्यक बताते हुए सरकार से कहा था कि आप न्यायालय को बताएं कि सरकार ने इस तरफ कौन-कौन से कदम उठाए हैं। उस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव इतनी इच्छा शक्ति नहीं जुटा सके कि राष्ट्रहित में उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर फैसला कर सकें। तीन तलाक के समय जब न्यायालय ने तीन तलाक पर सरकार से दृष्टिकोण मांगा तो मोदी सरकार का निर्णय मुस्लिम महिलाओं के हित में रहा। उसी समय यह बात स्पष्ट हो गई थी कि समान नागरिक संहिता का विषय भी एक दिन पूरा होकर रहेगा।

अब उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता की शुरुआत होने जा रही है। उत्तराखंड की भाजपा शासित धामी सरकार यूसीसी पर बनी कमेटी की रिपोर्ट पर विधेयक लाने जा रही है। संवैधानिक दृष्टि से देखें तो भारत के संविधान का अनु. 14 जीवन जीने का अधिकार देता है तो अनु. 15 धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता। अनु. 21 जीवन जीने का अधिकार देता है तो अनु.25 हर नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता देता है। इसलिए समान नागरिक संहिता से किसी भी धर्म के व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं के आहत होने का प्रश्न ही खारिज हो जाता है। मुस्लिम महिला को भारतीय संविधान दोयम दर्जे का नहीं मानता। एक बात तो तय है कि धर्म के ठेकेदार अपनी दुकान चलाने के लिए इसका विकृत स्वरूप प्रदर्शित करते रहे हैं और शायद आगे भी करेंगे। धर्म के अंदर आडंबर और कुप्रथाओं का चलन बेहद पुराना है। हिंदू धर्म के अंदर भी कई कुप्रथाएं रीति-रिवाजों के भेष में पनप चुकी थी। सती प्रथा, बाल विवाह, बहू विवाह जैसी प्रथाएं समाज में विघटन पैदा करने वाली थी। 1958 में राजस्थान उच्च न्यायालय ने तेजसिंह वाद में सती के लिए उकसाने वाले को पांच साल के कठोर कारावास की सजा देने का प्रावधान किया। सरकार ने सती (निरोधक) कानून, 1987 बनाकर इस पर पूरी तरह से रोक लगा दी।

इसी तरह हिंदू धर्म में बाल विवाह और बहुविवाह प्रचलन में थे। 1956 में फैमिली एक्ट के अंतर्गत आधा दर्जन कानून भारत की संवैधानिक व्यवस्था ने पारित किए और इन दोनों कुप्रथाओं पर रोक लगा दी। इन कुप्रथाओं का अंत हिंदू धर्म से जुड़े पंडित, पुजारियों या धर्म के ठेकेदारों ने नहीं किया, बल्कि भारतीय संविधान के अंतर्गत बने कानूनों ने किया। कुछ समय के लिए ठेकेदारों के छद्म स्वाभिमान को ठेस तो पहुंची, किंतु जनता ने इसे खुले दिल से स्वीकारा। कानून और समाज एक दूसरे के पूरक हैं। पहले कानून समाज में सुधार करता है और फिर परिपक्व समाज आवश्यकतानुसार कानून में सुधार करता है। समय के साथ यही लचीलापन व्यक्ति की धार्मिक स्वतंत्रता है। यही भारत है। यही भारतीय संस्कृति है।

सोशल फोरम

निगल ली गई दिमाग की खुराक

हफीज किदवई
लेखक

बस एक मोटी किताब लिखनी है। जिस पर दस्तरख्वान लगाकर बैठ जाएं और उसी पर अकबरी गेट के लज्जतदार खाने भी खा सकें। वह खाने, जो हमारी जहनी खुराक को निगल गए। वह खुशबूदार खाने, जो किताबों की दुकानों को निगल गए। इत्ती मोटी किताब लिखेंगे हम, जिस पर कवाब पराठे बिछा दें, तब भी चाय भर की जगह रह जाए। वह कवाब पराठे, जो पेट को तो अपनी चपेट में ले ही गए, साथ ही जहन को भी जंग आलूदा कर गए।

मैं लखनऊ के पुराने बाजारों को देखता हूं। रात की झिलमिल रोशनी में तंदूरों से उठते धुएं और गलियों में बिछी मुगलई खुशबू को महसूस करता हूं। एक पल को लगता है, जन्नत तो यही है, मगर मुझे मेरे सामने किताबों की दुकानें दिखने लगती हैं। मेरे देखते-देखते या कहिए, पुराने लोगों से सुनते-सुनते या कहिए किताबों की दर्दनाक सिसकियों को महसूस करते-करते लगता है कि बताओ, जो गलियां किताबों की, इल्म की शिनाख्त देती थीं, वह जबान के चटखारे का पता देती हैं। किताबों की एक दुकान मरती है और उसमें कोई जायका राल बहाते हुए बाहर आ जाता है। जहां कल तक इल्म का खजाना बिखरा पड़ा था, वहां अब पानी के बताशे-चाट-कबाब और कॉफी के गोते लगने लगते हैं।

लखनऊ के पुराने हिस्से में हम तमाम छोटी-बड़ी किताबों की दुकान जानते थे, सब अब मशहूर खानों की दुकान हो गईं। अकबरी गेट हो या विक्टोरिया स्ट्रीट या फिर चौक हो या हुसैनाबाद, नादान महल हो या फिर रकाबगंज, गौसनगर हो या मौलवीगंज, अमीनाबाद हो, गुइन रोड हो या नजीराबाद हो या कैसरबाग, लालबाग हो या फिर हजरतगंज। यहां कितनी ही किताबों की दुनिया बिरयानी-कवाब-नहारी-कॉफी में जज़्ब हो गईं। पेट और जबान के जायके ने दिमाग के हिस्से की खुराक निगल ली और हम अपनी चमचमाती गलियों से इठला के बोले, हमारे यहां आइए, आपको क्या ही जायकेदार खाना खिलवाते हैं। हम किसे बताएं कि हमने यह पहचान मिटाकर जायके की पहचान ओढ़कर, एक बहुत ही सस्ता सौदा किया है।

-फेसबुक वॉल से

रास्ता बताने से चोखा काम और कोई नहीं

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> क्या किया जाए ऐसे में? इस बारे में कभी किसी समझदार ने बताया था। अप्प दीपो भव:। अंधेरा हो तो खुद दिया बनने की सलाह है ये। पूछना क्यों है किसी से रास्ता ? खुद से पूछ कर भी मंजिल हासिल की जा सकती है।

जानते हैं आप, दुनिया की सबसे बड़ी दिक्कत क्या है? हमें पते का पता नहीं है। कहां से आए थे? कहां जाना है? किसके पास जाना है? क्यों जाना है? कब जाना है? आने जाने के बीच क्या करना है? कुछ अता-पता ही नहीं। अकल की दाढ़ उगने के बाद आदमी जिंदगीभर इसी उहापोह में फंसा रहता है। अक्लमंद तलाशता है, जो उसके इन सवालों का जवाब दे सके। सही सच्चा रास्ता दिखा सके और मजे की बात देखिए, उसे हर गली चौराहे नुक्कड़ पर अपनी खटिया बिछाए ऐसे खुदाई खिदमतगार मिल भी जाते हैं।

ये अक्लमंद दिखते कैसे हैं? आमतौर पर सर के बाल, दाढ़ी बढ़ी होती है उनकी। खाया पिया आदमी। चोगा टोपी के साथ तरह-तरह की मालाएं पहनी हुई हो उसने तो कोई ताज्जुब नहीं। उसके माथे पर भभूत तिलक जैसा भी कुछ हो सकता है। उसने या तो धोती पहनी होगी या पायजामा। आपपास जाते हैं उसके। उसे उम्मीदों से तकते हैं। पर अक्लमंद मुफ्त में आपके सवालों का जवाब दे दे तो वो खाक अक्लमंद हुआ। ऐसे में वो आपकी जेब टटोलता है। झोले की तलाशी लेता है। उसके ऐसा करते वक्त आप गाफिल रहें इसके लिए वो लच्छेदार बातों में उलझाता है आपको। डराता है। सब्जबाग दिखाता है। भरोसा दिलाता है। उसके आप बातों में आ ही जाते हैं। चल पड़ते है उसकी दिखाई दिशा में, पर उसके बताए घुमावदार रास्ते आपको कहीं नहीं ले जाते। भटकते हैं, आप। थकते हैं और फिर कोई और मिल जाता है आपको। वो जांचता परखता है आपको। तसल्ली देता है। सही रास्ता बताने का दावा करता है। अपने बताए रास्ते को ही सही ठहरता है। खुद ठग होता है और दूसरों को लुटेरा साबित करता है। आप फिर बातों मे आते हैं। फिर कहीं न पहुंचने वाला सफर आपके हिस्से आता है। पूछने भटकने का सिलसिला इसी तरह जारी रहता है और रास्ता बताने वाले मालदार होते जाते हैं। रास्ता बताने से चोखा काम और कुछ नहीं। हींग लगे न फिटकिरी वाला मामला। रास्ता पूछने वाला आमतौर पर हैरान परेशान होता है। डूब रहा होता है और तिनके का सहारा ढूंढता है। बहुत से रास्ता पूछने वाले शार्ट कट के चक्कर में भी होते हैं। ऐसे में रास्ता बताने वाला उम्मीद सा दिखता है उन्हें और वो अपनी जेब ढीली करने के लिए तैयार बने रहते हैं। मजे की बात यह कि रास्ता बताने वाला खुद कहीं नहीं जाता। खुद अपने बताए रास्ते पर नहीं चलता। उसे खूब पता होता है कि उसका रास्ता बताना बस जबानी जमा खर्च है। उसके बताए रास्ते को कहीं पहुंचना ही नहीं है, पर यह धंधा है उसका। इसलिए वो बताता है रास्ता और इसके एवज में सामने वाले से दाम वसूल करता है।

क्या किया जाए ऐसे में? इस बारे में कभी किसी समझदार ने बताया था। अप्प दीपो भव:। अंधेरा हो तो खुद दिया बनने की सलाह है ये। पूछना क्यों है किसी से रास्ता? खुद से पूछकर भी मंजिल हासिल की जा सकती है और ऐसा न करना चाहे आप तो गूगल मैप किस मर्ज की दवा है कहां जाएं? कैसे जाएं? किस तरफ जाएं जैसे सवालों बाबत वह आपकी बाबा बैरागियों के बनिस्बत बेहतर मदद कर सकता है।

कैसा होगा आने वाला रामराज्य

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम थे और उनका राज्य आदर्श था, जिसे मुहाविरे की तरह प्रयुक्त किया जाता है। राम ने निकृष्ट माने जाने वाले कुत्ते की प्रार्थना पर समाज में सबसे श्रेष्ठ मान्य ब्राह्मण को भी दंड दे दिया था। राम 'सत्य संध' यानी सत्य का संधान करने वाले कहे गए हैं। उनके कुल की रीति थी 'प्राण जाइं पर वचन न जाई'। इधर अयोध्या में प्रधानमंत्री द्वारा गाजे-बाजे के साथ राम की नई मूर्ति प्राण प्रतिष्ठित कर देने के बाद अब 'रामराज्य' आने की बात कही जा रही है। इसकी आहट हफ्ते भर के अंदर ही आना शुरू हो गई है। हालांकि यह त्रेता नहीं, कलियुग है, अतः उस और इस रामराज्य में गुणात्मक संशोधन किए गए हैं। दो उदाहरण प्रस्तुत हैं।

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लालू यादव की राजद के साथ मिलकर सरकार चला रहे थे। कुछ समय पहले वे भाजपा से मिलकर सत्तारूढ़ थे। जब अंतर्विरोधों के चलते भाजपा और नीतीश अलग हुए तो भाजपा के राष्ट्रीय स्तर पर कर्ता-धर्ता गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि 'अब नीतीश के लिए भाजपा/एनडीए के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हैं'। यही नहीं नीतीश ने भी कहा था कि 'अब हम मरना पसंद करेंगे, लेकिन भाजपा के साथ नहीं जाएंगे'। इसके बावजूद दोनों ने अपने-अपने वचन भंग कर दिए और मिलकर सरकार बना ली। यानी अब जो रामराज्य स्थापित होगा, उसमें वचन पालन वाला अनुच्छेद डिलीट कर दिया जाएगा और सत्ता पर काबिज होना ही ध्येय होगा। दूसरा उदाहरण चंडीगढ़ का है, जो केंद्र शासित क्षेत्र है, यानी यहां शासन केंद्र का सत्तारूढ़ दल प्रशासक के माध्यम से शासन चलाता है। यहां मेयर का चुनाव हुआ जिसमें पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह नियुक्त किए गए, उपायुक्त द्वारा नामांकित नगर निगम सदस्य हैं और भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा से जुड़े रह चुके हैं। मेयर का चुनाव यहां जनता से नहीं पार्षदों द्वारा होता है। पार्षदों की संख्या 35 है। एक वोट सांसद का भी होता है, जो भाजपा की किरन खेर हैं। भाजपा के 14 पार्षद हैं और उन्हें अकाली दल के एकमात्र सदस्य का समर्थन प्राप्त था। इस तरह उनके मेयर प्रत्याशी को ईमानदारी से 16 मत मिल सकते थे। शेष 20 कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के थे, जो मिलकर यह चुनाव लड़े थे।

इस स्पष्ट गणित के होते हुए भी भाजपा के मेयर प्रत्याशी मनोज सोनकर विजयी घोषित हो गए। पीठासीन अधिकारी ने कांग्रेस+आप गठबंधन के आठ वोट अवैध घोषित कर दिए। कहा गया कि इन मत पत्रों में निशान लगे हैं जिससे ये वैध नहीं रहे। पराजित गठबंधन का आरोप है कि पीठासीन अधिकारी ने ही ये निशान लगा दिए और एक ऐसा वीडियो भी वायरल हुआ जिसमें अनिल मसीह कुछ लिखते हुए दिख रहे हैं। विवाद जारी है, किंतु प्रथम दृष्ट्या अन्याय हुआ साफ प्रतीत हो रहा है। खास तौर पर तब जब पीठासीन अधिकारी वह बने, जो एक प्रत्याशी की पार्टी का ही हो। इन नमूनों से आने वाले रामराज्य के स्वरूप की पदचाप स्पष्ट सुनाई दे रही है।

एक नजर

ग्राहक के खाते से उड़ा लिए 95 हजार रुपये

खटीमा। डिग्री कॉलेज रोड निवासी दीपक मेहता ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि उसका बैंक ऑफ बड़ौदा में खाता संचालित है। यह भी कहा है कि उसके खाते से 95045 रुपये यूपीआई लेनदेन से निकल लिए। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वारंटी घर से गिरफ्तार

बाजपुर। उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देशों पर बन्नाखेड़ा चौकी की पुलिस द्वारा गुरुवार को वारंटी ग्राम बन्नाखेड़ा निवासी विनोद पुत्र रतनलाल को उसके घर से गिरफ्तार किया है जिसे कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रमेश चंद्र बेलवाल, हेड कांस्टेबल सुरेंद्र बोरा, कांस्टेबल दलीप फर्त्याल व पवन कुमार आदि शामिल रहे।

ठंड में डिप्लोमा इंजीनियरों में जबर्दस्त आक्रोश

अल्मोड़ा। गुरुवार को भले ही पर्वती क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदल गया हो। लेकिन अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध जता रहे डिप्लोमा इंजीनियरों में आक्रोश व्याप्त रहा। कर्मचारियों ने बाहों में काले फीते बांधकर विरोध जताया और अपनी मांगों को लेकर जोरदार नारेबाजी भी की। लोक निर्माण विभाग के डिप्लोमा इंजीनियर पिछले चार दिनों से अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार पर हैं। डिप्लोमा इंजीनियरों ने कहा है कि वह लंबे समय से सहायक अभियंता के रिक्त पदों पर अपर सहायक अभियंताओं की पदोन्नति करने, 2018 में भर्ती हुए कार्मिकों का स्थायीकरण किए जाने, कार्यस्थल पर मेट बेलदार की नियुक्ति करने तथा 55 साल की आयु पूरी कर चुके कार्मिकों का ऐच्छिक तबादला करने समेत सभी मांगों पर कार्यवाही करने की मांग कर रहे हैं। कार्य बहिष्कार में खंडीय अध्यक्ष हेमंत पाठक, गणेश जोशी, गोविंद नाथ, हरीश जोशी, हेम चंद्र पंत, कैलाश रौतेला, आलोक ओली, सुरेश पौडियाल, रवि दानी आदि मौजूद रहे।

सरकारी संपत्तियों की गूगल मैपिंग कर दो दिन में पोर्टल पर चढ़ाएं : एसडीएम

चार फरवरी से पूर्व सभी विभागों को संपत्ति का विवरण व वर्तमान स्थिति हर हाल में बतानी होगी

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : राज्य में सरकारी संपत्तियों के रख-रखाव के लिए राजस्व प्रशासन सहित समस्त विभागों द्वारा विभागीय कवायद शुरू कर दी गई है जिसमें चार फरवरी से पूर्व सभी विभागों को अपनी संपत्ति का विवरण और वर्तमान स्थिति पोर्टल पर दर्ज करवानी होगी।

गुरुवार को तहसील सभागार में एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी की अगुवाई में राजस्व विभाग के अधिकारियों, हल्का पटवारियों, लेखपालों की बैठक ली गई जिसमें अभिलेखों में दर्ज सरकारी संपत्तियों की गूगल मैपिंग कर दो दिन में सभी संपत्ति का विवरण पोर्टल पर चढ़ाए जाने के निर्देश तकनीकी सहायक सुनील कुमार पांडेय को दिए गए। इस दौरान पांडेय द्वारा ऐप पर संपत्तियों का विवरण दर्ज करने की जानकारी भी दी गई। एसडीएम आरसी तिवारी ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा परिसंपत्तियों को पोर्टल पर चढ़ाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है और अन्य विभाग भी इसे गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करें। बताते चलें कि शासन स्तर पर लिए गए निर्णय के अनुरूप जहां-जहां भी सरकारी संपत्ति है और उन पर बने कब्जे को हटाए जाने हेतु पोर्टल पर चढ़े विवरण के अनुसार कार्रवाई की जाएगी जिसमें राजस्व, लोनिवि, सिंचाई, शिक्षा, चिकित्सा सहिब सभी सरकारी विभागों को संपत्तियों का विवरण पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवाण, कानूनगो सुनीतिपाल सैनी, हल्का पटवारी दीपक चौहान, नितिन कुमार, लक्ष्मण सिंह जंगपांगी, मोहन सिंह रावत, मो.इस्राइल, हेमा काला, विपिन चौहान, आशीष चौहान, खुशाल सिंह, कुलदीप सिंह नेगी, तकनीकी सहायक सुनील कुमार पांडेय आदि मौजूद थे।

बाजपुर तहसील सभागार में बैठक लेते एसडीएम आरसी तिवारी। ● अमृत विचार

शांतिपुरी से गन्ना सप्लाई बढ़ाने के लिए ईडी से मिला शिष्टमंडल

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार: शांतिपुरी क्षेत्र व नजदीकी बिन्दुखत्ता के छह तौल केन्द्रों से गन्ना सप्लाई की धीमी गति को बढ़ावाने के लिए गुरुवार को किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट राजेन्द्र प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में किसानों का शिष्टमण्डल चीनी मिल किच्छा स्थित प्रशासनिक कार्यालय पहुंच कर ईडी त्रिलोक सिंह मर्तोलिया से मिला।

किसान नेता एडवोकेट शर्मा ने शिकायत की कि प्रति वर्ष किच्छा चानी मिल के उत्तर प्रदेश बांडर से लगे क्रय केन्द्रों पर बाहरी फैक्ट्रियों के द्वारा बड़ी मात्रा में गन्ना खरीद लिया जाता है। ठीक इसी प्रकार पहाड़ों के तौल केन्द्रों पर भी गन्ने की पैदावार कम होने के कारण वहां पहले ही तौल पूरी हो जाती है, जबकि इसके सापेक्ष शांतिपुरी, बिन्दुखत्ता क्षेत्र में गन्ने की अधिक पैदावार होने व उत्पादित गन्ने की सत प्रतिसत सप्लाई किच्छा चीनी मिल को होने के कारण वहां के तोल केन्द्रों पर सबसे देर तक गन्ना सप्लाई पूरी नहीं हो पाती है। उक्त दोनों ही क्षेत्रों में खेतों से गन्ने की सप्लाई पूरी होने के कारण पेराई सत्र का समापन कर फैक्ट्री बंद करने के फरमान मिल प्रशासन द्वारा जारी कर दिया जाता है, जबकि शांतिपुरी व बिन्दुखत्ता के कई खेतों में किसानों की गन्ने की फसलें शेष बची रहती हैं, जिसका खमियाजा स्थानीय किसानों भुगतना पड़ता है। किसान नेता एडवोकेट शर्मा ने इसी अंतर को मक करने व गन्ने की सत् प्रतिसत सप्लाई कराने के लिए शांतिपुरी व बिन्दुखत्ता में गन्ने की सप्लाई बढ़ाने की मांग की है। इसके साथ ही गन्ना भुगतान में तेजी लाने के लिए मील प्रशासन की सराहना की। ईडी त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने आश्वासन किया कि वह किसान हित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र सर्वे करा कर जहां भी आवश्यक होगा गन्ने की सप्लाई बढ़ाई जायेगी। मांग करने वालों में किसान नेता बिशन सिंह कोरंगा, रमेश लोहनी, गुड्डू पाण्डे आदि मौजूद रहे।

गन्ना सप्लाई में सुधार की मांग को लेकर ईडी त्रिलोक सिंह मर्तोलिया से वार्ता करते किसान।

कार में टक्कर और मारपीट का केस

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: कार को टक्कर मारकर मारपीट के आरोप में 9 लोगों पर ग्राम दियोहरी फार्म निवासी गुरजीत सिंह ने न्यायालय के माध्यम से कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

गुरजीत सिंह ने बताया कि वह 29 नवंबर 2023 की देर रात घर से बाजपुर कार से अपनी साइड में जा रहा था। आरोप है कि नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर अमर पैलेस के सामने पहुंचा तो इसी बीच तीन सवारियों से लदी बाइक को तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाकर उसकी कार को साइड में आकर टक्कर मार दी।

आरोप है कि घटना के बाद वह कार से नीचे उतरा ही था कि ग्राम गुलड़िया निवासी विकास पुत्र नेम चंद्र, सुभाष पुत्र रूम सिंह, सर्वेश पुत्र धर्मपाल सिंह, संजीव, सरकारी अस्पताल बाजपुर के पीछे निवासी ज्ञान चंद ने आने 3-4 अन्य साथियों के साथ मिलकर लाठी-डंडों इत्यादि से हमला कर दिया। इतना ही नहीं मोबाइल व कार में रखे 25 हजार रुपये जबरन निकाल ले गए तथा कार में तोड़फोड़ भी की गई। इसी बीच सूचना पर पहुंचे पुत्र जजवीर सिंह द्वारा बीच-बचाव का प्रयास किया तो हमलावरों ने उसके ऊपर भी जानलेवा हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। शोर-शराबा होने पर पहुंचे कुछ लोगों ने पिता-पुत्र को हमलावरों से बचाया। इसके बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने कोर्ट के आदेशों पर पांच नामजद समेत 9 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बर्तन साफ करते-करते जेवर लेकर फरार

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: उमरुखुर्द गांव के एक घर के बर्तन साफ करते-करते दो युवकों ने जेवर साफ करने की बात कही और उनकी आंखों में धूल झोंक कर जेवर ले उड़े। ग्रामीणों ने पीछा किया लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वैशाली गाजियाबाद निवासी पुष्पा राणा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि उसका मायका उमरुखुर्द में है। वह अपने मायके आई हुई थी। तहरीर में कहा है कि 31 जनवरी को समय करीब साढ़े दस बजे मोहल्ले में मोटरसाइकिल पर दो युवक आए और उन्होंने कहा कि वह तांबे पीतल के बर्तन साफ करते हैं। जिस पर उन्होंने बर्तन साफ कर कहा कि हम सोने चांदी के जेवरात भी साफ करते हैं। आनाकानी के बाद पीड़िता ने सवा दो तोले के सोने के दो कड़े, सवा तोले सोने की गले की चेन, आधा तोले की सोने के कान के बुंदे दे दिए। युवकों ने इन जेवरों को एक टिफिन के डिब्बे में डाला और दो-तीन केमिकल डालकर दे दिया और कहा कि पांच मिनट बाद खोलकर अपने जेवरात निकाल लेना और दोनों वहां से मोटरसाइकिल लेकर चले गए। पीड़िता ने जब टिफिन खोला तो उसमें पानी के अलावा कुछ भी नहीं था। उन्होंने उनके सामने ही आंख में धूल झोंक कर जेवरात लेकर चले गए। शोर मचाने पर गांव के लोगों ने पीछा किया लेकिन वह युवक दोनों लापता हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ऑटो सर्विस का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

रुद्रपुर। चोरों ने थाना ट्रांजिट कैंप स्थित ऑटो सर्विस की दुकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये की नकदी चोरी कर दी। तीनपानी डाम फुलसुंगा निवासी भास्कर चौहान ने बताया कि उसका ऑटो सर्विस सेंटर है। बुधवार को रोजमर्रा की भांति दुकान को बंद किया गया था। गुरुवार की सुबह दुकान पर आए तो पाया कि दुकान का ताला टूटा पड़ा है। गल्ले में रखी 46 हजार रुपये गायब है। जब सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया तो कुछ संदिग्ध चारदीवारी को फांदकर अंदर घुसे और दरवाजे का ताला तोड़कर नकदी को चुरा लिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया और तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

कवि सम्मेलन में रामरतन यादव सम्मानित

खटीमा। बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति बरेली की 20वीं बैठक में मुख्य प्रबंधक महिपाल सिंह, निष्पक्ष के आयोजक और हिमांशु एवं ग्रह मंत्रालय राजभाषा विभाग के उपनिदेशक डॉ छबिल कुमार मेहर की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी साहित्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय के शिक्षक राम रतन यादव को अंग वस्त्र के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में बरेली के वरिष्ठ गीतकार कमल सक्सेना, हास्य व्यंग कवि उमेश त्रिगुणायत, गोला से गीतकार रमेश पांडे शिखर 'शलभ' ने राजभाषा हिंदी पर बहुत ही उत्तम प्रस्तुति दी। कवि सम्मेलन का संचालन हिमांशु क्षेत्रीय निष्पक्ष ने किया। अंत में महिपाल सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार जताया।

कवि को सम्मानित करते अतिथि।

दिनेशपुर के सिक्स सिग्मा कॉलेज के दीक्षांत समारोह में मेधावी छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

सलोनी, शबनम को मिला अवार्ड

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: सिक्स सिग्मा कॉलेज में डिप्लोमा इन फार्मेसी एवं डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग वैच 2021- 2023 के 130 छात्र- छात्राओं को दीक्षांत समारोह में डिप्लोमा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। फार्मेसी में सर्वाधिक अंक लाने वाले छात्र शुभम विश्वास को वेस्ट स्कॉलर अवार्ड से नवाजा गया।

गुरुवार को सिक्स सिग्मा इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के डिप्लोमा इन फार्मेसी, डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं का दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के अध्यक्ष राजेश डावर, उपाध्यक्ष प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, निदेशका डॉ. सीमा अरोरा, प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट एवं प्राचार्य डॉ विजय सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। संस्थान का तृतीय दीक्षांत समारोह में 130 छात्र- छात्राओं को डिप्लोमा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। संस्थान की तरफ से फार्मेसी में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र शुभम विश्वास को बेस्ट स्कॉलर अवार्ड, संस्थान में सभी गतिविधियों में सक्रिय प्रतिभागिता करने वाली छात्रा सलोनी शर्मा को स्टूडेंट् ऑफ द ईयर का खुशाल चंद ग्रोवर अवार्ड से नवाजा गया। कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में मैकेनिकल (प्रोडक्शन) के आकाशदीप मौर्य, मैकेनिकल (ऑटोमोबाइल) के वेस्ट स्कॉलर चंदन कार्की व सिविल डिपार्टमेंट के शबनम सैफी एवं इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट के राजेश ओझा को दिया गया। सभी गतिविधियों में सक्रिय प्रतिभागिता करने वाली छात्रा शबनम सैफी को स्टूडेंट ऑफ़ द इयर के लिए बरकत राम डाबर अवार्ड से नवाज गया। इस मौके पर मैनेजमेंट मेंबर वंश डाबर, प्राचार्य डॉ विजय सिंह, सीएओ अनुभव बाठला, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर रजत धवन, मुकेश सक्सेना, रिचा तिवारी, शिल्पा विश्वकर्मा एवं शिक्षक- शिक्षिकाएं मौजूद थी।

रुद्रपुर में प्रचार करते कोषाध्यक्ष के पद के प्रत्याशी बलविंदर सिंह बल्लू।

व्यापार मंडल चुनाव के लिए धुआंधार प्रचार शुरू

रुद्रपुर। चार फरवरी को रुद्रपुर व्यापार मंडल पर होने वाले मतदान को लेकर कोषाध्यक्ष के त्रिकोणीय दावेदार के बाद भी दोहरी टक्कर की चर्चाएं सामने आ रही हैं। एक ओर जहां कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी बलविंदर सिंह बल्लू ने धुआंधार प्रचार शुरू कर दिया है। वहीं प्रतिद्वंद्वी पवन गाबा भी टक्कर देने की कोशिश में जुट गए हैं। ऐसे में मतदान की तिथि नजदीक आते ही मतदाता व्यापारियों ने अपना मत कहां देना है। इसके लिए अपना मन बना लिया है। बताते चलें कि 11 साल बाद प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की रुद्रपुर की कार्यकारिणी को लेकर चार फरवरी को मतदान और मतगणना की तिथि घोषित हो चुकी है। जिस पर अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने जाने तय होने के बाद महामंत्री पद पर दो और कोषाध्यक्ष पद पर तीन प्रत्याशी मैदान में उतरे। यदि वर्तमान में कोषाध्यक्ष पर त्रिकोणीय मुकाबला है। मगर दो प्रत्याशियों में कांटे की टक्कर की बाजार में चर्चा है।

वर्ग पहेली-330

बाएं से दाएं

1.1. हरा-भरा 2. हृष्ट-पुष्ट 3. उत्फुल्ल; प्रफुल्ल; आनंदमय।

5.1. अत्यंत भाग्यवान 2. पुण्यात्मा 3. सुविख्यात।

6. पानी रखने का छोटा घड़ा; छोटा गगरा; मटका।

7. विद्यालयों में पढ़ाने के लिए अध्यापक के रूप में प्रशिक्षित होने की परीक्षा तथा उपाधि; (बैचलर ऑव एजुकेशन)।

ऊपर से नीचे

1.1. वह बड़ा कलछा जिससे शीरा निकाला जाता है; बड़ी डोई 2. ताड़ी चुआने की हाँड़ी; लबनी।

2.1. रमज़ान के महीने में मुसलमानों के द्वारा रखा जाने वाला प्रतिदिन का उपवास 2. रमज़ान का एक दिन।

3. नमस्कार; सलाम।

4.1. जागते रहने की अवस्था या भाव; नींद न आना; जागना 2. किसी उत्सव

5. मगरिब या पश्चिम का; पाश्चात्य; पश्चिमी।



वर्ग पहेली - 329 का हल

1 घा	2 ति	नी	■	3 टो
■	रं	■	4 भू	ड़ी
5 अं	गा	रि	त	■
■	■	वा	■	6 धो
7 ह	ठ	वा	दी	खे
■	■	■	■	बा
■	8 धाँ	ध	ले	बा ज़

सुडोकू -47

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

7	6			5		2		3
	3	9	6	1	8	5		
	5				7			
5	9						2	
	8			3			5	
	4						1	7
			4				3	
		4	2	7	3	9	6	
6		3		8			4	1

सुडोकू - 46 का हल

3	1	6	4	7	8	5	2	9
5	8	2	6	9	3	4	7	1
7	4	9	5	2	1	6	3	8
9	2	7	8	3	6	1	4	5
8	3	4	1	5	7	2	9	6
1	6	5	9	4	2	3	8	7
2	5	3	7	1	9	8	6	4
6	7	1	2	8	4	9	5	3
4	9	8	3	6	5	7	1	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ,पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-सप्तमी 16 .02 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-11 .58-12 .42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09 .03-09 .47, 12 .42-13 .26 तक।

दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-शिशिर।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-स्वाती 3 फरवरी 05 .57 तक तत्पश्चात विशाखा।

मेष — आज बुरे विचारों से स्वयं को अप्रभावित रखें। पड़ोसियों से झगड़ा होने की आशंका है। अपने खानपान में तेल मसाला युक्त खाद्यों का ज्यादा प्रयोग न करें। पारस्परिक रिश्तों में निकटता बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

वृष — आज पिता के साथ वैचारिक मतभिन्नता हो सकती है। कारोबार में आपेक्षिक प्रगति होगी। घर वालों के साथ अच्छा वक्त बिताने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके नेतृत्व में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। प्रेम संबंधों को लेकर आश्वस्त रहेंगे।

मिथुन — आज विरोधियों की संख्या में कमी आएगी। खर्चों पर नियंत्रण करने की कोशिश होगी। दोपहर के बाद अपनी पुरानी गलतियों से सीखने का प्रयास रहेगा। पारिवारिक कारणों से मन बेचैन हो सकता है। माइग्रेन का दर्द उभर सकता है।

कर्क — आज आवश्यक कार्यों में विलंब न करें। किसी यात्रा पर चलने का विचार बना सकते हैं। वाहन चलाते वक्त सावधान रहें। अति आत्मविश्वास आपको असफलता की ओर ले जा सकता है। दोपहर के बाद आपकी आलोचना हो सकती है।

सिंह — आज सरकारी कार्यों में आपको परेशानी हो सकती है। पुरानी समस्याओं से सीखने का प्रयास करना चाहिए। कल तक जिन कार्यों से व्यय हो रहा था, उनसे धन प्राप्त होगा। घर में मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी।

कन्या — आज व्यापार में नए प्रस्ताव मिल सकते हैं। मनोरंजक यात्रा का विचार बनाएंगे। घर में बिन-बुलाए मेहमान आ सकते हैं। वैवाहिक जीवन में तनाव आने की आशंका है। नए संपर्कों का बेहतर लाभ उठाने का प्रयास करेंगे।

तुला — आज संध्या के समय कोई अच्छी खबर मिल सकती है। भविष्य के लिए नए व्यापार की योजना बनाएंगे। अपने शत्रुओं को कम आंकने की भूल न करें। कारोबार में नवीन प्रस्ताव मिल सकते हैं। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

वृश्चिक — आज अपने मित्रों और शुभचिंतकों पर व्यर्थ में शक न करें। मन में भावुकता और क्रोध का आधिक्य रहेगा। मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा धन लाभ होगा। प्रेम संबंधों में कुछ अनचाही स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

धनु — आज किसी मित्र द्वारा आपको करियर को लेकर अच्छी सलाह मिल सकती है। रियल एस्टेट में निवेश करने का विचार बनाएंगे। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होने वाले जातकों के लिए समय शुभ है।

मकर — आज नई योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए समय उत्तम है। अपने प्रेमी अथवा लवमेट्स को प्रपोज कर सकते हैं। संतान के व्यवहार से मन खिन्न रहेगा। आपके अंदर सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कुंभ — आज विद्यार्थी करियर को लेकर कुछ लापरवाह हो सकते हैं। आपको पिता की सेहत का ध्यान रखना चाहिए। किसी से कोई वादा नहीं करना चाहिये। प्रतिष्ठित लोगों के समक्ष अपने विचारों को व्यक्त करने का अवसर मिलेगा।

मीन — आज दिन की शुरुआत तनावपूर्ण हो सकती है। आपको अपनी गुप्त बातें किसी से नहीं कहनी चाहिए। आत्मविश्वास की कमी के कारण निराशा का अनुभव कर सकते हैं। विदेशी भूमि पर रहने वाले जातकों के लिए दिन शुभ नहीं है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- एक द पॉवर ऑफ वन — सुबह : 11.15
- जख्मी सिपाही — रात : 07.00

SONY MAX
- तारा वर्सेज बिलाल — सुबह : 10 .22
- हिंदी मीडियम — रात : 09 .40

SONY PIX
- हेलबॉय — सुबह :10 .17
- जुमांजी — रात : 07 .00

ZEE CINEMA
- इंटरनेशनल खिलाड़ी — सुबह : 10 .30
- इंडिया लॉकडाउन — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
- दुनिया — दोपहर : 12 .02
- गोलमाल 3 — रात : 07 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति अपनी पत्नी को इंग्लिश सीखा रहा था ...
अगले दिन दोपहर में पत्नी डिनर ले लो जी।
पति-यह डिनर नहीं लंच है जाहिल औरत
पत्नी- जाहिल तू, तेरा पूरा खानदान यह रात का ही बचा हुआ खाना है ज्यादा दिमाग मत चला रोटी चर ले।

लड़की-पापा मुझे एक लड़का तंग करता है।
पिता-क्या सजा दूं उसे?
लड़की-मेरी शादी उससे करवा दो।
पिता-वाह बेटी वाह... सजा देने में बिल्कुल अपनी मां पर गई है।

प्रधान बोले, त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल दो वर्ष बढ़े

बीडीओ को ज्ञापन सौंपकर कहा- उत्तराखंड के 12 जनपदों का कार्यकाल बढ़ाया जाना एक्ट के अनुरूप, कोविड से कार्य प्रभावित

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : प्रधानों ने उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायतों का दो वर्ष का कार्यकाल बढ़ाने की मांग की है। गुरुवार को प्रधानों ने बीडीओ कुंदन सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपकर कहा कि वर्ष 2019 में त्रिस्तरीय पंचायत के चुनाव हुए थे। पंचायत के गठन होने के कुछ समय बाद ही कोविड के कारण दो वर्ष तक पंचायतों की सामान्य बैठक भी नहीं हो पाई थी।

त्रिस्तरीय पंचायतों ने कोविड-19 प्रकोप से अपने-अपने गांव को बचाने के लिए अनुकरणीय भूमिका निभाई। इन पंचायतों का मुख्य कार्य दो वर्ष तक ठप रहा। पंचायत एक्ट के अनुसार अगर पंचायतों की बैठक नहीं हुई तो उस कालखंड को पंचायतों के कुल कार्यकाल से नहीं जोड़कर देखा जा सकता है। उत्तराखंड के 12 जनपदों के त्रिस्तरीय पंचायतों का दो वर्ष कार्यकाल बढ़ाया जाना एक्ट के अनुरूप है। 12 जनपदों में त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल दो वर्ष बढ़ाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रधान संघ अध्यक्ष चंद्रकांता चौधरी, सुमन देवी, राजेश प्रधान बबली देवी, सुशीला देवी, मनदीप कौर, परमजीत कौर, बीनू आदि प्रधान शामिल रहे।

रुद्रपुर में कार्यकाल को बढ़ाने हेतु खंड विकास अधिकारी को मांगपत्र देते प्रधान संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

प्रधान संघ ने उठाई पंचायत कार्यकाल दो साल बढ़ाने की मांग

शांतिपुरी। गुरुवार को प्रधान संघ ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के कार्यकाल को दो वर्ष बढ़ाए जाने तथा उत्तराखंड में एक राज्य एक चुनाव फार्मूले को सफल बनाने की मांगों को लेकर प्रधान संघ अध्यक्ष दीपा कांडपाल के नेतृत्व में खंड विकास अधिकारी औसित आनंद को मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र सौंपा। प्रधान संघ ने अपने मांग पत्र में कोविड-19 के दौरान दो वर्षों तक पंचायती बजट को विकास कार्यों में नहीं लगा पाने तथा दो वर्ष तक तमाम पंचायती कार्यों के प्रभावित रहने को इसकी मुख्य वजह बताया है। उन्होंने अपने मांग पत्र में अपने कार्यकाल के दो वर्षों के नुकसान की भरपाई के लिए आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को दो वर्ष के लिए बढ़ाने की मांग उठाई है। इसके साथ ही प्रधान संघ ने प्रदेश भर में पूर्व प्रस्तावित एक राज्य एक पंचायत चुनाव प्रणाली को सफल बनाने की मांग को भी पुरजोर तरीके से उठाया है। प्रधानों का कहना है कि पंचायत में कोविद के कारण दो वर्षों तक एक भी बैठक नहीं हो पाई, जिसे पंचायत एक्ट के अनुसार पंचायत कार्यकाल में जोड़ना न्यायससंगत नहीं है। प्रधानों का कहना है कि प्रदेश भर के 12 जिलों में पंचायत कार्यकाल को दो वर्षों तक बढ़ाने से जहां पंचायतों को कोविड से हुए दो वर्षों के नुक्सान की भरपाई होगी वहीं आगे चल कर हरिद्वार समेत सभी जिलों में पंचायत चुनाव को एक साथ कराना भी संभव हो सकेगा। मांग पत्र देने वालों में प्रधान दीपा काण्डपाल, चंद्रकला कोरंगा, विमला जोशी, आरती देवी, पूजा वर्मा, लक्ष्मी देवी, चंद्रप्रकाश सिंह, विजेन्द्र सिंह, हेमा गंगवार, पिंकी, पूजा वर्मा, गीता देवी, आरती देवी, राहुल तिवारी, रिंकी कौर आदि मौजूद रहे।

ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री के नाम खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

गदरपुर। ग्राम प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत का कार्यकाल 2 वर्ष बढ़ाया जाए।

उनका कहना था कि पंचायत बनने के बाद 2 वर्ष तक कोविड होने की वजह से पंचायतों के कार्य नहीं हो पाए। गुरुवार को ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष गुरविंदर सिंह के नेतृत्व में दर्जनों ग्राम प्रधान खंड विकास कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत का कार्यकाल 2 वर्ष बढ़ाया जाए उनका कहना था कि 2019 में त्रिस्तरीय पंचायतें चुनी गई थी। गठन होने के बाद 2 वर्ष कोविद-19 का प्रकोप रहा। इस कारण 2 वर्ष तक पंचायत की सामान्य बैठक भी नहीं हो पाई। इस दौरान पंचायतों ने अपने-अपने क्षेत्र में कोविद-19 में अनुक्रिय भूमिका निभाई। ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष गुरविंदर सिंह का कहना था इस दौरान पंचायतों का मुख्य कार्य 2 वर्ष तक ठप रहा पंचायत एक्ट के अनुसार अगर पंचायत की बैठक नहीं हुई तो उसे कालखंड की पंचायत को कुल कार्यकाल से नहीं जोड़कर देखा जाएगा। संघ के अध्यक्ष गुरविंदर का कहना था 12 जनपदों की पंचायतों का 2 वर्ष का कार्यकाल बढ़ाया जाना एक्ट के अनुरूप है।

उन्होंने कहा उत्तराखंड राज्य में एक राज्य एक पंचायत चुनाव राज्य बनने के 23 वर्षों के गठन के दौरान संभव नहीं हो पाये इसके लिए एक राज्य एक चुनाव के लिए त्रिस्तरीय पंचायत का कार्यकाल 2 वर्ष बढ़ाया जाना लाजमी है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी चाहते हैं की देश और राज्यों के चुनाव एक साथ हो। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से अपील की कि आपके नेतृत्व में एक राज्य एक चुनाव संभव हो सकते हैं। ज्ञापन देने वालों में ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष गुरविंदर सिंह, कवलजीत कौर, शराफत अली मंसूरी, इंद्रपाल सिंह, गुरनाम सिंह, दीपक पाल, निर्मला मंगल सिंह, मनोज देवरानी, मुकेश राणा, मुकेश बाला, विक्रम सिंह, नंदन नैनवाल, हिमांशु गोस्वामी, विमला देवी, त्रिलोक सिंह सहित काफी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद थे।

एक राज्य एक चुनाव का फार्मूला लागू हो

ब्लाक कार्यालय में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपते जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल दो वर्ष बढ़ाने एवं एक राज्य एक चुनाव के फार्मूले को लागू करने की मांग को लेकर ग्राम प्रधान संघ से जुड़े जनप्रतिनिधियों ने बीडीओ के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है।

गुरुवार को काफी संख्या में जनप्रतिनिधि एकत्रित होकर खंड विकास कार्यालय जा पहुंचे और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देकर कहा गया कि वर्ष 2019 में त्रिस्तरीय पंचायतें चुनी गई थीं। पंचायत के गठन होने के पश्चात दो वर्षों तक कोविड-19 का प्रकोप रहा जिसकी वजह से पंचायतों की सामान्य बैठक भी नहीं हो पाई जिसके चलते इन पंचायतों का मुख्य कार्य दो वर्ष तक ठप रहा। कोविड-19 प्रकोप से अपने-अपने गांव को बचाने के लिए अनुकरणीय भूमिका निभाई है। पंचायत एक्ट के अनुसार अगर पंचायतों की बैठक नहीं हुई तो उस कालखंड को पंचायतों के कुल कार्यकाल से जोड़कर नहीं देखा जा सकता है। इसलिए उत्तराखंड के 12 जनपदों के त्रिस्तरीय पंचायत का दो वर्ष कार्यकाल बढ़ाया जाना एक्ट के अनुरूप है। इस कार्यकाल के बढ़ने से भविष्य में हरिद्वार के चुनाव भी शेष उत्तराखंड के साथ किए जाने की संभावना भी प्रबल हो जाएगी। ज्ञापन देने वालों में ग्राम प्रधान संघ की अध्यक्ष रजनीत शर्मा, उपाध्यक्ष संदीप कुमार, ब्लाक प्रमुख पति राजकुमार, ग्राम प्रधान पति पवन शर्मा, सुनील कुमार, पूर्व प्रधान लियाकत अली, अली मुर्तजा, शेर मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

छात्राओं को भरतनाट्यम नृत्य की जानकारी दी

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : भारतीय संस्कृति एवं कला के प्रचार-प्रसार के लिए 'स्पीक मैके' गैर सरकारी संस्था द्वारा राजकीय इंटर कालेज बरहैनी के विद्यार्थियों को भरतनाट्यम नृत्य की जानकारी दी गई।

गुरुवार को नैनीताल रोड स्थित आदर्श राजकीय इंटर कालेज बरहैनी में संस्था की ओर से दिल्ली निवासी महाराष्ट्र की नृत्यांगना मधुरा भ्रशुंडी ने भरतनाट्यम शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत कर छात्राओं को नृत्य की विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि भरतनाट्यम मुख्य रूप से दक्षिण भारत की शास्त्रीय नृत्य शैली है। इस नृत्यकला में भावम्, रागम् और तालम् इन तीन कलाओं का समावेश होता है। भावम् से 'भ', रागम् से 'र' और तालम् से 'त' लिया गया है। इसलिए भरतनात्यम् यह नाम अस्तित्व में आया है। यह भरत मुनि के नाट्य शास्त्र पर आधारित है। वर्तमान समय में इस नृत्य शैली का मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा अभ्यास किया जाता है। इस नृत्य शैली के प्रेरणास्त्रोत चिदंबरम के प्राचीन मंदिर की मूर्तियों से आते हैं। वहीं संस्था के राज्य समन्वयक अभिषेक अग्रवाल के पत्र के अनुसार स्पीक मैके एक गैर सरकारी संस्था है, जो संपूर्ण भारत में भारतीय संस्कृति एवं कला के प्रचार प्रसार हेतु पिछले 40 वर्षों से कार्यरत है। कार्यक्रम के कोआर्डिनेटर सूरज उपाध्याय ने बताया कि इन कार्यक्रमों के आयोजन के लिए किसी छात्र-छात्रा से कोई शुल्क नहीं लिया जाता, यह कार्यक्रम सभी विद्यालयों के लिए पूर्णतया निश्शुल्क होते हैं। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा, सुमन नेगी, सुनील सक्सेना, अनिल कुमार मनोरी, विशाल कुमार, चंद्र प्रकाश गौतम, खीम, कमल जोशी, सुरेंद्र नेगी, पवन कुमार, आशुतोष जोशी, रजनी शर्मा आदि मौजूद रहे।

किच्छा विधानसभा क्षेत्रों के लोगों ने मुझे अपार स्नेह दिया : बेहड़

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : किच्छा विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने मुझे अपार स्नेह दिया है। यह स्नेह उन्हें विधानसभा के चौमुखी विकास एवं समाजसेवा के लिए प्रेरित करता है।

उन्होंने हमेशा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी धर्म का सम्मान कर विधानसभा के प्रत्येक क्षेत्र का विकास करने का प्रयास किया है। यह बात पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं किच्छा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर कही। बता दें कि गुरुवार को नगर के आवास विकास स्थित गुरुद्वारा परिसर के सभागार में विधायक बेहड़ ने तमाम गणमान्य लोगों की मौजूदगी में केक काटा। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने शिरकत कर विधायक बेहड़ को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए दीर्घायु की कामना की। समारोह में कई बच्चे भी बस के माध्यम से लाए गए। उसके बाद विधायक ने राजकीय विद्यालय के 251 स्कूली बच्चों को स्वेटर एवं खाद्य सामग्री तथा 10 दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर वितरित किए। गुरुद्वारा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दर्शन कोली, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू ने फूलों का गुलदस्ता तथा महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप ने चांदी का मुकुट पहनाकर विधायक बेहड़ को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान ग्राम अंजनिया निवासी शशि देवी, ग्राम गंगापुर निवासी उमरा वती देवी, ग्राम मेहराया निवासी शाहिद, ग्राम महाराजपुर निवासी बलिष्ठर, ग्राम धोराडैम निवासी मंगरु, कलकत्ता फॉर्म निवासी रामप्रवेश, डेरी फार्म नगला निवासी आकाश कुमार, गौरी कला निवासी जीतू कुमार को व्हीलचेयर वितरित की। कार्यक्रम में पहुंचे ग्राम चकोनी एवं सैंजना स्थित राजकीय जूनियर हाई स्कूल के 251 बच्चों को विधायक बहन ने स्वेटर तथा खाने के पैकेट वितरित किए। इस मौके पर कांग्रेस जिला महामंत्री गुलशन सिंधी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख किन्नू शुक्ला, कांग्रेस प्रदेश सचिव राजेश प्रताप सिंह, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, कांग्रेस नेत्री सुनीता कश्यप, ओमप्रकाश दुआ, व्यापार मंडल जिला महामंत्री निर्मल सिंह हंसपाल, व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला, विजय पाल यादव, सतपाल गाबा, नितिन शर्मा, हाजी सरवर यार खान, गिरीश चिटकारा, बंटी पपनेजा, दलीप बिष्ट, अशोक मित्रा, गौरव बेहड़, मो. आरिफ, सौरभ बेहड़, साक्षी बेहड़, अशोक सिडाना, ठाकुर सुनील सिंह, नजाकत खान, एन यू खान, राजीव जग्गी, फिरासत, जगरूप, सिमरन कौर, सुधा, जीवन आदि मौजूद रहे।

बेहड़ के जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते परमजीत सिंह शंटी। ● अमृत विचार

किच्छा में व्हीलचेयर देकर दिव्यांगजन से वार्ता करते विधायक तिलक राज बेहड़।

शहीद को श्रद्धा सुमन अर्पित कर सड़क का लोकार्पण

कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने देश की रक्षा कर शहीद हुए सैनिक स्वर्गीय जमीर अहमद को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए जिला योजना के तहत करीब 20 लाख की लागत से बनाई गई सड़क का लोकार्पण किया। नगर के वार्ड नंबर 12 में जिला योजना के तहत नगर पालिका परिषद द्वारा बनाई गई सड़क को भारत तिब्बत सीमा सुरक्षा बल की 20वीं वाहिनी अरुणाचल प्रदेश की अग्रिम चौकी लमांग में शहीद हुए स्वर्गीय जमीर अहमद के नाम से रखने की घोषणा की।

शिविर में 30 युवाओं ने रक्तदान किया

गुरुद्वारे में विधायक बेहड़ के जन्मदिवस के अवसर पर उम्मीद ब्लड फाउंडेशन की टीम द्वारा रुद्रपुर चैरिटेबल ब्लड सेंटर की टीम के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 30 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया और मानव जीवन बचाने का संकल्प लिया। मौके पर टीम के अकरम खान, अक्षय बावा, सत्यम शर्मा, अलका, दिव्यांशु विश्वकर्मा, मनिंदर सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं विधायक के जन्मदिवस के अवसर पर नगर के पुरानी गल्ला मंडी स्थित सनातन धर्म मंदिर में सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया।

भाजपा फिर पांचों सीटें जीतेगी : धामी

- नैनीताल-यूएसनगर लोकसभा कार्यालय का मुख्यमंत्री धामी ने किया वर्चुअल उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है, जिसको लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल के माध्यम से नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा कार्यालय का शुभारंभ किया और भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया।

गुरुवार को वर्चुअल संबोधन के बाद जिलाध्यक्ष भाजपा कमल जिंदल, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, खिलेंद्र चौधरी और पूर्व विधायक राजेश शुक्ला की मौजूदगी में फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस दौरान सीएम धामी ने वर्चुअल संबोधन में कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा एक बार फिर प्रदेश की पांचों सीटों पर विजयी प्राप्त करेगी। यही कारण है कि भाजपा ने पांचों लोकसभा संसदीय क्षेत्र में लोकसभा कार्यालय खोल लिए हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में उतराखंड में सभी लोकसभा सीटे पहले से भी बड़े अंतराल पर जीती जाएगी। केंद्र सरकार के दस साल के कार्यकाल में देश में विकास कार्यों का का इतिहास रचा गया है। इस अवसर पर नैनीताल लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना, नैनीताल जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, काशीपुर जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, विधायक रुद्रपुर शिव अरोरा, गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय, राकेश नैनवाल, गुरविंदर चंडोक, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, सुरेश परिहार, अनिल चौहान, राजेश तिवारी, राकेश सिंह, धर्म सिंह कोली, धीरेंद्र मिश्रा, फरजाना बेगम, विनय बत्रा, श्रीकांत राठौर, सुशील यादव, किरण विर्क आदि मौजूद रहे।

लोकसभा कार्यालय का उद्घाटन करते भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारी।

20 हजार रुपये और मोबाइल चोरी

जसपुर। रात में चोर एक व्यक्ति के घर में घुस कर 20 हजार रुपये व मोबाइल चोरी करके ले गये। जानकारी के अनुसार जसपुर कोतवाली अंतर्गत गांव संन्यासियों वाला निवासी कोमल सिंह पुत्र जयपाल सिंह के घर में चोर घुस गये और उनकी दो जैकेट चोरी करके ले गये। उनकी जैकेट की जेब में 20 हजार रुपये व एक मोबाइल फोन रखा हुआ था। परिजनों को घटना का पता सुबह को उस समय चला, जब वे सोकर उठे और उन्होंने दो जैकेटें गायब पाईं। जब उन्हें घर में चोरी होने का अहसास हुआ तो उन्होंने घर के आसपास देखा तो दोनों जैकेटें सड़क पर खाली पड़ी मिलीं।

भाकियू नेता को श्रद्धांजलि दी

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : युवा भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अंतिम अरदास में पहुचकर दिवंगत भाकियू नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

विगत दिनों गांव गिरधई मुंशी, कुंडा, जसपुर निवासी दिवंगत भाकियू वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सरदार धर्म सिंह का बीमारी के चलते निधन हो गया था। उनकी आत्मा की शांति के लिए गुरुवार को कुंडा चौराहा स्थित गुरुद्वारे में अंतिम अरदास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत ने अंतिम अरदास में भाग लेकर भारतीय किसान यूनियन के दिवंगत वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सरदार धर्म सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर दर्शन सिंह देयोल, शीतल सिंह, जगीर सिंह, जसवीर सिंह, अमन प्रीत सिंह, सुरजीत सिंह ढिललो, अपार सिंह, चौधरी किशन सिंह, लखविंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, सोनी ढेसी, कुलदीप सिंह, हरजोत आदि भाकियू नेता तथा अन्य लोग मौजूद रहे।

गुरुद्वारे में अंतिम अरदास में शिरकत करते युवा भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत।

विकास

केशोवाला मोड़ से बाजपुर गांव की रेलवे क्रॉसिंग तक बनने वाली सड़क निर्माण का शिलान्यास व पेयजल योजना का लोकार्पण किया

वंचित केशोवाला को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा : पांडेय

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : पूर्व कैबिनेट मंत्री व गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय ने गदरपुर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम केशोवाला में केशोवाला मोड़ से गांव बाजपुर स्थित रेलवे क्रासिंग तक 1.44 लाख रुपये से बनने वाली 2.6 किमी रोड निर्माण का शिलान्यास व 199.23 लाख रुपये की केशोवाला पेयजल योजना का लोकार्पण विधिवत पूजा अर्चना एवं नारियल फोड़कर किया।

इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पांडेय ने कहा कि पिछले कई दशकों से विकास से वंचित ग्राम केशोवाला को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। इस गांव की समस्त समस्याओं का निदान प्राथमिकता से किया जाएगा। हर चौखट तक विकास की किरण पहुंचेगी। वहीं पिछले दो दशकों की मांग पूरी होने से हर्षित ग्रामीमणों ने पूर्व कैबिनेट मंत्री पांडेय का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने रेलवे क्रासिंग से ग्राम बाजपुर तक शेष बचे रोड का एस्टीमेट बनाकर शासन को भेजने के निर्देश लोनिवि के अधिकारियों को दिए। साथ ही केशोवाला मोड़ स्थित गुरुद्वारा साहिब की पार्किंग की चाहरदीवारी का निर्माण विधायक निधि से कराने की घोषणा की।

इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य हरजसपाल सिंह हैरी, अजीतपाल सिंह, ग्राम प्रधान सरबजीत कौर, भाजपा नेता मंजीत सिंह राजू, जेई लोनिवि रविंद्र सिंह मेहरा, हेम कांडपाल, पूर्व ग्राम प्रधान लियाकत अली, जसवंत सिंह, कुलदीप शर्मा, कमल शर्मा, करतार सिंह, रघुवीर सिंह 'रिक्की', गुरजीत सिंह, जगदीश पांडेय, माधवेंद्र शुक्ला, जयप्रकाश मित्तल, इदरीश अहमद, रीना, जगजीत सिंह बाजवा, हरपिंदर सिंह बाजवा, मन्नू सिंह, शरण सिंह, बाबा हरजीत सिंह, तेजेंद्र सिंह चीमा, दलीप सिंह, गुरदयाल सिंह, यासीन, रहीस, रफीक आदि मौजूद थे।

बाजपुर के ग्राम केशोवाला में पेयजल योजना का लोकार्पण करते अरविंद पांडेय।

युवाओं ने समर्थन में जोरदार नारेबाजी की

बाजपुर। ग्राम केशोवाला में आयोजित शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान 'हमारा सांसद कैसा हो, अरविंद पांडेय जैसा हो' के नारे गूंजते रहे। जैसे ही गदरपुर विधायक पाडेय कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे तो वहां मौजूद युवाओं ने उनके समर्थन में जोरदार नारेबाजी कर भाजपा हाईकमान से नैनीताल ऊधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र से उन्हें सांसद प्रत्याशी बनाए जाने की पुरजोर मांग की। पांडये के संबोधन के दौरान भी जोश से लबरेज युवा ने उनके समर्थन में जोरदार नारेबाजी करते रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

12 दिनी उद्यमिता विकास प्रशिक्षण होगा आयोजित

बनबसा : राजकीय महाविद्यालय बनबसा में राज्य सरकार द्वारा देवभूमि उद्यमिता का केंद्र बनाया है। प्राचार्य डॉ आभा शर्मा ने बताया कि 18 से 45 वर्ष तक के नई उद्यमिता की सोच रखने वाले युवाओं के लिए महाविद्यालय में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी 9 फरवरी तक महाविद्यालय कार्यालय में अपना पंजीकरण करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, और बैंक के पासबुक की प्रति जमा करनी होगी। प्राचार्य बताया कि कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉक्टर मुकेश कुमार बनाये गये हैं।

बाजारों में पसरा रहा सन्नाटा, जरूरी काम पर ही घरों से निकले लोग, दिनभर चलती रहीं ठंडी हवाएं

पहाड़ों पर गरज के साथ बारिश, कई जगह ओलावृष्टि

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार पर्वतीय जिलों में बुधवार की शाम से ही मौसम ने अपना मिजाज बदल लिया था। बुधवार की शाम जहां आसमान बादलों से घिर गया था। वहीं गुरुवार को सुबह से जिले भर में रूक रूक कर बारिश का सिलसिला दिन भर जारी रहा। सीमांत जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने के कारण अल्मोड़ा जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

गुरुवार को सुबह से ही जिला मुख्यालय समेत द्वाराहाट, चौखुटिया, भिकियासैंण, स्याल्दे, देघाट, मौलेखाल, लमगड़ा, भैंसियाछाना, धौलादेवी, सोमेश्वर तहसीलों में हल्की बारिश शुरू हो गई थी। दोपहर के समय कई जगहों पर गरज के साथ तेज बारिश और ओलावृष्टि भी हुई। आसमान में दिन भर घने काले बादल छाए रहे और ठंडी हवाएं चलती रही। मौसम के अचानक सर्द होने के कारण बाजारों में भी सुनसानी नजर आई। लोग घरों से जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकले। ठंड से बचने के लिए लोग गर्म कपड़ों और इलेक्ट्रानिक उपकरणों का सहारा लेते दिखाई दिए।


बारिश के बाद सल्ट ब्लॉक के एक कस्बे में पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

जिले के ऊंचाई वाले इलाकों दूनागिरि, जागेश्वर, वृद्ध जागेश्वर में भी गुरुवार को दिन भर बारिश होती रही। लेकिन इन स्थानों पर अभी बर्फबारी नहीं हुई है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो कड़ाके की ठंड पड़ती रही तो ऊंचाई वाले इलाकों में जल्द बर्फबारी हो सकती है। बारिश के कारण जिले के अनेक स्थानों पर बिजली की लाइनों पर इसका असर पड़ा है। गुरुवार को जिले के कई इलाकों में बारिश के कारण बिजली की आपूर्ति भी ठप रही। जिस कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार दो फरवरी को भी पर्वतीय इलाकों में बारिश व बर्फबारी का सिलसिला जारी रहा। बारिश के बाद किसानों ने भी थोड़ा राहत की सांस ली है। गुरुवार को अल्मोड़ा का अधिकतम 18 और न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

सार-संक्षेप

पर्यावरण मित्र विमला देवी को सेवानिवृत्त होने पर विदाई देते तहसीलदार।

पर्यावरण मित्र विमला को दी भावभीनी विदाई

रानीखेत : तहसील में कार्यरत पर्यावरण मित्र विमला देवी 38 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गई। बुधवार को तहसील परिसर में आयोजित विदाई कार्यक्रम में तहसीलदार हेमंत सिंह मेहरा सहित तहसील कर्मियों एवं अधिकारियों ने विमला देवी को भावभीनी विदाई दी। इस दौरान तहसीलदार हेमंत सिंह मेहरा ने सेवानिवृत्त पर्यावरण मित्र विमला देवी को शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विमला देवी द्वारा 38 वर्षों से ईमानदारी लगन एवं कर्तव्यनिष्ठा से किए गए कार्य की जमकर तारीफ़ की गई। विमला देवी ने तहसीलदार एवं कर्मियों का इस सम्मान के लिए आभार भी व्यक्त किया। कार्यक्रम में तहसीलदार हेमंत सिंह मेहरा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी रवि नेगी, पेशकार संतोष उपाध्याय, रजिस्ट्रार कानूनगो ज़ाकिर बेग, कुमार सोनू, दीपा फुलार, हिमांशु आर्या, रामकुमार आदि मौजूद रहे।

बमनपुरी में लगाया निशुल्क चिकित्सा शिविर

बनबसा : ग्राम सभा बमनपुरी में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम सभा बमनपुरी के भूमिया मंदिर के समीप प्रभु नेत्रालय खटीमा द्वारा निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर सरफराज हुसैन और डॉ प्रवीण ने ग्रामीणों के आंखों की जांच कर निशुल्क दवाई वितरण की। जांच के दौरान 14 नेत्र रोगियों में मोतियाबिंद पाए जाने पर आयुष्मान कार्ड के द्वारा उनके निशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे। शिविर में 80 नेत्र रोगियों ने पंजीकरण किया। ग्राम प्रधान भावना नेगी ने प्रभु नेत्रालय खटीमा का आभार जाता है।

भाजपा ने किया चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

अल्मोड़ा : आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर गुरुवार को भाजपा ने लोकसभा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। कार्यालय का शुभारंभ प्रदेश संगठन महामंत्री अजय, जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, लोकसभा सह प्रभारी दीपक मेहरा ने पूजा अर्चना कर किया। कार्यक्रम को मुख्यमंत्री धामी ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। इस मौके पर अतिथियों ने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों के लिए अभी से पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने की बात कही। कार्यक्रम में कुंदन परिहार, गोविंद पिलख्वाल, कुंदन लटवाल, राजीव गुरुरानी, रवि रौतेला, दिनेश खुल्बे, महेश नयाल, ललित मोहन, धर्मेंद्र बिष्ट, कैलाश गुरुरानी आदि रहे।

एसएसजे के विधि संकाय का निरीक्षण करतीं सीडीओ आकांक्षा कोंडे।

लोकसभा चुनावों को लेकर प्रशासन ने कसी कमर

अल्मोड़ा : आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर निर्वाचन के अधिकारियों और प्रशासन ने भी अभी से कमर कस ली है। लोकसभा चुनावों में किसी प्रकार की अनियमितताएं सामने ना आए। इसलिए अधिकारियों को सभी जरूरी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने गुरुवार को एसएसजे यूनिवर्सिटी के विधि संकाय में स्थित सभागार का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि जो भी कमियां हैं उन्हें दूर करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण सत्रों के निर्विघ्न रूप से आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से ही पूर्ण कर ली जाएं। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी एसके पंत, मुख्य शिक्षा अधिकारी एडी बलोदी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार, अधिशासी अभियंता यूपीसीएल कन्हैया कुमार मिश्रा समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

केंद्र सरकार के अंतरिम बजट को जिले में अधिकांश लोगों ने सराहा

अल्मोड़ा, अमृत विचार: गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा अपना छठा और अंतरिम बजट पेश किया। केंद्र के इस अंतरिम बजट पर पूरे देश की निगाह थी। केंद्रीय वित्तमंत्री द्वारा पेश किए गए बजट पर अल्मोड़ा में भी लोगों में सुबह से ही काफी उत्सुकता बनी हुई थी। वित्त मंत्री द्वारा बजट पेश करने के बाद जिले में जगह जगह चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। किसी ने बजट को बेहतर बताया तो किसी ने बजट को काफी निराशाजनक बताया। बजट को लेकर अमृत विचार की टीम ने जिले के अलग-अलग स्थानों के अलग-अलग वर्गों के लोगों से बातचीत की। आइए जानते हैं कि अंतरिम बजट को लेकर लोगों की क्या प्रतिक्रिया रही।

लोगों ने रखी अपनी-अपनी राय

केंद्र सरकार ने अपने अंतरिम बजट में आशा, आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स को आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है। जो काफी सराहनीय है। कोरोना काल में आशा, आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स ने अपनी जान की परवाह किए बिना रोगियों को पूरे समर्पण से अपनी सेवाएं दी। लेकिन अब सरकार ने उनकी सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम अपने अंतरित बजट में उठाया है। जिसकी जितनी सराहना की जाए कम है।

-भूमिलता बोरा, निवासी भैंसियाछाना

केंद्र सरकार ने अपने अंतरिम बजट में अगले पांच सालों में ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दो करोड़ और आवास बनाने का निर्णय लिया है, जो आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए राहत की खबर है। केंद्र सरकार पूर्व में तीन करोड़ लोगों को आवास मुहैया करा चुकी है। सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के हितों को ध्यान में रखकर ऐसे ही भविष्य में भी निर्णय लिए तो देश में कोई भी गरीब व्यक्ति बिना छत के नहीं रहेगा।

-दीवान सिंह राणा, कोटुली, धौलादेवी

उत्तराखंड प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। ऐसे में केंद्र सरकार का पर्यटन केंद्रों को विकसित करने का निर्णय काफी महत्वपूर्ण है। चूंकि आध्यात्मिक पर्यटन की दृष्टि से उत्तराखंड महत्वपूर्ण प्रदेश रहा है। ऐसे में केंद्र के इस फैसले का देवभूमि उत्तराखंड को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। प्रदेश में रोजगार के अधिक से अधिक अवसर पैदा होंगे और युवा पर्यटन गतिविधियों से जुड़कर अपनी आर्थिकी सुधारकर आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

-संजय भट्ट, निवासी जागेश्वर धाम

केंद्र सरकार के अंतरिम बजट में देश में प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना को लागू करने का निर्णय भी लिया गया है। इस योजना के तहत जिन लोगों के घरों में सोलर सिस्टम लगेगा। उन्हें तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने का निर्णय लिया गया है। केंद्र सरकार की यह योजना मध्यम और आर्थिक रूप से गरीब तबके के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित होगी। इसके अलावा कोयला गैसीकरण और द्रवीकरण के निर्णय से भी देश ऊर्जा के क्षेत्र में मजबूत होगा।

-मनीष जोशी, जोशीखोला, अल्मोड़ा

केंद्र सरकार ने आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों के तेजी से विकास के लिए राज्यों को मदद करने का फैसला लिया है। इस योजना का उद्देश्य उन क्षेत्रों के प्रदर्शन में सुधार करना है जो विभिन्न विकास मानकों पर पिछड़ रहे हैं अथवा जो जिले और ब्लॉक खराब सामाजिक, आर्थिक संकेतकों से प्रभावित हैं। राज्यों को मदद मिलने के बाद उत्तराखंड के ऐसे जिलों और ब्लॉकों की तस्वीर भी इस फैसले से बदलने की उम्मीद जगी है।

-देवी दत्त शर्मा, मानिला, सल्ट

केंद्र सरकार का अंतरिम बजट काफी निराशाजनक है। बजट में डायरेक्ट या इनडायरेक्ट टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया है। देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के प्रति सरकार के पास कोई नीति नहीं है। केंद्र सरकार ने अपने अंतरिम बजट आने वाले लोकसभा चुनावों के मद्देनजर तैयार किया है। इससे आम आदमी को कोई फायदा नहीं मिलने वाला है। केंद्र ने महज झूठे आंकड़ों के आधार पर अंतरिम बजट पेश किया है।

-नारायण सिंह रावत, झिमार, अल्मोड़ा

चुनाव से पहले विवादों के घेरे में आया उद्योग व्यापार मंडल

टनकपुर में चुनाव अधिकारी भगवत सरन को ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, टनकपुर

आरोप

- व्यापारियों ने चुनाव अधिकारी भगवत सरन को दिया ज्ञापन
- दोषी पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की उठाई मांग

अमृत विचार : भले ही टनकपुर में अभी उद्योग व्यापार मंडल चुनाव की तिथि घोषित नहीं हो पाई है लेकिन इस समय व्यापार मंडल के कुछ पदाधिकारियों पर लगाए गए आरोपों से अब यह चुनाव भी उलझते नजर आ रहे हैं। इधर टनकपुर के कुछ व्यापारियों ने गुरुवार को व्यापार मंडल के चुनाव अधिकारी भगवत सरन को ज्ञापन देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर इस्तीफा देने का ऐलान किया है।

चुनाव अधिकारी सरन को दिए गए ज्ञापन में व्यापारियों का कहना है कि व्यापार मंडल के कुछ पदाधिकारियों पर कई आरोप लगाए गए हैं लेकिन अभी तक उन पर कार्रवाई नहीं हो पाई है। ज्ञापन में कहा गया है कि आरोपित व्यापारियों को रसीद देकर नए व्यापारियों के सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है जो कि न्याय संगत नहीं है।

इन व्यापारियों ने आरोपित व्यापारियों को चुनाव में लड़ने की अनुमति न देने की मांग उठाई है अन्यथा इन व्यापारियों ने व्यापार मंडल से इस्तीफा देने और आंदोलन छेड़ने की भी धमकी दी है। इन व्यापारियों ने व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष को भी शिकायती पत्र भेजा है। ज्ञापन देने वालों में मोहित गड़कोटी, राकेश अग्रवाल, गिरीश वर्मा, गोपाल दत्त, राजेंद्र गड़कोटी, कैलाश गडकोटी, सुभाष कोहली, अनिल सरन, विष्णु प्रसाद, गोविंद गड़कोटी आदि मौजूद रहे।

चचेरे भाई ने उड़ा लिए घर से स्वर्ण आभूषण व नगदी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिले के स्याल्दे विकास खंड के एक घर से सोने के आभूषण और करीब दस हजार रुपये की नगदी को चुराने वाले चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चोरी करने के बाद चोर फरार हो गया था। पुलिस ने चोर की तलाश में अनेक जगह दबिश दी और आखिरकार वह पुलिस की गिरफ्त में आ गया।

बीते नौ जनवरी को देघाट निवासी शिव दत्त लखेड़ा ने थाना देघाट में तहरीर दी कि उसके चचेरे भाई वीरेंद्र उर्फ राजू लखेड़ा ने उसके घर से एक सोने का मंगलसूत्र व दस हजार रुपये नगद चोरी कर ली है। इस पर थाना देघाट में आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष देघाट राहुल राठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ठोस सुरागरसी करते हुए सभी संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी।

पुलिस ने अपने इस अभियान के तहत आरोपी वीरेंद्र ऊर्फ राजू लखेड़ा पुत्र बचीराम लखेड़ा, निवासी डी-15 ए प्रवेश नगर, मुबारकपुर, दिल्ली, हाल निवासी ग्राम बसई, देघाट, अल्मोड़ा को भाकुड़ा चौराहा देघाट के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी का मंगलसूत्र व दस हजार रुपये नगद बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस टीम में उप निरीक्षक जीवन सिंह सामंत, हेमंत, सुरेंद्र कुमार व नीरज बिष्ट शामिल रहे।

मांग को लेकर 321वें दिन भी धरना जारी

रानीखेत, अमृत विचार : रानीखेत विकास संघर्ष समिति के बैनर तले छावनी परिषद से सिविल एरिया को पृथक कर नगर पालिका परिषद में विलय करने की मांग पर धरना-प्रदर्शन आज 321वें दिन में प्रवेश कर गया। धरना स्थल पर नागरिकों ने अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की।

गांधी चौक में छावनी परिषद से आज़ादी हासिल करने के लिए जारी धरना -प्रदर्शन आज गुरुवार को बदस्तूर जारी रहा। नागरिकों ने अपनी मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की साथ नगर पालिका परिषद में विलय न किए जाने की दशा में लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का पुनः ऐलान किया। धरना -प्रदर्शन में गिरीश भगत, डॉ चारू पंत, खजान जोशी, खजान पांडे, चंद्र शेखर गुरूरानी, प्रमोद कांडपाल दीपक साह, दीपक गर्ग, अशोक पाण्डे, दीप आदि शामिल रहे।

गर्भवती महिला की गर्भावस्था में मृत्यु पर ऑडिट किया जाए

बैठक

- मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में हुई पहली बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने गुरुवार को सचिवालय में पहली बैठक में गर्भवती महिलाओं की चुनौतियों एवं समस्याओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को जनपदों में होने वाली किसी भी गर्भवती महिला की गर्भावस्था या प्रसव के दौरान होने वाली मृत्यु के ऑडिट या मेटरनल डेथ ऑडिट का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव रतूड़ी ने स्वास्थ्य विभाग को जनपदों में विशेष रूप से दुर्गम एवं दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच को अनिवार्य तौर पर कराने के निर्देश दिए। प्रत्येक जनपद में गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, नियमित जांच, हाई रिस्क प्रेगन्सी को चिहिन्त कर नियमित फॉलोअप के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए। वर्तमान में राज्य में संस्थागत प्रसव 91 प्रतिशत हैं। उन्होंने प्रसव के दौरान डॉक्टर्स की कमी को पूरा करने के लिए अधिकाधिक नर्सिंग ऑफिसर्स को प्रशिक्षण देने को कहा। उन्होंने 108 एंबुलेंस के पुराने वाहन बदलने और सभी जनपदों से डोली पालकी की डिमांग जल्द बताने को कहा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से 78.60 लाख के बजट से 262 डोली पालकियां जिलों को उपलब्ध करना प्रस्तावित है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से 796 एएनएम, 1376 नर्सिंग ऑफिसर्स की भर्ती की गई है। 36 विशेषज्ञ डॉक्टर्स को यू कोट वी पे के आधार पर तैनात किया गया है। बैठक में सचिव डॉ. आर राजेश कुमार, एचसी सेमवाल, अपर सचिव आनंद श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी। ● अमृत विचार

सड़क सुरक्षा के मामलों में न बरतें लापरवाही: डीएम

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : डीएम विनीत तोमर ने कलक्ट्रेट में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह सड़क सुरक्षा के मामलों में किसी प्रकार की भी लापरवाही ना बरतें। डीएम ने कहा कि जिले में जहां भी सड़कों और फुटपाथ पर अतिक्रमण किया गया है। उसे हटाने के लिए तत्काल कार्रवाई शुरू करना सुनिश्चित करें।

कहा कि राष्ट्रीय और राज्य मार्गों का रोड सेफ्टी ऑडिट का लक्ष्य निर्धारित करते हुए अपूर्ण मोटर मार्गों का कार्य समय से पूरा किया जाए। तोमर ने कहा कि जनवद में सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए सड़क सुरक्षा तंत्र को प्रभावी बनाते हुए शून्य दुर्घटना विजन स्थापित करना सुनिश्चित करें। दुर्घटना संभावित स्थलों पर क्रेश बैरियर लगाने, वाहन चालकों के लाईसेंस की जांच व वाहनों की निरंतर फिटनेस विश्लेषण व मोटरयान कानून का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए वाहन चालकों का समय-समय पर चिकित्सकीय परीक्षण भी कराने के निर्देश पुलिस विभाग, संभागीय परिवहन के अधिकारियों को दिए। दुर्घटना संभावित स्थानों पर किए जाने वाले सुरक्षात्मक कार्यों को समयबद्धता से करने को कहा। बैठक में अधीक्षण अभियंता लोनिवि डीएस ह्यांकी, संभागीय परिवहन अधिकारी गुरु देव सिंह, एसडीएम जैंती एनएस नगन्याल समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

सतर्कता गोताखोरों द्वारा चैनल में पारदर्शी कैमरों की मदद से किया जा रहा कार्य, करीब आधा दर्जन स्थानों पर हो रहा है जल रिसाव

एनएचपीसी पावर चैनल में जल रिसाव रोकने का कार्य शुरू

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार: टनकपुर जल विद्युत परियोजना के एनएचपीसी पावर चैनल में करीब आधा दर्जन स्थानों पर जल रिसाव को बंद करने के लिए एनएचपीसी प्रबंधन जुट गया है। गांव सैलानीगोठ के नई बस्ती क्षेत्र में जल रिसाव होने से अभी भी गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। इधर एनएचपीसी प्रबंधन पावर चैनल में जगह-जगह हो रहे जल रिसाव को रोकने में जुट गई है। गुरुवार को विशेषज्ञ गोताखोरों द्वारा पारदर्शी कैमरों के माध्यम से रिसाव क्षेत्र को देखा गया।

रिसाव स्थल को पारदर्शी कैमरों के माध्यम से देखते गोताखोर। ● अमृत विचार

मंगलवार की रात्रि को टनकपुर से करीब 5 किलोमीटर दूर एनएचपीसी पावर चैनल के सैलानीगोठ गांव से लगे नई बस्ती क्षेत्र में करीब आधा दर्जन स्थानों पर जल रिसाव होने लगा। बताया जाता है कि इससे पहले भी पावर चैनल से जल रिसाव हो चुका है।

इधर एनएचपीसी के महाप्रबंधक राजिल व्यास ने बताया कि पावर चैनल के कई हिस्सों में जल रिसाव हो रहा है। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञ गोताखोर की टीम यहां पहुंच चुकी है। इस टीम ने गुरुवार को जिन-जिन स्थानों पर रिसाव हो रहा है उन क्षेत्रों में पारदर्शी कैमरों के माध्यम से जांच की। शीघ्र ही उन स्थानों को बंद करने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां हो रहे जल रिसाव से विद्युत उत्पादन कार्य प्रभावित नहीं हो रहा है। हालांकि टनकपुर बैराज से पावर चैनल को जाने वाले पानी को आंशिक रूप से ही बंद किया गया है। एसडीएम आकाश जोशी ने बताया कि पावर चैनल से हो रहे रिसाव चार से पांच लीटर प्रति सेकंड की गति से हो रहा है इसलिए इससे कोई खतरा नहीं बना है। टनकपुर जल विद्युत परियोजना का निर्माण वर्ष 1992 में हुआ था। करीब 120 मेगावाट क्षमता वाली इस परियोजना से उत्तराखंड के अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, राजस्थान, दिल्ली को बिजली आपूर्ति की जाती है।

पटवारी चौकी का किया घेराव

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : विकासखंड धौलादेवी के मनीआगर के ग्रामीणों ने पेयजल निगम के अधिकारियों पर डराने धमकाने का आरोप लगाया है। इसके विरोध में ग्रामीणों ने पटवारी चौकी में प्रदर्शन कर अधिकारियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। ग्रामीणों ने कहा कि इस मामले में वह जल्द जिलाधिकारी से भी शिकायत करेंगे। फिर भी उन्हें कोई न्याय नहीं मिला तो वह आगामी लोकसभा का बहिष्कार करेंगे।

मनीआगर गांव के ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्राम सभा मनीआगर में बने पानी के टैंक से पेयजल निगम के अधिकारियों द्वारा तोली में एक होटल स्वामी को कनेक्शन दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो पेयजल निगम के अधिकारियों द्वारा उन्हें थाने में बंद करने की धमकी दी गई। ग्रामीणों ने कहा कि पिछले 25 वर्षों से मनीआगर गांव के अनुसूचित जाति के 55 परिवार पेयजल से वंचित हैं। वहीं दूसरी ओर पेयजल विभाग के अधिकारियों द्वारा एक होटल व्यवसाई को पेयजल कनेक्शन दिए जाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं, तथा अनुसूचित जाति के परिवारों को धमकाया जा रहा है।

> ग्रामीणों द्वारा विभाग पर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं। मानवाधिकार आयोग के निर्देशों के क्रम में संबंधित होटल स्वामी को पेयजल कनेक्शन दिया जाना है। जिसके लिए कार्रवाई की जा रही है। **-संजीव वर्मा**, ईई, पेयजल निर्माण निगम

ग्रामीणों ने कहा कि अगर 15 दिन के भीतर पेयजल से वंचित परिवारों के लिए पानी की आपूर्ति नहीं की गई और होटल व्यवसाई को पेयजल कनेक्शन दिया गया तो वह अल्मोड़ा पिथौरागढ़ हाईवे में मनीआगर के पास जाम करेंगे। साथ ही वह आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार भी करेंगे। प्रदर्शन के दौरान ग्राम प्रधान राखी देवी, सरपंच रघुनाथ प्रसाद, पूर्व बीडीसी मेंबर बहादुर राम समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	71,645 .30	21,697 .45
नुकसान	106 .81	28 .25
प्रतिशत में	0 .15	0 .13

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 995 फ्लैग 1115 डीएमओ 820 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1865, राज श्री 1370, फॉर्चून कि. 1715, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1580, जय जवान 1435, सचिन 1420, सूरज 1460, अवसर 1500, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1675, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4400, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10500, मूंग धोवा काला क्राउन 10500, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छांटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9650-10400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000-11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 13700, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12100, अरहर पटका मोटा 12600, अरहर कोरा मोटा 12900, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15300, **चीनी**-डालमियां 4030, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी (नई) 4090 रुपये।

अंतरिम बजट में लोक लुभावन योजनाओं व नई घोषणाओं से बचा गया

भारतीय अर्थव्यवस्था को 'रिफार्म, परफार्म प ट्रान्सफार्म, की आत्मा के सर्वांगीण व समावेशी विकास के लक्ष्य को इंगित करते हुए माननीय वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट 2024 प्रस्तुत किया। अर्थात यह सत्र का अंतिम बजट नहीं है इसलिए लगी हुई उम्मीदों का भी अंत नहीं है जबकि जुलाई तक आशा है। सरकार की तारीफ करनी चाहिए कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भी लोक लुभावन योजनाओं व नई घोषणाओं से इस बजट में बचा गया है और पिछले 10 वर्षों में अर्थव्यवस्था में क्या परिवर्तन हुए उन पर बात की गई है यद्यपि गत 10 वर्षों में अर्थव्यवस्था का आकार बहुत बढ़ गया है लेकिन इस बड़ी अर्थव्यवस्था में डिस्ट्रीब्यूटिव जस्टिस की बात बजट में नहीं है ।

सुखद एहसास है कि अब संरचना विकास पर गत वर्ष के 10 लाख करोड रुपये पर 10 से बढ़कर 11.11 लाख करोड़ किया गया है जो प्रभावी मांग को बढ़ाकर उत्पादन व नवीन रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा। इसी क्रम में तीन बड़े आर्थिक रेलवे कॉरिडोर को बनाना, 40000 बोगियों को वंदे भारत से जोड़ना, राज्यों में पर्यटन हेतु पर्यटन केंद्र विकसित करना आज निश्चित ही पूंजी सृजन को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ाएंगे लेकिन कैसे और कब तक-प्रश्नों का उत्तर नहीं मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना में 2 करोड़ नए घर बनाना लखपति दीदी योजना 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं के सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन योजना आत्मनिर्भर भारत और लैंगिक समानता के दावे को मजबूत करता है किंतु यह 4.5 के राजकोषीय घाटे और बजट घाटे के लक्ष्य में बाधा उत्पन्न ना करें इसका जिक्र नहीं है ।

बजट पर विश्लेषण

डॉ. विकास प्रधान
अर्थशास्त्री

इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियों को प्रोत्साहन व नए सीमेंट उद्योगों की स्थापना ऊर्जा संरक्षण व देश में ऊंची विकास दर को प्रोत्साहन देने वाला कदम है किंतु इनके लिए फंडिंग का जिक्र ना होना निराशाजनक है और तब जब उनकी समय सीमा निर्धारित ना हो और चुनाव सिर पर हो तब यह महज घोषणाएं लगते हैं या सरकार पुनः सरकार गठन हेतु पूर्ण आशवसत है और पूर्ण बजट में इन्हें जारी रखेगी । इस अंतरिम बजट का एक निराशाजनक पहलू यह भी है जिसमें नौकरी पेसा, बेरोजगार विद्यार्थी, किसान, मध्यम वर्ग और ग्रहणिया शामिल है जिन्हें प्रत्यक्ष रूप से कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ है नौकरी पेसा के लिए कर स्लैब में कोई परिवर्तन न होना बेरोजगारों के लिए रोजगार हेतु नवीन औद्योगिकरण ना होना विद्यार्थियों हेतु नई शिक्षा नीति के उत्पादन के रूप में निकलने पर बाजार व सरकार की आवश्यकताओं में स्वीकार्यता पर प्रश्न होना सम्मान निधि व फसल बीमा योजना व अनुसंधान की बात ना होना बताता है कि यह काम चलाऊ अंतरिम बजट है पूर्ण बजट नहीं मध्यम वर्ग बा ग्रहणियों को मुद्रास्फीति से राहत न मिलाना भी इसी बात की ओर संकेत करता है ।

निष्कर्ष : अंतरिम बजट 2024 सरकार का तीन-चार महीने का कार्य चल सके उसके लिए है, जबकि सभी की उम्मीदें पूरी करने के लिए नहीं। इस लिहाज से यह संतुलित लोकलुभावन योजनाओं की घोषणा रहित विशुद्ध लोकतांत्रिक बजट है।

किंतु निराश लोगों को यह याद रखना चाहिए कि यह पूर्ण बजट नहीं है इसलिए उनकी उम्मीद और आशा जीवित रहनी चाहिए जो नई सरकार गठन के बाद पूर्ण बजट जुलाई 2024 में पूर्ण हो सकती है। अर्थशास्त्र का विद्यार्थी होने के नाते मेरी चिंता राजकोषीय घाटे व वित्तीय घाटे को लेकर है जो क्रमशः 4.5 व 5.5 का लक्ष्य अभी तक प्राप्त नहीं कर पाया जबकि इसके तहत इसे 3 के नीचे होना चाहिए। साथ ही रुपया कहां से आता है और कहाँ जाता है का समीकरण व चित्र बहुत उत्साहित करने वाला नहीं है। आज भी एक रूपये में ब्याज अदायिगियों पर 20 प्रतिशत का व्यय गैर उत्पादकीय है। इसे कम करने का कोई प्रयास नहीं किया गया। वहीं प्राप्तयों में एक रुपये में सर्वाधिक 28 प्रतिशत प्राप्तियां उधार और अन्य देयताओं से होना अर्थ व्यवस्था पर आर्थिक बोझ बढ़ा रही हैं जिनका ब्याज भुगतान करना अर्थव्यवस्था के आकार व्यापकीकरण में निश्चित ही बाधा उत्पन्न करेगा। इसके हल के लिये नये 'स्रोत व नये साधनों को विकसित करने की नीति बनानी होगी। जनसंख्या लाभांश और भारतीय कृषि में इस समस्या का हल छिपा हुआ है जिसे प्रोत्साहित व प्रयुक्त करना होगा यदि अमृतकाल के उपरांत 2047 तक हम विकसित भारत चाहते हैं तो आंतरिक रूप से साधनो विशेषकर श्रम साधनों को गतिशीलता देना, नए, बाजारों, नयी मण्डियों की स्थापना व ग्रामीण विकास को बल देना होगा जो पूर्ण बजट में शामिल होने की संभावना है।

वहीं प्रत्यक्ष करों में सुलभता व सरलता, आयुष्मान भारत प्रत्यक्ष करो में योजना को महत्व देना, राज्यों को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराना आदि के लिये सरकार की सराहना करनी चाहिए जो सबका साथ सबका विकास की अवधारणा को सिद्व करता है। जनसंख्या पर समिति का गठन अच्छे लक्षण हैं युवा शाक्त के आकडों गत संग्रहण की किन्तु इस शक्ति जनसांख्यिक लाभांश के रूप में लेकर उत्पादक बनाना होगा।

(लेखक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीसलपुर, पीलीभीत के अर्थशास्त्र विभाग में विभागाध्यक्ष हैं।)

बजट समावेशी विकास प्रदान करने में करेगा मदद

उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने बजट को भविष्योन्मुखी, निरंतरता और विश्वास का बजट करार दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बृहस्पतिवार को पेश किए गए अंतरिम बजट 2024-25 का स्वागत करते हुए कहा कि बजट भारत को जन-केंद्रित और समावेशी विकास प्रदान करने में मदद करेगा। उन्होंने बजट को भविष्योन्मुखी और '' निरंतरता तथा विश्वास का बजट'' करार दिया जिसमें आम चुनाव से पहले पेश किए जाने के बावजूद कोई लोकलुभावन कदम की घोषणा नहीं की गई।

यह बजट आत्मविश्वास को दर्शाता है: आनंद महिंद्रा



महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि सीतारमण का यह बजट भाषण सबसे छोटे भाषणों में से एक था। इसका स्वागत है और यह आत्मविश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा, '' किसी भी लोकलुभावन कदम की घोषणा नहीं की गई जैसा कि चुनाव पूर्व बजट में उम्मीद की जाती है।

हीरानंदानी समूह के संस्थापक डॉ. निरंजन हीरानंदानी ने कहा-वित्त मंत्री ने एक एकीकृत तथा न्यायसंगत विकास बजट परिव्यय को 'डिकोड' किया है जिसमें महत्वपूर्ण सामाजिक सुधार, आर्थिक वृद्धि मूल्य श्रृंखला को बढ़ाना, उभरते क्षेत्रों पर जोर देना और शहरी और ग्रामीण आवास को प्रोत्साहन देना शामिल है।

बायोकॉन लिमिटेड की चेयरपर्सन किरण मजूमदार-शॉ ने भी कहा कि वित्त मंत्री ने निरंतर आर्थिक वृद्धि के लिए एक व्यापक मार्ग प्रशस्त किया है जो भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल करने में सक्षम बनाएगा। जेडईआईएसएस समूह के मुख्य वित्त अधिकारी (भारत) धवल राडिया ने कहा कि बजट दूरदर्शी है और यह निरंतरता और विश्वास का बजट है।

आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने अंतरिम बजट की सराहना करते हुए इसका स्वागत किया। स्नैपडील के सह-संस्थापक कुणाल बहल ने कहा-विकसित भारत 2047'' का दृष्टिकोण निर्णायक शासन, प्रेरणादायक नेतृत्व तथा डिजिटल, भौतिक, सामाजिक बुनियादी ढांचे को वितरित करने के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड की मजबूत नींव पर रखा गया है। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने पर्यटन तथा आतिथ्य क्षेत्र पर सरकार के जोर का स्वागत किया। क्रिशुमी कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक मोहित जैन ने कहा-वित्त मंत्री द्वारा खासतौर से मध्य वर्ग के लिए एक नई आवासीय योजना की घोषणा आवास क्षेत्र के लिए एक अच्छी खबर है। इससे मध्यम तथा किफायती मकानों की मांग में बढ़ोतरी की संभावना है।

कम विनिवेश लक्ष्य केंद्र सरकार की रणनीति में बदलाव का संकेत : चौहान

मुंबई, एजेंसी

▸▸ **एनएसई के सीईओ बोले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए हो रहा काम**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष चौहान ने बृहस्पतिवार को कहा कि 50,000 करोड़ रुपये का कम विनिवेश लक्ष्य केंद्र सरकार की रणनीति में बदलाव का संकेत देता है, जिसमें वह किसी कंपनी को कम दाम के बजाय सही कीमत पर बेचना सुनिश्चित करना चाहते हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को मजबूत करने के लिए काम कर रही है जैसा कि हाल के दिनों में देखा गया है। चौहान ने कहा-वे (सरकार) यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उन्हें सार्वजनिक उपक्रमों की बिक्री से सर्वोत्तम कीमत मिले। इसलिए सामान्य तौर पर रणनीति बदली हुई प्रतीत होती है। राजनीतिक रूप से मजबूत शासन के लिए कम विनिवेश लक्ष्य पर किए सवाल पर उन्होंने यह बात कही। चौहान एक्सचेंज के प्रबंध निदेशक भी हैं।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,625
गिन्नी (प्रति नग)	48,100-48,300

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,100
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,950
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	63,900
सोना जेवरात गिन्नी	62,900
चांदी पक्की	730 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	64,200
चांदी आभूषण	72,900।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 82-88 मसूरी 68 1121 बासमती 101, **दाल दलहन**-काला चना 96-118 साबुत चना दाल 62-68 मूंग साबुत 97 राजमा 185-205 दाल उड़द 115-120 साबुत मसूर दाल 70-75 मसूर दाल 72-78 उड़द साबुत 99-120 काबुली चना 120-170 अरहर साबुत 105-110 अरहर दाल 130 लोबिया 77-84 सोयाबीन 41-44 मूंगफली 75-80 मटर49-63 मक्का 28 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना काबली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये।

वर्ष 2024-25 में विनिवेश से 50,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पेश किए गए अंतरिम बजट में 50,000 करोड़ रुपये का विनिवेश लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही संशोधित अनुमानों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में विनिवेश से 30,000 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है।

पिछले साल का बजट पेश करते के समय 2023-24 में विनिवेश से 51,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा गया था। लोकसभा में पेश किए गए अंतरिम बजट 2024-25 के अनुसार सरकार को चालू वित्त वर्ष (2023-24) में सार्वजनिक संपत्तियों के मौद्रीकरण से कोई राशि मिलने की उम्मीद नहीं है। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट अनुमानों के मुताबिक इस मद में 10,000 करोड़ रुपये हासिल करने की योजना थी। चालू वित्त वर्ष में अभी तक सरकार ने कोल इंडिया, एनएचपीसी, आरवीएनएल और आईआरईडीए सहित सात सरकारी उपक्रमों में अल्पांश हिस्सेदारी बेचकर 12,504 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सरकार को मार्च, 2024 तक विनिवेश से कुल 30,000 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद है।

सरकार 25,000 रुपये तक की विवादित कर मांग वापस लेगी

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार ने प्रत्यक्ष कर मामले में पुराने विवादित कर मांग मामलों से लोगों को राहत देने का प्रस्ताव किया है। इसके तहत वित्त वर्ष 2009-10 तक 25,000 रुपये और 2010-11 तक 10,000 रुपये तक के विवादित कर मांग से लोगों को राहत दी जाएगी। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि विवादित कर मांग को वापस लेने से एक करोड़ करदाताओं को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान करदाताओं के लिए सेवाओं में सुधार पर है।

भारत विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर कर रहा बातचीत: सीतारमण

नई दिल्ली,एजेंसी

▸▸ **वित्त मंत्री बोलीं-एफडीआई प्रवाह हो गया है दोगुना**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा देने के मकसद से विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 2005-14 के दौरान प्राप्त प्रवाह की तुलना में 2014-23 के दौरान दोगुना होकर 596 अरब डॉलर हो गया है।

वित्त मंत्री सीतारमण ने 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा-भारत को पहले विकसित करने की भावना के साथ हम निरंतर विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अपने विदेशी भागीदारों के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर बातचीत कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारत ब्रिटेन जैसे देशों के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर बातचीत कर रहा है। ये निवेश समझौते एक-दूसरे के देशों में निवेश को बढ़ावा देने और उसकी सुरक्षा करने में मदद करते हैं। ये समझौते महत्वपूर्ण हैं क्योंकि भारत पहले ही ब्रिटेन की दूरसंचार कंपनी वोडाफोन और ब्रिटेन की केयर्न एनर्जी पीएलसी के खिलाफ पूर्व तिथि से कर लगाने के मामले में दो अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता मामले हार चुका है।

राष्ट्रीय

एक नजर

लापता युवक का क्षत विक्षत शव बरामद

इंफाल। मणिपुर के चंदेल जिले के सोकोम गांव में एक युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया है। आशंका है कि शव पिछले साल मई में लापता हुए 19 वर्षीय युवक का है। पुलिस ने यह जानकारी दी। काकचिंग जिले के सुगनू के नगनगोम नेवी पिछले साल 28 मई से लापता थे और उन्हें मृत मान लिया गया था। मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आने के बाद बुधवार को नगनगोम की तलाश फिर से शुरू की गई। वीडियो में संदिग्ध उग्रवादी उसका सिर धड़ से अलग करते हुए दिख रहे हैं।

धोखाधड़ी करने में दो के खिलाफ मामला दर्ज

ठाणे। पुलिस ने ऑप्टिकल फाइबर केबल से संबंधित सौदे में महाराष्ट्र के नवी मुंबई शहर के 61 वर्षीय एक कारोबारी से 4 .41 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। ऑप्टिकल फाइबर केबल का कारोबार करने वाले खारघर इलाके के निवासी ने आरोपियों से सामान लेने के लिए उनके साथ एक सौदा किया था। सीबीडी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि कारोबारी ने बीते वर्ष जनवरी में आरोपी के खाते में कुल 4,41,64,000 रुपये का भुगतान किया लेकिन केबल की आपूर्ति नहीं की गई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर नागपुर के दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित कार्यक्रम को सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने किया संबोधित

परिवर्तनकारी दौर से गुजर रही भारतीय सेना

पुणे, एजेंसी



सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय सेना एक परिवर्तनकारी दौर से गुजर रही है और इसने अभियानगत तैयारियों को और मजबूत करने के लिए व्यापक रूपरेखा तैयार की है। जनरल पांडे ने महाराष्ट्र के पुणे में 'बॉम्बे सैपर्स वॉर मेमोरियल सैंटिनरी' के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि सेना की रेजीमेंट और अन्य यूनिट में अग्निवीरों का एकीकरण एक अहम मुद्दा है और इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जनरल पांडे ने कहा कि बॉम्बे सैपर्स का इतिहास शौर्य, बलिदान और साहस से भरा है। इसने युद्ध के मैदान में, शांतिकाल में, खेल में और कई अन्य क्षेत्रों में अपनी कार्य कुशलता, दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और प्रशिक्षण के माध्यम से नाम कमाया है।

उन्होंने कहा-राष्ट्र निर्माण कार्यों में बॉम्बे सैपर्स की भूमिका महत्वपूर्ण है और मुझे विश्वास है कि यह सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करता रहेगा और भारतीय सेना का नाम ऊंचा रखेगा।

अग्निपथ योजना प्रबंधन के क्षेत्र में अहम कदम

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा कि अग्निपथ योजना मानव संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में अहम कदम है। जनरल पांड़े ने कहा-हमारी रेजीमेंट और अन्य यूनिट में अग्निवीरों का एकीकरण एक अहम मुद्दा है और इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उनका चयन निष्पक्ष, पारदर्शी तथा भरोसेमंद स्वाचालितम प्रणाली के जरिए किए जाता है।

जनरल पांडे ने कहा-भारतीय सेना परिवर्तनकारी दौर से गुजर रही है और इसके लिए इसने पिछले वर्ष व्यापक रूपरेखा तैयार की है। इस बदलाव का मकसद अभियानगत तैयारियों को और मजबूत करना साथ ही हमारी कार्य संबंधी और प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाना है। हमने बदलाव की राह में अच्छी प्रगति की है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव के तहत भारतीय सेना का जोर 'कोर ऑफ इंजीनियर्स' में आधुनिकीकरण और प्रौद्योगिकी का समावेश करना है। जनरल पांडे ने कहा-मुझे पूरा भरोसा है कि आने वाले वर्षों में ये प्रयास पेशेवर तथा अभियानगत तैयारियां बढ़ाएंगे और हम युद्ध की चुनौतियों का सामने करने के लिए भली भांति तैयार होंगे।

दिल्ली में दुश्मनी के चलते एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर में एक पार्क के पास चार लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति को कथित तौर पर पीट-पीटकर मार डाला, जबकि एक अन्य को बुरी तरह घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह घटना बुधवार देर रात हुई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया-देर रात एक बजकर 37 मिनट पर हमारे पास अस्पताल से फोन आया कि जग प्रवेश चंद्र अस्पताल के सामने डीडीए पार्क के पास दो लोग घायल हो गए हैं। इसके बाद घटनास्थल पर तुरंत पुलिसकर्मियों का एक दल भेजा गया। बताया कि दोनों घायलों मयंक चौधरी (19) और लव कुश (24) को अस्पताल ले जाया गया है। जहां मयंक की मौत हो गई।

न्यायालय ने ओडिशा के भाजपा विधायक को गिरफ्तारी से दी राहत

नई दिल्ली, एजेंसी

महिला पुलिसकर्मी से मारपीट का मामला

उच्चतम न्यायालय ने एक महिला पुलिस अधिकारी पर रिश्वत लेने का आरोप लगाते हुए उससे मारपीट करने के मामले में ओडिशा के नेता प्रतिपक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता जयनारायण मिश्रा को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दे दी है।

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने ओडिशा सरकार को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। पीठ ने कहा, नोटिस जारी किया जाता है और चार सप्ताह में जवाब की अपेक्षा की जाती है। इस दौरान याचिकाकर्ता को उपरोक्त मामले के संबंध में गिरफ्तारी से राहत दी जाती है। मिश्रा की ओर से पेश वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता एक विधायक हैं और ओडिशा विधानसभा में विपक्ष के नेता भी हैं। उन्होंने पिछले लगभग एक साल के दौरान अपने सामान्य कर्तव्यों का पालन किया है और पिछले साल 15 फरवरी की घटना के सिलसिले में पुलिस को कभी भी उन्हें समन करने का कोई मौका नहीं मिला। उन्होंने कहा कि उड़ीसा उच्च न्यायालय को याचिकाकर्ता के खिलाफ लगाए गए आरोपों की प्रकृति और उपलब्ध वीडियोग्राफी साक्ष्य पर गौर करते हुए उनकी अग्रिम जमानत पर विचार करना चाहिए था क्योंकि हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता नहीं थी।

विपक्षी नेताओं को जिम्मेदार ठहराने की रची गई साजिश

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **संसद की सुरक्षा चूक मामले में जयराम रमेश ने लगाया आरोप**

कांग्रेस ने संसद की सुरक्षा चूक मामले के आरोपियों द्वारा अदालत के समक्ष किए गए दावे का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि विपक्ष के नेताओं को इस मामले में जिम्मेदार ठहराने की साजिश की जा रही है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रताप सिम्हा की मदद से आरोपियों को संसद का पास मिला, लेकिन सिम्हा के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। संसद की सुरक्षा में चूक मामले में गिरफ्तार किये गये छह में से पांच आरोपियों ने बुधवार को एक अदालत को बताया कि दिल्ली पुलिस उन्हें विपक्षी दलों के साथ अपने संबंध स्वीकार करने के लिए कथित तौर पर प्रताड़ित कर रही है। पांच आरोपियों ने यह दलील अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष दी। न्यायाधीश ने सभी छह आरोपियों की न्यायिक हिरासत एक मार्च तक बढ़ा दी है। रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, अपने अपराध को छुपाने के लिए विपक्ष पर झूठे आरोप लगवाना ही अहंकाराचार्य' का तरीका है! ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग का दुरुपयोग करके विपक्षी नेताओं को जेल में डालने वाली मोदी सरकार अब एक और साज़िश रच रही है।

मेयर चुनाव में धांधली के खिलाफ आप करेगी विरोध प्रदर्शन

चंडीगढ़। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में धांधली के खिलाफ दो फरवरी को आम आदमी पार्टी(आप) दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करेगी। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे। आप के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य डॉ. संदीप पाठक ने गुरुवार को अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक वीडियो संदेश साझा किया।

3 वकीलों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू

मुंबई, एजेंसी

न्यायाधीश के खिलाफ मनगढ़ंत खबर प्रस्तुत करने का मामला

बंबई उच्च न्यायालय ने एक न्यायाधीश पर आक्षेप लगाने संबंधी एक मनगढ़ंत खबर प्रस्तुत करने के लिए स्वतः संज्ञान लेते हुए 3 वकीलों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की है। अदालत के मुताबिक ऐसे कृत्य अदालत की गरिमा को कम करते हैं।

न्यायमूर्ति अनुजा प्रभुदेसाई और न्यायमूर्ति एन. आर. बोरकर की पीठ ने 29 जनवरी के अपने आदेश में कहा कि इस तरह के जानबूझकर, प्रेरित और अवमाननापूर्ण कृत्य न्याय प्रशासन को कमजोर करते हैं और इससे अदालत की गरिमा कम होती है। पीठ ने कहा कि धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार अमर मूलचंदानी की याचिका पर भीष्म पहुजा (एक वकील भी) ने अपने वकीलों जोहेब मर्चेंट और मीनल चंदनानी के माध्यम से एक अर्जी दी थी। मूलचंदानी ने अपनी याचिका में मामले को रद करने का अनुरोध किया था। आवेदन में वकीलों ने एक कथित समाचार क्लिपिंग को आधार बनाया जिसमें दावा किया गया था कि मामले की सुनवाई कर रहे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के मूलचंदानी के साथ अच्छे संबंध थे और इसलिए मामला रद्द कर दिया जाएगा। आवेदन में याचिका को उच्च न्यायालय की दूसरी पीठ को स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया था।

आखिरी सुपर सिक्स मैच में भारत का सामना नेपाल से

अंडर 19 विश्व कप : नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगा भारत

ब्लोमफोंटेन, एजेंसी

शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय टीम शुक्रवार को आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के ग्रुप वन के आखिरी सुपर सिक्स मैच में नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रवेश करने के लक्ष्य से उतरेगी। सुपर सिक्स से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। पाकिस्तान और भारत दोनों के 6 अंक हैं लेकिन रन रेट बेहतर होने से भारत शीर्ष पर है। उदय सहारन की कप्तानी वाली टीम अब तक हारी नहीं है और नेपाल जैसी कमजोर टीम से किसी उलटफेर की उम्मीद भी नहीं है। भारत ने ग्रुप वन में सारे मैच जीते हैं, जबकि नेपाल ने एक भी नहीं जीता है।

भारत के आगे कहीं नहीं ठहरती नेपाल की टीम

मुंबई के बल्लेबाज सरफराज के छोटे भाई मुशीर खान ने 81 से ऊपर की औसत से दो शतक समेत 325 रन बनाए हैं। मुशीर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 30 जनवरी को 126 गेंद में 131 रन बनाए, जिसकी मदद से भारत ने 214 रन से जीत दर्ज की। स्वामी कुमार पांडे ने अब तक 12 विकेट ले लिए हैं। इन दोनों के अलावा कप्तान उदय सहारन, विकेटकीपर अरावल्ली अवनीश, आक्रामक हरफनमौला अर्शिन कुलकर्णी ने भी समय समय पर उम्दा प्रदर्शन किया है। सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह लगातार अच्छा नहीं खेल सके हैं लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ अर्धशतक से उनका आत्मविश्वास बढ़ा होगा। तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया है। नेपाल ने प्रारंभिक चरण में अफगानिस्तान को हराया था, जिसमें कप्तान देव खानाल ने 58 रन बनाए, जबकि मध्यम तेज गेंदबाज आकाश चंद ने 5 विकेट लिए थे।

टीमें

भारत : अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धस, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, उदय सहारन (कप्तान), अरवेल्ली अवनीश राव, सौम्य कुमार पांडे, मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन, धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिंबानी और नमन तिवारी।

नेपाल : देव खानाल (कप्तान), अर्जुन कुमल, आकाश त्रिपाठी, दीपक प्रसाद डुमरे, दुर्गेश गुप्ता, गुलशन कुमार झा, दीपेश प्रसाद कांडेल, बिशाल बिक्रम केसी, सुभाष भंडारी, दीपक बोहारा, उत्तम रंगु थापा, बिपिन रावल, तिलक राज भंडारी, आकाश चंद।

आईसीसी एजीएम की मेजबानी श्रीलंका को

कोलंबो, एजेंसी। निलंबन हटने के बाद श्रीलंका क्रिकेट जुलाई में आईसीसी की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की मेजबानी करेगा। श्रीलंका के खेल मंत्री हरिन फर्नांडो ने गुरुवार को यह जानकारी दी। संचालन में सरकारी हस्तक्षेप के बाद निलंबित किए जाने पर श्रीलंका ने अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी भी गंवा दी थी।

फर्नांडो ने कहा कि श्रीलंका कोलंबो में 19 से 22 जुलाई तक एजीएम की मेजबानी करेगा। इससे क्रिकेट और पर्यटन के मामले में श्रीलंका को काफी बढ़ावा मिलेगा। दरअसल फर्नांडो ने दिसंबर में रणसिंघे की ओर से जारी राजपत्र को हटा दिया था जिसके बाद रविवार को निलंबन हटा दिया गया।

इंग्लैंड ने भारत ए को 192 रन पर समेटा

अहमदाबाद, एजेंसी

मैथ्यू पोट्स ने 6 और ब्राइडन कार्स ने 4 बल्लेबाजों को किया आउट, सिर्फ देवदत्त पडिक्कल ही टिककर खेल पाए

मैथ्यू पोट्स और ब्राइडन कार्स की तेज गेंदबाजी जोड़ी के तूफानी प्रदर्शन से इंग्लैंड लॉयन्स ने तीसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को भारत ए को 192 रन पर ऑल आउट कर दिया। कई खिलाड़ियों के मुख्य टीम से जुड़ने के बाद भारत ए टीम कुछ कमजोर हुई है। इस चार दिवसीय मैच के पहले दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड लॉयन्स ने एक विकेट पर 98 रन बना लिए हैं। एलेक्स लीस (48) और ओलिवर प्राइस (20) स्टंप के समय क्रीज पर थे। इंग्लैंड लॉयन्स की टीम पहली पारी के आधार पर अब सिर्फ 94 रन पीछे है।

पोट्स ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 57 रन देकर 6 विकेट चटकाए। उन्होंने लगातार दूसरी बार 6 विकेट हासिल किए। वह तीन मैच में 18 विकेट चटका चुके हैं। कार्स ने पोट्स का अच्छा साथ देते हुए 52 रन देकर 4 विकेट चटकाए।

सरफराज खान और वाशिंगटन सुंदर की गैरमौजूदगी में खेल रही भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए दो सत्र के भीतर आउट हो गई। जवाब में सलामी बल्लेबाज लीस और कीटोन जेनिंग्स (17) ने टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई। आकाशदीप ने जेनिंग्स को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। लीस और प्राइस ने दूसरे विकेट के लिए 71 रन की अटूट साझेदारी करके दिन के बाकी खेल के दौरान मेजबान टीम के गेंदबाजों को सफलता से महरूम रखा। तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे है।

बैजबॉल के खिलाफ भारत को बदलनी होगी रणनीति

रविंद्र जडेजा और केएल राहुल चोट के कारण बाहर होने से पहले ही मुश्किल में है भारतीय टीम

विशाखापत्तनम, एजेंसी

पहला टेस्ट गंवाने के बाद भारत को शुक्रवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड की बेखौफ बैजबॉल शैली का सामना करने के लिए बेहतर रणनीति के साथ उतरना होगा, जबकि उसके प्रमुख खिलाड़ी भी चोट के कारण बाहर हैं। अपनी धरती पर काफी मजबूत भारतीय टीम को हैदराबाद में पहले टेस्ट में पराजय झेलनी पड़ी। रविंद्र जडेजा और केएल राहुल के चोट के कारण बाहर होने से उसका काम और मुश्किल हो गया है।

नेट पर अभ्यास करते शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल। ● एजेंसी

कुलदीप, वॉशिंगटन या सौरभ का खेलना संभव

जडेजा की गैर मौजूदगी में कुलदीप यादव खेल सकते हैं या भारत जसप्रीत बुमराह के रूप में एक तेज गेंदबाज के साथ उतरता है या फिर वॉशिंगटन सुंदर के रूप में एक और स्पिनर को उतारता है। बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार को भी टीम में जगह दी गई है। भारतीय बल्लेबाजों को भी पहले टेस्ट में नए स्पिनर टॉम हार्टली ने परेशान किया। दूसरी पारी में सिर्फ रोहित आत्मविश्वास से भरे दिखे, जबकि शुभमन गिल समेत युवा ब्रिगेड ने निराश किया। तीसरे टेस्ट में विराट कोहली की वापसी होगा जिससे गिल और श्रेयस अय्यर पर अच्छे प्रदर्शन का काफी दबाव होगा। केएल राहुल की जगह रजत पाटीदार खेल सकते हैं। घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाने के बाद आखिरकार सरफराज खान को चयनकर्ताओं ने मौका दिया है और वह पदार्पण को बेताब होंगे।

3 साल पहले भी ऐसे ही थे हालात

तीन साल पहले भी भारतीय टीम को इन्हीं हालात से दो-चार होना पड़ा था, तब चेन्नई में पहले टेस्ट में उसे इंग्लैंड ने हराया था लेकिन वापसी करके भारत ने श्रृंखला जीती थी। हालांकि जो रूट की कप्तानी वाली वह टीम अलग थी और इस बार भारत को वापसी करने के लिए इंग्लैंड की ऐसी टीम को हराना होगा, जिसने टेस्ट क्रिकेट खेलने के मानदंड ही बदल दिए हैं। हैदराबाद में पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बाद उसने आक्रामक खेल की अपनी बैजबॉल शैली से वापसी करके 28 रन से मैच जीता। ओली पोप ने स्वीप और रिवर्स स्वीप की ढाल बनाकर भारतीय फिरकी को बखूबी झेला, जिससे रोहित शर्मा और उनकी टीम हैरान रह गई। पोप के आगे भारत का विख्यात स्पिन आक्रमण बौना साबित हो गया।

अश्विन और अक्षर पटेल पर निगाहें

दूसरे टेस्ट में भारत के पास जडेजा नहीं होंगे और 500 टेस्ट विकेट से 4 विकेट दूर रविचंद्रन अश्विन को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इसके साथ ही अक्षर पटेल को भी विकेट लेने और रनों पर रोक लगाने के नए तरीके तलाशने होंगे। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने पहले मैच में मिली हार के बाद कहा था कि यह जरूरी है कि हम सही रणनीति के साथ उतरे और प्रदर्शन अधिक अनुशासित हो। उन्होंने कहा कि हम रणनीति पर अमल नहीं कर सके। अगले मैच में हम रणनीति पर बेहतर अमल करेंगे।

इंग्लैंड के पास 2-0 से बढ़त बनाने का मौका

इंग्लैंड के पास 2-0 से बढ़त बनाने का मौका है। बेन स्टोक्स ने बेहतरीन कप्तानी का नमूना पेश किया है। युवा स्पिनर हार्टली को पहली पारी में अतिरिक्त स्पैल देना उनका मास्टर स्ट्रोक रहा। इंग्लैंड के लिए चिंता का विषय अनुभवी स्पिनर जैक लीच का चोटिल होना है। युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर को उनकी जगह उतारा जा सकता था लेकिन वह भी उपलब्ध नहीं हैं। मैकुलम ने कहा था कि पहले टेस्ट की तरह पिच टर्न लेगी तो हम चौतरफा स्पिन आक्रमण उतार सकते हैं। पहले मैच में तेज गेंदबाज मार्क वुड प्रभावित नहीं कर सके। लिहाजा गुस एटकिंसन, जेम्स एंडरसन या ओली रॉबिनसन को उतारा जा सकता है।

पृथ्वी शॉ की रणजी टीम में वापसी

कोलकाता एजेंसी। चोट के कारण लंबे समय से बाहर चल रहे पृथ्वी शॉ को बंगाल के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले रणजी ट्रॉफी के पांचवें दौर के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। पृथ्वी शॉ अगस्त में नॉथैंप्टनशर के साथ काउंटी कार्यकाल के दौरान घुटने में चोट लगाने के पर लंदन में हुई सर्जरी के बाद से तीन महीने स्वास्थ्य लाभ पर थे। पिछले सप्ताह के आखिर में उन्हें फिटनेस परीक्षण के बाद बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी ने मंजूरी दे दी गई थी। 41 बार की रणजी ट्रॉफी चैंपियन मुंबई अभी ग्रुप बी के शीर्ष पर है, जहां उसने चार में से तीन मैच जीते हैं और वह नॉकआउट में जगह बनाने के लिए अग्रसर है।

खेल डायरी

युवा ओलंपिक मेजबान की घोषणा अगले साल

गैंगनेउंग। आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाख ने गुरुवार को कहा कि शीतकालीन युवा ओलंपिक खेलों के अगले मेजबान की घोषणा 2025 की शुरुआत में की जाएगी। दक्षिण कोरिया के गैंगवॉन में हो रहे 2024 के शीतकालीन युवा ओलंपिक के समापन समारोह से कुछ घंटे पहले बाख ने कहा कि कोई ध्वज सौंपने का समारोह नहीं होगा क्योंकि अगले मेजबान का फैसला बाद में करेंगे। आईओसी प्रमुख ने कहा कि इस साल के अंत में या अगले साल की शुरुआत में उनकी घोषणा कर सकते हैं। इसके लिए आयोग को विभिन्न परियोजनाओं का मूल्यांकन करने और फिर निष्कर्ष निकालने के लिए थोड़ा और समय चाहिए कि 2028 के लिए सबसे उपयुक्त गंतव्य कौन सा होगा। गैंगवॉन में 19 जनवरी को शीतकालीन युवा ओलंपिक की शुरुआत हुई थी और गुरुवार शाम इसका समापन समारोह होगा। यह इतिहास में पहली बार है कि जब समापन समारोह में अगले मेजबान को झंडा नहीं सौंपा जाएगा।

अवनि एशिया पेसिफिक टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर

पटाया। भारत की अवनि प्रशांत गुरुवार को पहले दौर में चार अंडर 68 के अच्छे प्रदर्शन के साथ महिलाओं के एमेच्योर एशिया पेसिफिक गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर चल रही हैं। अवनि ने पहले दौर में छह बर्डी की लेकिन वह दो बोगी भी कर गईं जिससे उनका स्कोर चार अंडर रहा। थाईलैंड की इला गेलिटस्काई और नोवापोर्न सूनत्रीयापास व चीनी ताइपे की चेन वेइ वू पांच अंडर 67 के स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही हैं। अन्य भारतीयों में विधात्री उर्स (73) और सानवी सोमु (73) संयुक्त 39वें पर चल रहे हैं। पदार्पण कर रहीं कीर्तना राजीव नायर (81) और हीना कांग (81) संयुक्त 84वें, जबकि मन्नत बरार (82) 86वें स्थान पर हैं।

मेस्सी का सामना नहीं कर सकेंगे चोटिल रोनाल्डो

रियाद। क्रिस्टियानो रोनाल्डो चोट के कारण लियोनेल मेस्सी के खिलाफ बहुचर्चित नुमाइशी फुटबॉल मैच नहीं खेल सकेंगे। रोनाल्डो के क्लब अल नासर और मेस्सी के इंटर मियामी के बीच बृहस्पतिवार को मुकाबला होना था। अल नासर के कोच लुईस कास्ट्रो ने बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि क्रिस्टियानो अभी पूरी तरह से फिट नहीं है। उम्मीद है कि वह अगले कुछ दिन में फिट हो जाएगा। वह इंटर मियामी के खिलाफ नहीं खेल सकेगा। मेस्सी और रोनाल्डो की प्रतिद्वंद्विता स्पेन में बार्सीलोना और रीयाल मैड्रिड के लिए खेलने के दिनों से चली आ रही है। दोनों मिलकर पिछले 15 में से 13 बलोन डिओर पुरस्कार जीत चुके हैं।

घरेलू मैचों में भारतीय हॉकी टीम की कमान हरमनप्रीत को

नई दिल्ली। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के मैचों में भारतीय हॉकी टीम के कप्तान होंगे। मिडफील्डर हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। हॉकी इंडिया ने दोहरे चरण के मुकाबलों के लिए गुरुवार को 24 सदस्यीय टीम का एलान किया। भुवनेश्वर में खेला जाने वाला चरण 10 से 16 फरवरी तक चलेगा, जबकि राउरकेला चरण 19 से 25 फरवरी तक होगा। भारतीय टीम आयरलैंड, नीदरलैंड, स्पेन और आस्ट्रेलिया से दो-दो बार खेलेगी। पहला मैच 10 फरवरी को स्पेन से होगा। भारतीय टीम में स्ट्राइकर बॉबी धामी और गोलकीपर पवन नहीं हैं जो दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टीम में शामिल थे। गोलकीपर का जिम्मा पी आर श्रीजेश और कृशन बहादुर पाठक संभालेंगे। डिफेंस में हरमनप्रीत, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, वरूण कुमार, सुमित, संजय, जुगराज सिंह और विष्णुकांत सिंह होंगे। मिडफील्ड में हार्दिक, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा और रबिचंद्र सिंह मोइरेंगथेम होंगे। फॉरवर्ड में ललित उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक, आकाशदीप सिंह और अराइजीत सिंह हुंडर होंगे।

त्रीशा-गायत्री, मंजूनाथ और अस्मिता क्वार्टर फाइनल में

बैंकॉक, एजेंसी। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी ने गुरुवार को थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत अपने से कम रैंकिंग वाले भारत के ही मिथुन मंजूनाथ से हारकर बाहर हो गए। महिला एकल में अस्मिता चालिहा भी अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रहीं। त्रीशा और गायत्री ने प्री क्वार्टर फाइनल में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय जोड़ी को सीधे गेम में 21-15, 24-22 से हराया। त्रीशा और गायत्री अगले दौर में फेब्रियाना द्विपुजी कुसुमा और अमालिया कहाया प्रातिवी की इंडोनेशिया की चौथी वरीय जोड़ी से भिड़ेंगे। मंजूनाथ अंतिम आठ के मुकाबले में नीदरलैंड के मार्क कालजोव से भिड़ेंगे।

थाईलैंड मास्टर्स

पुरुष एकल में एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम को चीनी ताइपे के चुन यी लिन के खिलाफ 9-21, 11-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। अस्मिता भी चीनी ताइपे की यू पो पाइ को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहीं।

चेन्नई ओपन में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे सुमित नागल

चेन्नई, एजेंसी। सुमित नागल रविवार से शुरू होने वाले चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर 100 टूर्नामेंट के पुरुष एकल में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। रामकुमार रामनाथन और मुकुंद शशिकुमार पुरुष एकल में अन्य खिलाड़ी होंगे, जिन्हें मुख्य ड्रा में वाइल्डकार्ड दिया गया है। इटली के लुका नार्डी शीर्ष वरीय खिलाड़ी होंगे।

टूर्नामेंट में 14 देशों के खिलाड़ी शिरकत कर रहे हैं लेकिन पिछले साल के विजेता आस्ट्रेलिया के मैक्स पुर्सेल हिस्सा नहीं ले रहे हैं क्योंकि वह अन्य एटीपी प्रतियोगिता में खेल रहे हैं। युगल वर्ग में भारत के अर्जुन काधे और जीवन नेदुनचेझियान शीर्ष वरीय हैं। देश में खेले जाने वाली चार चैलेंजर सीरीज में यह पहला टूर्नामेंट हैं जबकि अन्य बेंगलुरु, पुणे और दिल्ली में खेले जाएंगे। एकल मुख्य ड्रा में 32 खिलाड़ी और युगल में 16 जोड़ियां हार्ड कोर्ट पर उतरेंगी, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 1,33,250 डॉलर होगी।

हादसे के बाद पैर खोने का था डर : ऋषभ पंत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ने बयां की कार हादसे की दास्तां

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा कि 13 महीने पहले हुए भयावह कार हादसे के बाद उन्हें अपना दाहिना पैर गंवाने का डर था। वह उस समय काफी डर गए थे। उनकी एसयूवी हादसे के बाद सेडान लग रही थी। उनके दाहिने घुटने की हड्डी खिसक गई थी और काफी दर्द हो रहा था। वहां आसपास कोई था जिसने घुटने को सही जगह पर पहुंचाने में मदद की।

रजत कुमार और निशु कुमार ने पंत को उनकी एसयूवी से निकाला था, जो बाद में आग की लपटों में घिर गई थी। ऋषभ पंत का शुरुआती इलाज देहरादून में हुआ, इसके बाद उन्हें मुंबई ले जाया गया। दाहिने घुटने के आपरेशन के बाद पंत ने बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन शुरू किया। वह मार्च में आईपीएल के जरिये वापसी कर सकते हैं।

अब सभी लोग गाड़ी चलाने से कर रहे हैं मना

ऋषभ पंत ने कहा कि हर कोई उन्हें अब गाड़ी चलाने के लिए मना कर रहा है लेकिन कोई भी उनसे ज्यादा डरा नहीं है। वह अब भी गाड़ी चलाएंगे क्योंकि उन्हें चलाना पसंद है। एक हादसा हो गया तो इसका मतलब यह नहीं कि उन चीजों को दोबारा न करें। पंत ने कहा कि वह करीब एक महीने तक बिस्तर पर रहे और सामान्य चीजें करने के लिए परेशान थे। उन्होंने धीरे धीरे घूमना शुरू किया। उन्होंने कहा कि कभी सोचा नहीं था कि दांत साफ करना इतना अच्छा लगेगा। जब नहाने गया तो बाथ टब से निकलना ही नहीं चाह रहा था। इन छोटी चीजों में खुशी मिली क्योंकि भाग्यशाली था कि दूसरी जिंदगी मिली। डॉक्टरों ने भी कहा कि दुर्घटना के बाद कोई फ्रेक्चर नहीं था।

फाइटर में ऋतिक के साथ काम करके खुश हैं महेश शेट्टी



अभिनेता महेश शेट्टी फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन के साथ काम कर बेहद खुश हैं। सिद्धार्थ आनंद निर्देशित एक्शन थ्रिलर फाइटर महेश ने स्क्वाड्रन लीडर राजन उन्नीनाथन की भूमिका निभाई है। फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन के साथ काम करने के अनुभव के बारे में पूछे जाने पर महेश ने कहा कि वायु सेना के शब्दकोष में एक विंगमैन एक पायलट होता है जो पारस्परिक सहायता प्रदान करते हुए एक उड़ान संरचना के नेता के साथ उड़ान भरता है, इसलिए उनकी बॉन्डिंग हमेशा दूसरे स्तर पर होती है। शूटिंग शुरू होने से पहले ही ऋतिक और उनके बीच अच्छी बॉन्डिंग शुरू हो गई थी। जिस तरह से उन्होंने सेट पर यारा के रूप में मेरा स्वागत किया वह बहुत स्थायी था और पूरी टीम एक बड़े परिवार की तरह थी। वह बेहद सच्चे, मधुर और मजाकिया स्वभाव के हैं। जिस तरह से उन्होंने कहानियां सुनाईं, उसने हमेशा चकित कर दिया। किसी को एक बार भी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि हम काम कर रहे थे। वह एक कारण से रितिक रोशन हैं और इसका कारण केवल समर्पण और कड़ी मेहनत है।

अर्जुन रामपाल चैंपियंस ऑफ चेंज अवॉर्ड से सम्मानित

बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल को चैंपियंस ऑफ चेंज अवार्ड से सम्मानित किया गया। अर्जुन रामपाल को सिनेमा और संस्कृति में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अर्जुन रामपाल ने सोशल मीडिया पर पुरस्कार समारोह की तस्वीर साझा करते हुए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के माननीय 37वें मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति केजी बालाकृष्णन के हाथों चैंपियंस ऑफ चेंज अवार्ड प्राप्त कर बहुत ही सम्मानित महसूस कर रहा हूं। न्यायमूर्ति ज्ञानसुधा मिश्रा (पूर्व न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट) का आभारी हूं कि उन्होंने इस सम्मान को और भी प्रभावी बनाया, वह समाज और फिल्म इंडस्ट्री में लगातार अपना योगदान देते रहेंगे।

कॉकटेल 2 में साथ नजर आ सकती हैं सारा अली और अनन्या पांडे

अभिनेत्री अनन्या पांडे और सारा अली खान सोशल मीडिया पर अपनी दोस्ती के लिए अक्सर चर्चा में रहती हैं। अब रूपहले पर्दे पर भी दोनों एक साथ नजर आने वाली हैं। बॉलीवुड गलियारों में चर्चा हैं कि हाल में दोनों को एक साथ मैडॉक फिल्म्स के ऑफिस के बाहर देखा गया, जिसने कॉकटेल फिल्म बनाई थी और कॉकटेल 2 बनाने जा रहा है। माना जा रहा है कि कॉकटेल 2 में ये दोनों अभिनेत्री एक साथ दिख सकती हैं। दोनों की मेकर्स से इसे लेकर बात चल रही है। हाल ही में करन जौहर के शो में भी दोनों साथ नजर आई थीं और कई बड़े खुलासे किए थे। हालांकि इस फिल्म में उनके एक साथ काम करने को लेकर कोई अधिकारिक खबर सामने नहीं आई है लेकिन इंडस्ट्री में दोनों के अगली फिल्म में साथ काम करने को लेकर चर्चा जोरों पर हैं।

2012 में रिलीज हुई थी सैफ अली खान की कॉकटेल

फिल्म कॉकटेल को साल 2012 में रिलीज किया गया था। इस फिल्म में सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण, डायना पेंटी समेत कई बड़े कलाकारों ने भूमिका निभाई थी। दीपिका पादुकोण और सैफ अली खान की इस फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था।

द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल का ट्रेलर रिलीज

सनोज मिश्रा निर्देशित फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की स्थिति और वहां पर हो रहे अत्याचारों को इंगित करते हुए बनाई गई है। इसके ट्रेलर में दिखाया गया है कि किस कदर वहां के मुसलमानों ने धर्म परिवर्तन के नाम पर हिंदू महिलाओं के साथ जोर जबरदस्ती की और उनकी बात नहीं मानने वाली महिलाओं के साथ दुष्कर्म जैसी घटनाओं को अंजाम दिया। वसीम रिजवी फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल के निर्माता वसीम रिजवी उर्फ जितेंद्र नारायण सिंह हैं। फिल्म के लेखक और निर्देशक सनोज मिश्र हैं। फिल्म के कलाकारों में अर्शिन मेहता, यजुर मारवाह, दीपक कंबोज, अल्फिया शेख, गरिमा कपूर, रीना भट्टाचार्य, गौरी शंकर, देव फौजदार, अनिल अंजुनिल, संजू सोलंकी, डॉ. रामेंद्र चक्रवर्ती, दीपक सूठा, जितेंद्र नारायण सिंह, जनार्दन सिंह मयूर, अनुज दीक्षित, नीत महल शामिल हैं। फिल्म के सह निर्माता क्षत्रपाल सूर्यवंशी, संजय कुमार और अर्जुन सिंह हैं। फिल्म के छायाकार सत्यपाल सिंह, संपादक रंजीत प्रसाद और संगीतकार ए आर दत्ता हैं।

सेहत के लिए फिल्मों से ब्रेक लेंगे प्रभास

टॉलीवुड सुपरस्टार प्रभास को लेकर एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आई है। सालार की बंपर सक्सेस के बाद एक्टर इन दिनों अपनी फिल्म राजा साब को लेकर काफी व्यस्त चल रहे हैं। इस बीच खबर आ रही है कि सुपरस्टार प्रभास अपनी फिल्म की रिलीज के बाद ब्रेक लेने की तैयारी में हैं। इसकी वजह उनकी सेहत बताई जा रही हैं। बताया जा रहा है कि प्रभास लंबे समय से घुटने में दर्द की शिकायत से जूझ रहे हैं। वह घुटने की सर्जरी के लिए विदेश यात्रा भी कर चुके हैं। ऐसे में अब प्रभास अपनी सेहत पर थोड़ा ध्यान देना चाहते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

शरद के पोते से ईडी की दूसरी बार पूछताछ

मनी लॉन्ड्रिंग मामला

मुंबई, एजेंसी

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक रोहित पवार आज प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। उनपर सहकारी बैंक घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगा है। बता दें कि रोहित पवार राकांपा प्रमुख शरद पवार के पोते हैं।

पिछले 10 दिनों में दूसरी बार रोहित पवार ईडी के समक्ष पेश हुए हैं। 38 वर्षीय राकांपा नेता कर्जन जामखेड से विधायक है। ईडी ने उनसे आखिरी बार 24 जनवरी को पूछताछ की थी। गुरुवार को वह दक्षिणी मुंबई के बैलार्ड स्टेट स्थित ईडी दफ्तर पहुंचे। इस दौरान उनके परिवार के सदस्य भी उनके साथ मौजूद थे। इस दौरान रमेश पवार की पत्नी प्रतिभा पवार राकांपा दफ्तर पहुंची।

रमेश पवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले फिलहाल नई दिल्ली में हैं। ईडी दफ्तर के पास राकांपा कार्यालय में सैकड़ों राकांपा नेता एकत्रित हुए। ईडी के दफ्तर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। बता दें कि महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक मनी लॉन्ड्रिंग मामला मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की अगस्त 2019 की एफआईआर से प्रकाश में आया है।

इस साल पांच जनवरी को ईडी ने रोहित पवार की स्वामित्व वाली कंपनी बारामती एग्रो की बारामती, पुणे और औरंगाबाद परिसर पर तलाशी ली। इसके बाद बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

दिल्ली जल बोर्ड घोटाला मामला: जगदीश अरोड़ा और अनिल अग्रवाल को ईडी ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े घोटाला मामले में गुरुवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने घंटों पूछताछ की जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में जगदीश कुमार अरोड़ा और अनिल कुमार अग्रवाल को गिरफ्तार करने की पुष्टि की है। इससे पहले ईडी मुख्यालय में ही अधिकारियों ने दोनों से घंटों पूछताछ की थी। माना जा रहा है कि पूछताछ में कई ऐसे खुलासे हुए हैं जिनके आधार पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। ईडी जगदीश कुमार अरोड़ा और अनिल कुमार अग्रवाल को कोर्ट में पेश कर आगे की पूछताछ के लिए इनका रिमांड मांगेगी।

47 लाख करोड़ के मालिक इब्राहिम बने मलयेशिया के सुल्तान

कुआलालंपुर। मलयेशिया में जोहोर राज्य के इब्राहिम इस्कंदर देश के नए सुल्तान बन गए हैं। उन्होंने बुधवार को देश के 17वें सुल्तान के रूप में शपथ ली। वह अगले पांच वर्षों तक देश के सुल्तान बने रहेंगे। बता दें कि ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद साल 1957 से ही मलयेशिया में हर पांच वर्षों में सुल्तान का चयन होता है।

बता दें कि सुल्तान इस्कंदर शाही परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके बड़े बेटे मलयेशिया के क्राउन प्रिंस टुंकू इस्माइल भारतीय सेना में कैप्टन भी रह चुके हैं।

सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर के पास कुल 47.33 लाख करोड़ की संपत्ति है। इसके अलावा उनके पास 300 लग्जरी कारें भी हैं। कई रिपोर्टों के अनुसार, सुल्तान के पास उनकी एक प्राइवेट आर्मी भी है और बोइंग 737 समेत कई प्राइवेट जेट भी हैं।

मंगल पर मिले सूक्ष्म जीवन के महत्वपूर्ण संकेत

▸▸ नासा के दृढ़ता रोवर ने की खोज विज्ञानियों ने कहा- मंगल पर जीवन बसाने की उम्मीद जागी

नैनीताल कार्यालय

मंगल ग्रह की तस्वीर।

अमृत विचार : मंगल ग्रह के जेजेरो क्रेटर के समीप प्राचीन झील की तलछट में सूक्ष्म जीवन के साक्ष्य मिले हैं। नासा के दृढ़ता रोवर ने यह महत्वपूर्ण खोज की है। नासा के विज्ञानियों के अनुसार इस खोज से मंगल की धरती पर जीवन बसाने की उम्मीद को बल मिलता है। जीवन के यह निशान लाल ग्रह मंगल के 45 किलोमीटर चौड़े जेजेरो क्रेटर के अंदर पाए गए हैं।

वैज्ञानिकों का कहना है कि इस गड्ढे में कभी बड़ी झील थी। रोबर ने इस झील से कई सबूत एकत्र किए हैं। जिनसे पता चलता है कि यहाँ कभी जीवन रहा होगा। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजिल्स (यूसीएलए) और ओस्लो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिको ने शोध कर इसका खुलासा किया है। उनका कहना है कि ताजा सबूतों से उम्मीद जगती है कि इस गड्ढे में सूक्ष्मजीवी जीवन रहा होगा। यदि मंगल ग्रह पर जीवन मौजूद रहा होगा तो मंगल की धरती पर भविष्य में जीवन बसाना होगा।

विज्ञानियों ने बताया है कि, प्राचीन मंगल ग्रह के रोगाणुओं ने हाइड्रोजन हजम कर ली और मीथेन का उत्पादन किया। उन्होंने धीरे-धीरे अपने ग्रह के गर्मी को जकड़ने वाले आवरण को खा लिया।

उन्होंने मंगल को अंततः इतना ठंडा बना दिया कि वह जीवन के रूपों को विकसित करने लायक नहीं रहा। मंगल ग्रह की सतह का तापमान 10 से 20 डिग्री सेल्सियस की एक सहनीय सीमा से गिरकर माइनस 57 सेल्सियस हो गया और जीवाणु ग्रह की भीतरी परत की तरफ भाग गए।

दो दशक से मंगल पर जीवन बसाने की हो रही कवायद

पृथ्वी पर घटते प्राकृतिक संसाधन व तेजी से बढ़ती मानव जनसंख्या ने वैज्ञानिकों को मानव का दूसरा घर बसाने को लेकर बाहरी ग्रह की तलाश है और मंगल एकमात्र ग्रह है, जो हमारी उम्मीद की पूर्ति कर सकता है। जिसके चलते इस ग्रह पर जीवन बसाने की कवायद की जा रही है। अमेरीकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा इस दिशा में सर्वाधिक सक्रिय है और अभी तक कई मिशन भेज चुका है। इस दिशा में भारत भी पीछे नही है। 2013 में इसरो ने मार्स ऑर्बिटर भेजा था। इसरो का उद्देश्य मंगल के वारावरण में जीवन की संभावना तलाश करना था। जिसमें वह सफल रहा।

एक नजर

मैक्सिको: बुल फाइटिंग पर सुप्रीम कोर्ट की रोक हटते ही उमड़ा हुजूम

मैक्सिको सिटी। करीब डेढ़ साल के इंतजार के बाद मैक्सिको में एक बार फिर से बुल फाइटिंग की भव्य वापसी हुई है।

प्लाजा मैक्सिको एरीना में हुई बुल फाइटिंग को देखने के लिए सैंकड़ों लोग पहुंचे। दरअसल, मैक्सिको सिटी के पशु अधिकार कार्यकर्ताओं ने इस खेल में पशुओं से बर्बरता का हवाला देते हुए स्थानीय कोर्ट में अपील की थी। जिस पर मई 2022 में लोकल कोर्ट ने बुल फाइटिंग पर रोक लगा दी। बुल फाइटिंग के समर्थकों की डेढ़ साल की कानूनी लड़ाई के बाद मैक्सिको के हाईएस्ट कोर्ट (सुप्रीम कोर्ट) ने लोकल कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। हालांकि, 300 से ज्यादा पशु अधिकार कार्यकर्ताओं ने आयोजन स्थल के बाहर प्रदर्शन किया।

अमेरिकी वैज्ञानिकों ने पक्षी जैसे उड़ने वाले रोबोट बनाए

वाशिंगटन। अमेरिका की यूनिवर्सिटी 'न्यू मेक्सिको टेक' के वैज्ञानिकों ने पक्षियों से प्रेरित होकर उड़ने वाले रोबोट बनाए हैं, जिन्हें 'टेक्नो-टैक्सीडमर्मी मॉडल' कहा जाता है। हालांकि, अभी तक ये रोबोट असली पक्षियों की तरह उतने अच्छे से उड़ नहीं पाते हैं। वे हवा में तैर सकते हैं। थोड़ा ऊंचा उड़ सकते हैं और गर्म हवा के प्रभाव में आने पर थोड़ा ऊपर जा सकते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इनका इस्तेमाल जासूसी ड्रोन की तरह किया जा सकता है। लेकिन असल में इनका उद्देश्य 'वन्यजीवों की निगरानी के लिए प्रकृति-प्रेमी ड्रोन' बनाना है। पुराने ड्रोन शोर और अनजान होने के कारण वन्यजीवों को परेशान करते हैं। इसलिए वैज्ञानिक ऐसे ही चुपचाप उड़ने वाले और प्राकृतिक दिखने वाले ड्रोन बना रहे हैं, ताकि जंगली जानवरों की निगरानी और उनके बारे में जानकारी आसानी से मिल सके।

कनाडा: गिरफ्तार तीन भारतवंशी अमेरिका प्रत्यर्पित होंगे

टोरंटो। कनाडा में गिरफ्तार तीन भारतवंशियों को मेक्सिको और उत्तरी अमेरिकी देशों के बीच ड्रग्स की तस्करी करने वाले नेटवर्क से कथित संबंधों के लिए अमेरिका में प्रत्यर्पित किया जाएगा। एफबीआइ और रायल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के बीच संयुक्त अभियान ने संगठित अपराध गिरोह में कथित भूमिका के लिए 19 लोगों को आरोपित किया है। आरसीएमपी ने मंगलवार को कहा कि ब्रैम्पटन से 25 वर्षीय आयुष शर्मा और 60 वर्षीय गुरअमृत सिद्धू और कैलगरी से 29 वर्षीय सुभम कुमार को अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट के तहत गिरफ्तार किया गया। वहीं, एक अन्य मामले में पुलिस ने कहा कि एक 29 वर्षीय भारतवंशी ड्राइवर को ट्रक से 406 किलो मेथामफेटामाइन मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया है। विनिपेग के कोमलप्रीत सिद्धू को मैनिटोबा रायल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने 14 जनवरी को गिरफ्तार किया था।

इजराइल का दावा: गाजा में यूएन की राहत टीम से जुड़ी बोरियों से हथियारों का जखीरा बरामद

जब्त हथियारों को आईडीएफ ने किया नष्ट

यरूशलम, एजेंसी

इजराइली सेना लगातार गाजा पर बमबारी कर रही है। फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के हथियारों के भूमिगत ठिकाने को इजराइली सेना ने तबाह कर दिया है। गौरतलब है कि यह हथियार संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी से जुड़ी बोरियों में छिपाए गए थे। आईडीएफ ने मामले में जुड़े बयान में कहा कि बोरियों के अंदर रॉकेट, टैंकरोधी मिसाइलें, खदानें और विस्फोटक सामग्रियों को छिपाया गया था। इजराइली सेना ने द्वारा किया कि रॉक्टे निर्माण के लिए इस्तेमाल सामग्रियों को नष्ट कर दिया है। साथ ही इजराइली सेना ने आरपीजी मिसाइलों के लिए डिजाइन किए हथियार, कारतूस, स्प्रे चार्ज, ग्रेनेड समेत कई विस्फोटक सामग्रियों को जब्त किया गया है।

इजराइल ने कहा कि पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल पर हुए हमले में यूएनआरडब्ल्यूए के कर्मचारी भी शामिल थे। इस खुलासे के बाद इजराइल ने मांग की है कि यूएनआरडब्ल्यूए गाजा में उसके अधिकार से हटा दिया जाए। इसके बाद अमेरिका, यूरोपीय संघ और 16 अन्य देशों ने एजेंसी के लिए फंडिंग निलंबित कर दी है। इस्राइल ने 12 कर्मचारियों को उनकी भागीदारी के लिए दोषी ठहराते हुए खुफिया जानकारी दी है। जिसमें दावा किया गया है कि यूएनआरडब्ल्यूए के वाहनों और कई सामग्रियों का आंतकी गतिविधियों में इस्तेमाल किया गया है। एक मीडिया रिपोर्ट में भी दावा किया गया है कि यूएनआरडब्ल्यूए के 10 आतंकी फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद से संबंध रखते हैं। यूएन वॉच और इम्पैक्ट-एसई द्वारा जारी रिपोर्ट में यूएनआरडब्ल्यूए कर्मचारियों द्वारा सोशल मीडिया पर हमलों के लिए समर्थन व्यक्त करने का दस्तावेजीकरण किया गया है। गौरतलब है कि इस्राइली सैनिकों को यूएनआरडब्ल्यूए राहत आपूर्ति के बीच छिपी हुई मिसाइलें मिली थी, जबकि एजेंसी की बोरियों का इस्तेमाल विस्फोटक सामग्री के लिए किया जा रहा था।

24 घंटे में 150 फिलिस्तीनी समेत 15 आंतकियों को मार गिराया

गाजा पट्टी के लिए मानवीय सहायता ले जाने वाले वाहनों का रास्ता रोकने के लिए खड़े इजराइली नागरिक।

इजराइल और हमास के बीच युद्ध जारी है। युद्ध के कारण अब तक दोनों पक्षों के करीब 26 हजार लोगों की मौत हो गई। इस बीच गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में इजराइल ने गाजा में भयंकर गोलीबारी की। इजराइली हमले में पिछले 24 घंट में 150 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 313 लोग अतिरिक्त घायल हैं। इजरायली सेना क्षेत्र के उत्तरी हिस्से में भी आतंकियों से लड़ाई जारी रखे हुए है। इजराइली सेना ने बुधवार को बताया कि उन्होंने एक दिन पहले उत्तरी गाजा में 15 से अधिक हमास आतंकवादियों को मार गिराया। इसी के साथ हमने स्कूल में एक आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। नेतन्याहू शुक्रवार को कहा था कि हम अपने लोगों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे लोगों और देश की सुरक्षा के लिए जो भी आवश्यक कदम होंगे हम उठाएंगे। हर देश की तरह इजराइल को भी अपनी अखंडता की रक्षा करने का बुनियादी अधिकार है। इजराइल फिलिस्तीनियों के खिलाप नरसंहार कर रहा है, यह दावा सरासर गलत है। यह अपमानजनक है। हमास ने कहा कि ये यरूशलम में अल-अक्सा मस्जिद को इजराइल की तरफ से अपवित्र करने का बदला है। हमास ने कहा कि इजराइली पुलिस ने अप्रैल 2023 में अल-अक्सा मस्जिद में ग्रेनेड फेंक इसे अपवित्र किया था।

3 को नौसेना में शामिल होगा संधायक पोत मजबूत होगी निगरानी

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना के नए पोत 'आईएनएस संधायक' का तीन फरवरी को जलावतरण समारोह होगा। इसके लिए विशाखापत्तनम में पूरी तैयारी की गई है। नौसेना ने सर्वेक्षण पोत को तिरंगे धव्ज, फूल-मालाओं से सजाया हुआ है।

यह पोत रणनीतिक जलमार्ग में नौसेना के निगरानी तंत्र को मजबूत करेगा। समारोह में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और नौसेना के पूर्वी कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ राजेश पेंढारकर शामिल होंगे। इसके अलावा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

नौसेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह समारोह देश के सबसे बड़े सर्वेक्षण पोत को औपचारिक रूप से नौसेना में शामिल करने का प्रतीक होगा। उन्होंने बताया कि कोलकाता के मैसर्स गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स में चार बड़े सर्वेक्षण पोत निर्माणाधीन हैं। यह उनमें पहला है। आईएनएस संधायक का बंदरगाह और समुद्र दोनों में परीक्षण किया गया था। इसके बाद चार दिसंबर को इसे नौसेना को सौंप दिया गया था।

संघीय लोकतंत्र की पहचान फिर से हासिल करे म्यांमार: रणधीर

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर ने म्यांमार तख्तापलट की बरसी पर व्यक्त की चिंता

म्यांमार तख्तापलट की बरसी पर विदेश मंत्रालय भारत-म्यांमार में बिगड़ती स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, म्यांमार की स्थिति का पड़ोसी देश और म्यांमार के मित्र के रूप में हम पर सीधा प्रभाव पड़ता है। भारत तत्काल हिंसा बंद होने की वकालत करता रहा है। उन्होंने कहा कि म्यांमार एक समावेशी और संघीय लोकतंत्र की पहचान फिर से हासिल करे, भारत यही चाहता है।

प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को विदेश मंत्रालय की साप्ताहिक प्रेस वार्ता में म्यांमार तख्ता पलट के अलावा भारत-अमेरिका ड्रोन सौदा, चीनी सैनिक- पीपुल्स लिबरेशन आर्मी और भारतीय मवेशी पालक का आमना-सामना होने जैसे मुद्दों पर विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने मालदीव के साथ भारत के रिश्तों की तल्खी पर भी टिप्पणी की।

भारत और चीन के रिश्तों से जुड़े एक सवाल पर विदेश मंत्रालय ने कहा, भारतीय चरवाहों और चीन के सैनिकों- पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की भिड़ंत वाली वीडियो से जुड़े एक सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हमने ऐसा एक वीडियो देखा है। संबंधित एजेंसियां ही इसका जवाब दे सकेंगी... दोनों देशों के लोग अपने चारागाह क्षेत्रों के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं। हमारे पास ऐसे मुद्दों से निपटने के लिए एक सुव्यवस्थित तंत्र भी है।

बता दें कि, भारत और अमेरिका ने 31 एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन का सौदा किया है। इसे आमतौर पर एमक्यू-9बी प्रीडेटर यूएवी-ड्रोन के रूप में भी जाना जाता है। यह सौदा 3.072 बिलियन अमेरिकी डॉलर (मौजूदा करेंसी एक्सचेंज के हिसाब से 25,200 करोड़ रुपये) का है। गौरतलब है कि फ्रांस के साथ हुई राफेल लड़ाकू विमान की डील की ही तरह अब भारत और अमेरिका के बीच प्रीडेटर ड्रोन का सौदा, सवालों के घेरे में आ गया है।

मालदीव: महाभियोजक पर हमले के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

माले, एजेंसी। मालदीव के महाभियोजक हुसैन शमीम बुधवार को किए गए हमले के आरोप में गुरुवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस घटना के बाद राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ था। बता दें, महाभियोजक हुसैन शमीम बुधवार सुबह मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने हथौड़े से हमला किया। मीडिया के मुताबिक, पुलिस आयुक्त अली शुजाउ ने कहा कि हमले के दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन पुलिस ने अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया। शुजाउ ने कहा, पूछताछ में पता चला कि हमला पूर्व-नियोजित था। उन्होंने कहा आरोपियों की पहचान कर ली गई। मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स (एमएनडीएफ) ने शमीम की सुरक्षा कड़ी कर दी है।

यातायात बाधित...

बनिहाल/जम्मू: जम्मू-कश्मीर के रामबन इलाके में बारिश होने के कारण भूस्खलन हुआ, जिससे यातायात प्रभावित हुआ है। रामबन के किश्तवारी पत्थर इलाके में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। भूस्खलन के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया, जिससे मार्ग पर 200 से अधिक गाड़ियां फंसी रहीं। वहीं, कई जिलों में बर्फबारी भी हुई। भूस्खलन जिले के शेरबीबी इलाके में हुआ, जहां भारी बारिश भी हुई है। ● एजेंसी

इमरान के पार्टी दफ्तर पर छापेमारी पुलिस ने आरोपों से किया इनकार

इस्लामाबाद, एजेंसी

▸▸ पीटीआई ने कहा साधारण कपड़े में पहुंची पुलिस, पार्टी सदस्यों को कार्यालय में घुसने से रोका

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब उनकी पार्टी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उनके दफ्तरों में छापेमारी की। गुरुवार को साधारण कपड़े पहनकर पहुंची पुलिस ने सदस्य को परिसर में घुसने से रोक दिया।

पार्टी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, यह छापेमारी इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार के एक मामले में 14-14 साल के कठोर काराबास की सजा सुनाई जाने के एक दिन बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। बुधवार को इस्लमाबाद में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी की एक आम सभा से पहले अचानक साधारण कपड़ों में पुलिस बल पहुंचा। हालांकि पीटीआई ने ऑनलाइन सभाओं को आयोजित किया है। साथ ही कहा कि पार्टी के भीतर संगठनात्मक चुनाव कराने का भी फैसला लिया है। बता दें इमरान की पार्टी को आठ फरवरी को होने वाले आम चुनावों से पहले कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि, पुलिस ने आरोपों से पलड़ा झाड़ते हुए कहा कि मजिस्ट्रेट की अनुमति के बिना छापेमारी नहीं की जा सकती है। बुधवार को कोई भी ऐसा आदेश जारी नहीं किया गया था। पुलिस ने कहा- आरोप निराधार है।

87 साल पहले लापता विमान प्रशांत महासागर में मिला

न्यूयॉर्क। 1932 में गायब हुआ विमान प्रशांत महासागर में खोजा गया है। इसके मिलने का दावा अमेरिकी वायु सेना के पुर्व इंटेलिजेंस ऑफिसर ने किया है। दरअसल 1932 में अमेरिकी पायलट अमेलिया इयरहार्ट विमान से पूरी दुनिया का चक्कर लगाने निकली थीं।

अगर वह सफल होती तो ये काम करने वाली दुनिया की वे पहली महिला पायलट होतीं। हालांकि ऐसा होने से पहले ही उनका प्लेन गायब हो गया। गायब होने के 6 साल बाद तक इसकी खोजबीन भी हुई, लेकिन कुछ सुराग न मिल पाने के कारण जांच आगे न बढ़ पाई और अंत में बंद कर दी गई। डीप सी ड्रोन की मदद से पूर्व इंटेलिजेंस ऑफिसर टोनी रोमियो ने इसे खोजा है। ड्रोन ने जो तस्वीर ली है वो अमेलिया के विमान से मिलता है। आगे की जांच के बाद आकिरिक पुष्टि की जाएगी।

अरब देश में मंदिर मंदिर में राम-सीता, शिव-पार्वती समेत विराजेंगे सात देवी-देवता, 6 साल में पूरा हो रहा मंदिर, 700 करोड़ आई लागत

सद्भाव-अस्तित्व की नीति की मिसाल बीएपीएस मंदिर

अबू धाबी, एजेंसी



अरब देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी में राम मंदिर जैसा भव्य मंदिर अब पूर्णत की ओर है। इस मंदिर (बीएपीएस) में 14 फरवरी को वसंत पंचमी पर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। यह मंदिर यूएई की सद्भाव और सह- अस्तित्व की नीति की मिसाल होगा।

हिंदू मंदिर का निर्माण अबू शानी के कल्चरल डिस्ट्रिक्ट में 27 एकड़ क्षेत्र में किया गया है। इसके आधे हिस्से में पार्किंग है। इसकी आधारशिला 6 साल पहले रखी गई थी। मंदिर के मुख्य गुंबद में पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु के साथ अरबी आर्किटेक्चर में चंद्रमा को दर्शाया गया है, जिसका मुस्लिम समुदाय में भी बेहद महत्व है। यह मंदिर सभी धर्मों का स्वागत करेगा और भारत और अरब की संस्कृति के मिलाप की मिसाल होगा। मंदिर के प्रांगण में एक वॉल ऑफ हार्मनी का भी निर्माण किया गया है। मंदिर की दीवारों पर अरबी क्षेत्र, चीनी, एज्टेक और मेसोपोटामिया से 14 कहानियां होंगी, जो सभी संस्कृतियों में जुड़ाव दिखाते हैं। बीएपीएस स्वामीरायण संस्था के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख बहाविहारी स्वामी ने बताया कि यह अरब देश में पहला विचार आधारित बीएपीएस होगा। 1997 में गुरु प्रमुख स्वामी महाराज जब यहां आए थे, तो उन्होंने एक सपना देखा था कि यहां हिंदू मंदिर बने। आज 27 साल बाद यह सपना साकार हो रहा है। मंदिर के गेट पर रेत के टोले की रचना की गई है, जिसे सातों अमीरात से रेत लाकर बनाया गया है। आगे गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम है जिसमें मुख्य प्रवेश द्वार से पहले सीढ़ियों के दोनों तरफ गंगा और यमुना का प्रवाह रहेगा और सरस्वती नदी की कल्पना एक लाइट से की गई है। गंगा के साथ 96 घंटों को स्थापित किया गया है, जो 96 साल की तपस्या दर्शाति हैं। मंदिर को मार्ग पर ठंडी रहने वाली नैनो टाइल्स लगाई गई हैं।

वहीं, मंदिर के दाई ओर गंगा घाट है, जिसमें गंगा जल की व्यवस्था होगी। 7 एमिरेट्स को दर्शाने वाले 7 शिखर: मंदिर में सात शिखर हैं, जो यूएई के सात एमिरेट्स को दशति है। मंदिर में सात देवी-देवता विराजेंगे, जिसमें राम-सीता, शिव-पार्वती शामिल हैं। बाहरी दीवारों के पत्थरों पर हैंड क्राफ्ट से महाभारत, गीता की कहानियां दर्शाई गई हैं। दीवारों पर पत्थरों द्वारा पूरी रामायण, जगनाथ बात्रा और शिव पुराण भी उकेरे गए हैं। पूरी अयोध्या नगरी को पत्थर की संरचना में उड़ी प्रारूप में उकेरा गया है, जितनी कहानियां हमने बचपन में सुनी हैं, मंदिर परिक्रमा में नक्काशी के रूप में देख सकेंगे।

सहिष्णुता और धार्मिक सद्भाव का प्रतीक : परियोजना प्रमुख बहाविहारी

अबू धाबी में सहिष्णुता और धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बीएपीएस हिंदू मंदिर परियोजना के प्रमुख स्वामी बहाविहारी ने कहा है कि, मंदिर को अंतरधार्मिक और अंतरसांस्कृतिक सद्भाव के उत्प्रेरक के रूप में मान्यता देते हुए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यह हिंदुओं के लिए पूजा स्थल है। बीएपीएस हिंदू मंदिर का मूल विचार इस धरती पर सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक सद्भाव के लिए एक आध्यात्मिक नखलिस्तान है।

पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने 21 बलूच विद्रोहियों को उतारा मौत के घाट

कराची। पाकिस्तान सुरक्षा बल की ओर से की गई कार्रवाई में 21 बलूच विद्रोही मारे गए। सुरक्षा बलों का कहना है कि यह कार्रवाई को बलूच विद्रोहियों की ओर से माच टाउन और कोलपुर इलाके में किए गए हमले के जवाब में की गई।

एक अधिकारी ने बताया कि इन दोनों स्थानों पर हुई कार्रवाई में 21 बलूच विद्रोही मारे गए हैं। सुरक्षा बलों के इस आपरेशन के दौरान चार सुरक्षा बल के जवान और दो आम नागरिक भी मारे गए। सेना की मीडिया वर्ग की ओर से अब तक आधिकारिक रूप से 12 विद्रोहियों के मारे जाने की सूचना दी गई है, लेकिन एक अधिकारी ने कहा है कि मारे जाने वाले 21 विद्रोही बलूच लिबरेशन आर्मी मुजाहिद ब्रिगेड के सदस्य थे। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा बलों के मारे जाने की संख्या भी बढ़ सकती है।

पाकिस्तान: टीटीपी में शामिल हो रहे अलकायदा के आतंकी

इस्लामाबाद, एजेंसी

▸▸ निगरानी टीम ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सौंपी रिपोर्ट से किया खुलासा

प्रतिबंधित टीटीपी समूह को पाकिस्तान में हमलों को अंजाम देने के लिए अलकायदा और अन्य आंतकी गुटों से समर्थन मिल रहा है। पाकिस्ताान के एक प्रमुख अखबार ने संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के हवाले से यह बात कही। अखबार ने बताया कि आईएसआईएल और अलकायदा/तालिबान की निगरानी करने वाली एक टीम ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की समिति को 33वीं रिपोर्ट सौंपी।

इस रिपोर्ट में यह जानकारी निकलकर सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगान तालिबान के अलावा, अलकायदा व अन्य आंतकवादी गुटों से तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को हथियारों और उपकरणों का समर्थन मिल रहा है। यही नहीं, इन संगठनों के आतंकवादी पाकिस्तान के खिलाफ आतंकी अभियानों में टीटीपी को ऑन-ग्राउंड समर्थन दे रहे हैं। पाकिस्तान मानता है कि देश के भीतर बड़े आतंकवादी हमलों के लिए टीटीपी जिम्मेदार है। इसको लेकर वह कई बार अफगान तालिबान से अनुरोध कर चुका है कि वह टीटीपी पर लगाम लगाए। लेकिन, टीटीपी ने हमलों को और तेज कर दिया। इस पर पाकिस्तान कई बार अपनी नाराजगी जता चुका है। इसके कारण दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हैं।